हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
mukhyadhara.daily@gmail.com | +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, सोमवार
30.12.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 324
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# मन की बात - संविधान हमारा पथ प्रदर्शक: प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि संविधान हमारा पथ प्रदर्शक है। 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। मन की बात के 117 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा सौंपा गया संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपिसोड में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का विशेष उल्लेख किया और कहा कि अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इसकी विशेषता इसकी विशालता में ही नहीं बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ो संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। उन्होंने बताया कि इस बार कुंभ के आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बोर्ड का भी प्रयोग किया जा रहा है फोन विराम इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में काम से जुड़ी हुई हर जानकारी हासिल की जा सकेगी। स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित एनीमेशन सीरीज जेबीटी-भारत हैं हम के दूसरे सीजन के आने की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों का पसंदीदा कार्यक्रम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन नायकों के बारे में हमें बताता है जिनकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। इसका दूसरा सीजन बड़े खास अंदाज में अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव गोवा में लॉन्च हुआ। भारतीय फ़िल्म जगत की महान हस्तियों का भी अपने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिक्र किया जिनकी इस वर्ष 100वीं जयंती है। उन्होंने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्कीनेनी नागेश्वर राव गारू और तपन सिन्हा का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज कपूर ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। वहीं रफी साहब ने हर तरह के भावों को अपनी आवाज देकर जीवंत किया है। अगले साल भारत में आयोजित होने वाले ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेंट सबमिट यानी वेव्स सबमिट के विषय पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें दुनिया भर के मीडिया और एंटरटेनमेंट उद्योग के दिग्गज और सृजनात्मक दुनिया के लोग भारत आएंगे। यह भारत के दुनिया के कंटेंट क्रिएशन का हब बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने दुनिया भर में भारत की संस्कृति के प्रचार-प्रसार से जुड़े कुछ तथ्य रखे। उन्होंने मिस्र में भारत की संस्कृति पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता और दक्षिण अमेरिकी देश पराग्वे में लोगों की आयुर्वेद के प्रति बढ़ती रुचि का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल को वहीं ट्रेनिंग लिए शिक्षक सिखा रहे हैं। विकास के पथ पर अग्रसर मोहब्बत प्रभावित बस्तर संभाग में आयोजित ओलंपिक के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि 65000 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया यह हमारे युवाओं के संकल्प की गौरव गाथा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। इस उपलब्धि का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कुछ सराहनीय प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने इस संदर्भ में असम में जोरहाट और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुए प्रयासों का उल्लेख किया। आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में मिल रही मदद को प्रधानमंत्री ने गरीबों को संबल देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि अब भारत में समय पर कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। आयुष्मान योजना ने उपचार के 30 दिनों के भीतर ही शुरू कराने में बड़ी भूमिका निभाई है। ओडिशा के कालाहांडी में सब्जी क्रांति अर्थात कालाहांडी का वेजिटेबल हब बनने की उल्लेखनीय उपलब्धि को प्रधानमंत्री ने अपनी मन की बात में शामिल किया। उन्होंने बताया कि कम पानी और कम संसाधनों के बावजूद यहां एक समूह ने मिलकर एफपीओ यानि कृषि उत्पाद संघ की स्थापना की। खेती में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया और आज यह करोड़ों का कारोबार कर रहा है।

**पीएम मोदी की श्रद्धालुओं से अपील:- महाकुंभ में समाज से नफरत और विभाजन को दूर करने का संकल्प लेकर शामिल हों**



## कड़ाके की ठंड लेकर आएगा नूतन वर्ष, सुबह शाम छाएगा घना कोहरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



साल 2024 अब चला चली की बेला में हैं और नया साल 2025 का आगमन होने जा रहा है। इन्ही दोनों सालों के बीच कड़ाके की ठंड भी दस्तक देने जा रही है। हालांकी ठंड का आगमन पहले होगा और तीसरे दिन से नए साल की शुरुआत होगी। पिछले छह वर्षों से नए साल की पूर्व संध्या पर पारा 5 डिग्री सेल्सियस या उससे कम रहा है, जिसमें सबसे कम 2.4 डिग्री 28 दिसंबर 2019 को दर्ज किया गया था। 2007 से अब तक न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे ही रहा है। इस साल भी ऐसा ही रहने की संभावना है, और 31 दिसंबर की शाम/रात को तापमान 6-7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। वहीं, मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ बारिश ने दस्तक दी और पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी हो रही है। वहीं दिल्ली में शीतलहर जारी है। आईएमडी के अनुसार आज न्यूनतम तापमान 9 दर्ज किया गया है। अगले सप्ताह शुष्क और ठंडा मौसम जारी रहेगा। नए साल की पूर्व संध्या पर ठंड और हल्की धुंध छाई रहेगी, जिससे खुले में होने वाले कार्यक्रमों में मुश्किल हो सकती है। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में 30 दिसंबर तक देर रात/सुबह के दौरान घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों में 30 और 31 दिसंबर को शीत लहर से लेकर भीषण शीतलहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। दिल्ली में देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। इसमें आंशिक रूप से बादल छाए रहने और शाम या रात के समय शीतलहर की संभावना है।

**दिसंबर में ठंड और तापमान की स्थिति :** इस दिसंबर का सबसे कम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस, 16 दिसंबर 2024 को दर्ज किया गया था। आमतौर पर, दिसंबर का आखिरी सप्ताह सबसे ठंडा होता है, लेकिन इस बार यह पैटर्न बदल सकता है। पिछले साल न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस (15 दिसंबर) को दर्ज किया गया था। पिछले चार दिनों में न्यूनतम तापमान 8-9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। चक्रवाती परिसंचरण और इससे संबंधित मौसम गतिविधियों के कारण हवाओं के पैटर्न में बदलाव होगा। उत्तरी मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं रुक जाएंगी। लगातार बादल छाए रहने से रात में ठंड कम होगी, और तापमान बढ़कर 10-12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके बाद, तापमान में फिर से गिरावट आएगी और नए साल के जश्न के दौरान काफी ज्यादा ठंड बढ़ जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलकर बैंक के कर्मचारी ने ही खाते से उड़ा दिए 12 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली**। जहां बैंककर्मी ने ही एक कंपनी को चूना लगा दिया। कर्नाटक पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर फॉड के आरोप में एक्सिस बैंक के एक रिलेशनशिप मैनेजर और तीन अन्य को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि रिलेशनशिप मैनेजर ने बेंगलुरु की कंपनी ड्रीमप्लग पेटेक सलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के 12 करोड़ रुपये उड़ा दिए। आरोपियों में रिलेशनशिप मैनेजर वैभव पिथादिया (29 साल), बैंकिंग एजेंट नेहा बेन विपलभाई, इन्श्योरेंस एजेंट और वैभव के साथी शैलेश का नाम है। इसके अलावा इसमें एक कमीशन एजेंट शुभम भी शामिल है। ड्रीमप्लग के एग्जीक्यूटिव नरसिम्हा वसंत शास्त्री की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है। 12 नवंबर को ड्रीमप्लग के अधिकारियों ने जब देखा कि कुछ संदिग्ध ट्रांजैक्शन कंपनी के अकाउंट से किए गए हैं तब उन्होंने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई। जांच में पता चला कि एक्सिस बैंक के दो खातों से 12.2 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। यह ट्रांजैक्शन 29 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच हुआ था।

### महाकुंभ के लिए 13 हजार ट्रेने चलेगी, 10 करोड़ लोगों को पहुंचाएगी प्रयागराज



**प्रयागराज**। यहां आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए भारतीय रेलवे, विशेष रूप से उत्तर मध्य रेलवे, ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस पवित्र आयोजन के दौरान, रेलवे का उद्देश्य लाखों श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और कुशल यात्रा सुविधा प्रदान करना है, जिससे वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंचकर इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। इसे देखते हुए महाकुंभ के दौरान उत्तर मध्य रेलवे 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों में 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां यात्रियों की सेवा में होंगी। इसके अलावा, 3,000 से अधिक विशेष गाड़ियां चलाई जाएंगी। विशेष ट्रेनों में 2,000 आउटवर्ड गाड़ियां होंगी (जिन्हें आयोजन से बाहर जाने के लिए संचालित किया जाएगा), जबकि 800 इनवर्ड गाड़ियां (वापसी की यात्रा के लिए) होंगी। महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ लोगों का ट्रेन से आने का अनुमान है। इसे लेकर रेलवे सुरक्षा और व्यवस्था के सारे इंतजाम कर रही है। प्रयागराज रेल मंडल द्वारा महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए पहली बार सीसीटीवी कैमरों के साथ एफआर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।एफआर कैमरे एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजक तत्वों पर नजर रखने में कारगर हैं। एफआर कैमरे एआई तकनीक से काम करते हैं। फेस रिकॉग्निशन या एआई तकनीक की मदद से चेहरे की पहचान करने में सक्षम होते हैं।

## साउथ कोरिया का विमान हादसा : दो को जीवित बचाया अन्य 179 की मौत



**एजेंसी। सियोल**

दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हुए भयावह विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। जेजू एयर की फ्लाइट 7सी2216, जो बैंकॉक से आ रही थी, लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 179 लोगों की मौत हो गई, जबकि केवल 02 लोगों को जीवित बचाया जा सका है। विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय समयानुसार रविवार सुबह करीब 9 बजे विमान हादसा हुआ, जिसमें दो को बचा लिया गया, जबकि 179 लोगों की मौत हो गई। विमान में 6 क्रू मेंबर्स के साथ कुल 181 यात्री सवार थे। इस हादसे का भयानक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विमान को रनवे से उतरकर फिसलते और दीवार से टकराते हुए आग के गोले में तब्दील होते हुए देखा जा सकता है। दीवार से टकराने के बाद एक जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद विमान के कुछ हिस्सों में आग फैल गई और चंद सेकंड में आसमान काले धुएं के गुबार से भरने लग गया। घटना के संबंध में सूत्रों ने बताया, कि दुर्घटना से कुछ सेकंड पहले विमान ने बेली लैंडिंग (लैंडिंग गियर पूरी तरह बाहर निकाले बिना उतरने का प्रयास) करने की कोशिश की थी। यह प्रयास असफल रहा और विमान रनवे पर फिसल गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट पर लैंड करते समय प्लेन के लैंडिंग गियर में कुछ खराबी आ गई थी, जिस कारण प्लेन को बिना लैंडिंग गियर के लैंड कराना पड़ा। लैंडिंग के बाद प्लेन रनवे पर फिसला और एयरपोर्ट की फैंस (बाउंड्री) से जा टकराया और क्रैश हो गया। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि हादसे के बाद एयरपोर्ट से सभी लोकल और इंटरनेशनल फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया, जो स्थिति सामान्य होने पर दोबारा चालू किया जाएगा। जानकारी अनुसार दुर्घटनाग्रस्त जेजू एयरलाइन का प्लेन अमेरिकी कंपनी बोइंग का 737-800 प्लेन था।

### कनाडा में लैंडिंग करते ही विमान में लगी आग, 200 से ज्यादा यात्री थे सवार

**कनाडा**। कनाडा में हैलिफैक्स के स्टैन्जफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर कनाडा के एक विमान जो मोन्ट्रियल से हैलिफैक्स आ रहा था लैंडिंग से समय उसमें आग लग गई। यह हादसा रविवार को उस समय हुआ जब विमान रनवे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही विमान ने रनवे को छुआ उसमें से धुंआ निकलने लगा और फिर विमान में आग लग गई। लैंडिंग गियर में लगी आग विमान के पंखों तक फैल गई। घटना के बाद तत्काल एयरपोर्ट पर आपातकालीन सेवाएं सक्रिय हो गईं और मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। विमान में मौजूद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए इमरजेंसी शेड्स का इस्तेमाल किया गया। विमान में 200 से ज्यादा यात्री और क्रू मेंबर थे, सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अभी तक किसी भी यात्री या चालक के घायल होने की सूचना नहीं है।

## भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- भारत के रक्षा निर्यात ने पिछले साल के मुकाबले 32.5 फीसदी की छलांग लगाई
- फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है भारत



वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की वृद्धि है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये था। हालिया आंकड़े बताते हैं कि पिछले 10 वर्षों में देश का रक्षा निर्यात 31 गुना बढ़ गया है। अब तक का उच्चतम रक्षा निर्यात हासिल करने में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू ने क्रमशः 60 फीसदी और 40 फीसदी का योगदान दिया है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने अपनी वर्षांत समीक्षा में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यातकों को जारी किए गए निर्यात प्राधिकरणों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में 1,414 निर्यात प्राधिकरणों के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 1,507 हो गई। दो दशकों यानी 2004-24 तक के तुलनात्मक आंकड़ों से पता चलता है कि रक्षा निर्यात में 21 गुना की वृद्धि हुई है। 2004-05 से 2013-14 के दौरान कुल रक्षा निर्यात 4,312 करोड़ रुपये था, जो 2014-15 से 2023-24 की अवधि में बढ़कर 88,319 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी अधिक है। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया है कि 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात करने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी।

### आज भी गूंज रही है धमाकों की आवाज : डब्ल्यूएचओ प्रमुख

**सना**। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेडरोस अदनोम गेब्रेहेसुस ने दावा किया कि वह यमन की हूती विद्रोही-नियंत्रित राजधानी सना के हवाई अड्डे पर हुए इजरायली हवाई हमलों में बाल-बाल बचे थे। टेडरोस का कहना है कि हमलों के बाद उनके कानों में अभी भी आवाज गूंज रही है। उन्होंने कहा कि वह सना हवाई अड्डे पर फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत नागरिकों की सुरक्षा के लिए जो प्रावधान हैं, उनका आदर करना चाहिए। बता दें कि गुरुवार को इजरायल ने सना के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अन्य स्थानों को निशाना बनाया था। इन हमलों को लेकर इजरायल ने कहा था कि वह विद्रोहियों को निशाना बना रहे हैं।

## सन्यासी के बाद वैष्णव अखाड़ों में हुई धर्म ध्वज की स्थापना, अब आव्हान के साथ शुरु होंगे अनुष्ठान

**एजेंसी। प्रयागराज**



यहां के त्रिवेणी मार्ग पर स्थित शिविरों में तीन वैष्णव अखाड़ों की धर्म ध्वजा की स्थापना हुई। इन अखाड़ों में श्री पंच निर्मोही अणि अखाड़ा, श्री पंच निर्वाणी अणि अखाड़ा और श्री पंच दिगंबर अणि अखाड़ा शामिल हैं। इन अखाड़ों के धर्म ध्वजा स्थापना समारोह के साथ-साथ चरण पादुका पूजन भी विधिपूर्वक संपन्न हुआ। महाकुंभ के इस आयोजन में विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा और उनकी ध्वजा की स्थापना की गई, जो अब इन अखाड़ों में प्रमुख रूप से विराजमान हैं। इन ध्वजाओं की स्थापना के बाद अब अखाड़ों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। वहीं तीनों वैष्णव अखाड़ों की धर्म ध्वजा स्थापना भी शनिवार को स्थापित हो गई। ध्वज स्थापना के साथ अखाड़ों में भी महाकुंभ के विभिन्न अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। पंच निर्मोही अग्नि अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास के अनुसार चरण पादुका और धर्म ध्वजा स्थापना के बाद अब अखाड़े में सभी तरह के कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाती है। तीनों अखाड़े में ईष्ट देव भगवान हनुमान जी का प्रवेश हो गया है। तीनों अखाड़े के ईष्ट देव हनुमान जी महाराज हैं।

## कश्मीर का पश्मीना शॉल ऐसा जो अंगूठी से निकल जाए, बनाने में लगता है एक साल

**जयपुर**। जम्मू-कश्मीर का नाम सुनते ही लोगों की आंखों में वहां खूबसूरत वादियां झूलने लगती हैं और लोग वहां जाने का प्लान भी बनाते हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर सिर्फ वादियों और झल झील में शिकारों के लिए ही दुनिया में मशहूर नहीं हैं यहां की कला भी पूरी दुनिया में मशहूर हैं। यहां के गरम पकड़े देश ही नहीं विदशों में काफी पसंद किए जाते हैं उनमें से एक है पश्मीना शॉल जो काफी पसंद किया जाता है जिसे अक्सर बड़े लोग ज्यादा खरीदते हैं क्यों यह बहुत महंगे होते हैं। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एग्जीबीशन लगी। इसमें नूर भट भी पश्मीना शॉल लेकर आए। उन्होंने पश्मीना शॉल की काफी वैरायटी रखीं। मुख्य वैरायटी में पशमीना एक प्लेन शॉल होता है। यह शॉल हाथ से बनाया जाता है। सबसे पहले महिलाएं शॉल बनाने के लिए शिफिंग करती है। उसको वीव करके इसे बनाया जाता है। कश्मीर की पश्मीना शॉल, जिसे कानी शॉल भी कहते हैं। ये शॉल अंगूठी के अंदर से निकल जाती है। इसे बनाना सुई से कुआं खोदने के बराबर होता है। पश्मीना शॉल जयपुर लेकर आए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित नूर भट ने इसका लाइव डेमो दिखाया। उन्होंने बताया पश्मीना शॉल हाथ से बनाया जाता है। पश्मीना शॉल ही अंगूठी से निकल सकती है। दूसरी शॉल इसमें फंस जाएगी। नूर भट ने इस दौरान चांदी से बनी शॉल भी दिखाई। उन्होंने कानी वीव शॉल दिखाते हुए बताया कि इसके लिए उन्हें 2008 में राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुहा है। इसके लिए 2005 में नेशनल मिनिस्टर सर्टिफिकेट मिला। नूर भट ने बताया कि इस शॉल की शुरुआत से लेकर अंतिम रुप देने तक कम से कम 7 महीने से 1 साल का वक्त लगता है। वह पशमीना बेशकीमती होता है। इस शॉल की कीमत 1,20000 रुपए है। यदि आप बड़ा साइज यानी 3 गज का लें तो इसकी कीमत भी डबल हो जाती है। दो से ढाई लाख रुपए का शॉल पड़ता है।



### दिल्ली में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तैयारी देख केजरीवाल के छूटे पसीने

**नई दिल्ली**। दिल्ली में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए कांग्रेस पूरी ताकत लगा रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत प्रत्याशियों को चुनावी रण में उतारने के साथ ही कांग्रेस नेता आम आदमी पार्टी की घेराबंदी करने में जुट चुके हैं। आप नेतृत्व को लेकर तीखी बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार किसी तरह से चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। कांग्रेस के इस बदले हुए आक्रामक रुख ने आम आदमी पार्टी की बेचैनी बढ़ रही है। आप को त्रिकोणीय मुकाबला होने पर भाजपा विरोधी मतों के विभाजन का डर सता रहा है।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### अमन गिरोह के मयंक ने भारतमाला प्रोजेक्ट पर गोलीबारी की ली जिम्मेदारी

**एजेंसी । रांची।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने भारतमाला प्रोजेक्ट पर शनिवार दोपहर को हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बर्बरीक प्रोजेक्ट में जो घटना हुई है, वह उसने कराया है। कंपनी को उसकी ये आखिरी चेतावनी है। कंपनी को क्या लगता है, उसको बिना मैनेज किए आप काम करके नहीं निकल पायेंगे। मयंक सिंह ने लिखा है कि हमको



इग्नोर किये। इसलिए आज आपके कान का पर्दा खोलने के लिए दिवाली मनाये हैं। अगली बार होली खेलेंगे, वो भी खून की। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र स्थित गोला-चारु पथ के बरियातू के समीप शनिवार दोपहर आपराधिक गैंग ने पांच राउंड फायरिंग की थी। इस दौरान अपराधियों ने भारतमाला परियोजना में काम करने वाले कर्मियों को भी काम बंद करने की चेतावनी दी थी।

### ट्रक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराया, तीन घायल

**एजेंसी । कोडरमा।** कोडरमा थाना के कोडरमा घाटी में रविवार की सुबह छड़ लदे एक ट्रक के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रक का चालक, उपचालक और ट्रक पर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार छड़ लोड ट्रक बंगाल से उत्तर प्रदेश के बलिया जा रहा था। इस



दौरान ट्रक कोडरमा घाटी नौवा माइल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बिहार के गोपालगंज निवासी चंद्र मोहन कुमार ( 20), सलमान खान (30) और सफी आलम (25) घायल हो गए। जिन्हें पेट्रोलिंग पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### एसडीओ ही जलाया पत्नी अनिता को : बीपी मेहता



**एजेंसी । हजारीबाग।** हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी की मौत के मामला अब और तूल पकड़ने लगा है। इस संबंध में हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने रविवार को पत्रकारों बातचीत करते हुए हुए कहा कि एसडीओ ही अपनी पत्नी को जलाकर मारा है। यदि खुद जलती तो एसडीओ अशोक परिजनों को इसकी जानकारी देता। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं सबसे पहले आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग, उसके बाद बोकारो, फिर मेदांता रांची तब जाकर देवकमल में भर्ती कराया। पत्नी के जल जाने की खबर ना हजारीबाग, ना बोकारो और ना रांची में किसी अधिकारी को दी। इससे साफ जाहिर होता है कि एसडीओ ही अपनी पत्नी को जलाकर मार दिया है। मेहता ने यह भी कहा कि घटना के दो दिन पूर्व एसडीओ दोनों बच्चों को अपने घर भेज दिया था। तब जाकर घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बारे यह भी कहा कि यदि इस तरह की घटना आम लोगों के जरिये किया जाता तो उसे प्रशासन के जरिये करवाई तुरंत कर दिया जाता है। लेकिन एसडीओ के कारण अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं मैं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करता हूं कि पत्नी के हत्यारे एसडीओ की अभिलंब गिरफ्तारी हो और उसे जेल भेज दिया जाए। साथ ही साथ हजारीबाग एसपी से भी एसडीओ की गिरफ्तारी की मांग मेहता ने की है। मौके पर गणेश वर्मा ,निजाम अंसारी और मो हकीम सहित कई मौजूद थे।

### सेवाभारती ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**एजेंसी । लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के जरिये चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का रविवार को आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,सहसचिव संजय चौधरी,राजीव यादव ने संयुक्त रूप



से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 54 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मशीन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**एजेंसी । कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत डोईयाडीह में रविवार की सुबह कुटी काटने वाले मशीन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को परिजन इलाज के लिए कोडरमा के सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान डोईयाडीह निवासी अनिल साव (42) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह अनिल अपने घर के समीप कुटी मशीन से पुआल की कटिंग कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर स्लिप हो जाने पर वह मशीन की चपेट में आ गए और उनका एक हाथ मशीन में फंसकर कट गया। इसके बाद लोगों ने आनन फानन में मशीन को बंद किया और गंभीर रूप से घायल अनिल को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अनिता को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च और मशाल जुलूस का आयोजन

**एजेंसी । हजारीबाग**

जब रक्षा करने वाला ही भक्षक बन जाए तो सड़क पर उतरना ही पड़ेगा। इस भावना के साथ रविवार को बुढ़वा महादेव प्रांगण से एक ऐतिहासिक कैंडल मार्च और मशाल जुलूस निकाला गया। शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए झंडा चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां पर अनिता कुमारी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी ने उन्हें नमन किया। यह आयोजन एसडीएम अशोक कुमार की धर्मपत्नी अनिता कुमारी को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर किया गया। इस घटना ने न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। जुलूस का नेतृत्व सदर विधायक प्रदीप



प्रसाद ने किया। चतरा विधायक जनार्दन पासवान भी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,मंडल अध्यक्ष, सैकड़ों कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक इस मार्च में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में आरोपित की जल्द गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा की मांग की। गत 26 दिसंबर को सुबह करीब 7.30 से 8.00 बजे के बीच हजारीबाग एसडीएम आवास पर अनिता कुमारी जलने की घटना हुई। गंभीर हालत में उन्हें पहले शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया, फिर बोकारो और अंततः रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 27 दिसंबर की रात 3:30 बजे अनिता कुमारी ने दम तोड़ दिया। इस घटना से पूरे शहर में आक्रोश फैल गया। शनिवार को रांची में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने हजारीबाग में संबंधित थाने में आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों के साथ-साथ हजारीबाग की जनता ने भी इस घटना को महिला सम्मान और न्याय से जुड़ा मामला मानते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवाज बुलंद की। रविवार को आयोजित कैंडल मार्च और मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। सभी ने भावुक होकर शहर की बहू-बेटी के साथ हुए इस अमानवीय अत्याचार पर गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त किया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा यह केवल अनिता कुमारी के परिवार का मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की बेटी का सम्मान और सुरक्षा का सवाल है। दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। यह सिर्फ अनिता कुमारी का मामला नहीं है, यह पूरे समाज की बहू-बेटी के सम्मान और सुरक्षा का सवाल है। जब तक दोषियों को फांसी नहीं दी जाती, हम चैन से नहीं बैठेंगे, सड़क से लेकर सदन तक इस बात को बुलंद किया जाएगा। साथ ही कहा की यह घटना समाज पर एक काला धब्बा है। हम सुनिश्चित करेंगे कि अनिता कुमारी को न्याय मिले और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए,हमारी बेटियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। इस मामले में पुलिस और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। आरोपित की तत्काल गिरफ्तारी,दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए। घटना के कारणों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई की जाए। कड़ी सजा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोषियों को उदाहरणात्मक सजा दी जाए। कैंडल मार्च ने एक संदेश दिया कि महिलाएं केवल परिवार नहीं, समाज की धरोहर हैं। उनका सम्मान और सुरक्षा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। चतरा जनार्दन पासवान ने कहा की यह घटना न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी पीड़ा का विषय है। अनिता कुमारी के साथ हुए इस अमानवीय कृत्य ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख दिया है। यह आंदोलन न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। जब तक आरोपित को गिरफ्तार कर उसे फांसी की सजा नहीं दिलाई जाती, हम चैन से नहीं बैठेंगे। यह लड़ाई केवल अनिता कुमारी के लिए नहीं, बल्कि समाज की हर बहू-बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए है।

## पीएलएफआई के नाम पर भाजपा नेता रमेश को आया फोन कॉल, सहयोग न करने पर कार्रवाई की दी धमकी

**एजेंसी । रांची**

राजधानी रांची के बिल्डर और भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश सिंह को पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के नाम पर फोन करके संगठन की मदद करने की बात कही गई है। इस संबंध में रमेश सिंह ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रमेश ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि शनिवार को उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पीएलएफआई संगठन से जुड़े होने की बात कही। साथ ही उसने कहा कि संगठन के कमांडर सहित सदस्यों की नजर उन पर है। संगठन को सहयोग करें। संगठन भी आपका सहयोग करेगा। साथ ही धमकी दी गई कि यदि संगठन को सहयोग नहीं किया गया तो फिर उनके खिलाफ संगठन कार्रवाई करेगा। बताया




गया है कि रमेश सिंह को जिस सिम कार्ड का प्रयोग कर फोन किया गया था, उसका लोकेशन बंगाल में मिला है। पीएलएफआई के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति ने इस बार न इंटरनेट कॉल का प्रयोग किया और न ही व्हाट्सएप कॉल का, उसने सीधे मोबाइल नंबर से फोन करके संगठन को मदद करने की बात रमेश सिंह से की। इस बाबत सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। इस मामले में पुलिस टेक्निकल सेल की भी मदद ले रही है। भाजपा नेता को जिस नंबर से कॉल आया था, उसकी भी जानकारी एकत्र की जा रही है।

## दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को नौ महीनों से नहीं मिल रही छात्रवृति : बाबूलाल मरांडी

**एजेंसी । रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में 34 लाख दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति पिछले नौ महीनों से नहीं मिल रही है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। मरांडी ने कहा है कि ग्रीन राशनकार्ड धारकों का अनाज सात महीने से बकाया है, जिससे गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार मंईयां सम्मान योजना के भुगतान के लिए बच्चों की छात्रवृत्ति, बुजुर्गों की पेंशन और गरीबों के राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं को छीनने पर मजबूर हो गई है। विभागों की राशि सरेंडर करा कर विकास योजनाओं को रोक दिया गया है, जिससे राज्य में विकास की गति पूरी तरह ठहर गई है। मरांडी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आर्थिक कुप्रबंधन और प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है, जो झारखंड के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। समाज के एक वर्ग को संतुष्ट करने के लिए बाकी सारे वर्ग के अधिकारों की बलि चढ़ा देना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री, बच्चों की छात्रवृत्ति और गरीबों के राशन का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर



न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

## सिंङबोंगा की स्तुति से बढ़ती है श्रद्धा-भक्ति : धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा

**एजेंसी । खूंटी**

मुरहू के बालोः गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का ग्यारहवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। लुथड़ू मुंडा, विश्राम मुंडा और मंगरा बारेजो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि सिंङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति और श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम एवं भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच एवं अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं। हमें इसके लिए सदा



धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम एवं भाईचारा के साथ रहना चाहिए। सिङबोंगा की स्तुति के साथ मनुष्य, जीव-जंतु एवं सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है। इस अवसर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरा है। वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया, बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। आज हम उसी धर्म-संस्कृति एवं जल-जंगल-जमीन के संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं। अतः सरना कोड के लिए महापुरुषों से संकल्प लेकर डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, मादू बारला, डॉ सीताराम मुंडा, बिरसा कंडीर, करमू हेमरोम, बिरसा तोपनो, चोंगे मुंडा, किरण मुंडा, दुलारी बारला, सुनील गुड़िया, सुमित गुड़िया सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में तोरपा, तपकारा, कमडारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, गुमला, रांची आदि जगहों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

## तिलकुट की सौंधी खुशबू से महकने लगा बाजार

**एजेंसी । हजारीबाग**

तिलकुट की सौंधी खुशबू से पूरा शहर महकने लगा है। मकर संक्राति के नजदीक आते ही ठंड में भी तिलकुट का बाजार गर्म है। बिहार के कारीगरों के जरिए तिलकुट तैयार किया जा रहा है। इन दिनों यहां के बाजारों में तिलकुट की सौंधी खुशबू से वातावरण महक उठा है। मेन रोड, इन्द्रपुरी चौक, कल्लू चौक सहित



कई स्थानों में तिलकुट बनाने का काम किया जा रहा है। दरअसल मकर संक्राति पर चूड़ा -दही के साथ तिल खाने की परंपरा है। ऐसे में हर सनातन धर्म के लोग यहां संक्राति को लेकर तिलकुट की खरीदारी करते हैं। तिलकुट व्यापारी मानकी साव ने बताया कि यहां तिलकुट की थोक और खुदरा का व्यापार किया जाता है। 175 रूपये से लेकर पांच सौ रूपये तक का तिलकुट उपलब्ध है। हर साल की तरह इस बार भी शुगर के मरीजों को ख्याल में रखते हुए शुगर फ्री तिलकुट बनाया गया है। तिलकुट के अलावे बादाम पट्टी, लड्डू बादाम भी उपलब्ध है। हमारे दुकान की तिलकुट चतरा, सिमरिया, कोडरमा, बडकागांव सहित कई क्षेत्रों में बिक्री की जाती है। यहां हॉलसेल से लेकर रिटेल तक की सुविधा उपलब्ध है।

## चेतन महतो गोलीकांड मामले में एक और शूटर गिरफ्तार



**एजेंसी । धनबाद**

चेतन साव गोली कांड मामले में धनबाद पुलिस को रविवार को एक और सफलता हाथ लगी है। दरअसल चेतन साव पर गोली चलाने वाला मोस्टवांटेड प्रिंस खान का गुर्गा फजल उर्फ फैजल खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। रविवार को इस संबंध में धनबाद के बरवाअड्डा थाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिटी एसपी अजित कुमार ने बताया कि बीते 13 दिसंबर की शाम बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह में अज्ञात अपराधियों द्वारा सीमेंट व्यपारी चेतन महतो को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इसमे अनुसंधान के दौरान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के ही कल्याणपुर से एक और शूटर को गिरफ्तार किया गया है। इसके निशानदेही पर घटना में उपयोग किया गया पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। गिरफ्तार अपराधी फजल उर्फ फैजल खान (25) जो अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का रहने वाला है उसका पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। फिलहाल यह धनबाद में प्रिंस खान के लिए काम कर रहा था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इस मामले में प्रिंस खान के छह शूटर गिरफ्तार हो चुके है, जो प्रिंस खान के इशारे पर गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

## हाथियों के झुंड ने बुजुर्ग महिला की ली जान, मौत की संख्या हुई आठ

**एजेंसी । पलामू**

पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र वाले इलाकों में कोहराम मचा रहे गजराजों के झुंड ने शनिवार की रात एक महिला को कुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान भंडरिया के कोरहटी निवासी भगमनिया कोरइन(65 ) के रूप में की गयी। सूचना के बाद रविवार को वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। ग्रामीण बताते हैं कि भंडरिया बाजार से लौटने के बाद उक्त महिला देर रात तक घर नही पहुंची, जंगल किनारे अपने रिश्तेदार के यहां चली गयी। इसी बीच घर जाने के दौरान हाथियों



के झुंड ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। भंडरिया मुख्यालय में हुई घटना से पहले शनिवार की देर शाम हाथियों के झुंड का भंडरिया के जंगलों में होने की जानकारी के बाद वन विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया था। इसके अलावे सायरन बजाकर वन विभाग ने भंडरिया के लोगों को जागरूक किया, लेकिन महिला की जान चली गयी। इस तरह शनिवार की रात हुई मौत के बाद हाथियों से मौत की संख्या आठ हो गयी। इसके पूर्व हाथियों के झुंड ने इस वर्ष में सात लोगों की जान ले ली है इनमें बलिगढ़ के नागेश्वर सिंह, परRो के सुभाष सिंह, महरु डीलर, जोन्हीखांड़ में चुटिया के रामशकल सिंह, बैरिया की स्वाति मिंज व रमकंडा के ऊपरटोला निवासी सीताराम मोची सहित अन्य शामिल है।

RNI : JHAHIN/2014/54374

**संक्षिप्त समाचार**

## चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रची कामयाबी की नई इबारत

### चार्टर्ड एकाउटेंट की परीक्षा में ऋत्विक सहित चार विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** झारखंड में शिक्षा की राजधानी मानी जाने वाली इस्पातनगरी बोकारो के होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर कामयाबी की नई इबारत रची है। वाणिज्य क्षेत्र में कठिनतम मानी जानेवाली सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउटेंट) की परीक्षा में चिन्मय विद्यालय का छात्र रहे ऋतिक जैन ने देशभर में 48वां स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल, शहर और पूरे झारखंड का मान एक बार फिर बढ़ाया है। पांच साल के कठिन परिश्रम के बाद अपने पहले ही प्रयास में ऋतिक ने सीए की परीक्षा पास करने में सफलता हासिल की।

इसके अलावा, चिन्मय विद्यालय के उमंग बंसल, नेहा बुधिया एवं दीपा रानी ने भी इसमें सफलता प्राप्त की। उमंग बंसल ने 2020 में 94.40 प्रतिशत, नेहा बुधिया ने 2019 में 97.75 प्रतिशत तथा दीपा रानी ने 2017 में 95.8%से पास कर विद्यालय सहित झारखंड का नाम रोशन किया था। विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जब विद्यार्थी अपनी मेहनत, लगन और एकाग्रता से लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता है तो उसे सफल होने से कोई भी रोक सकता है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

उधर, सफल छात्रों ने अपनी इस अनोखी उपलब्धि के लिए अभिभावकों, शिक्षकों एवं अपनी एकाग्रता को दिया। साथ ही स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय ने सभी सफल छात्र छात्राओं को उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं एकाग्रता से प्राप्त सफलता के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। उपप्राचार्य नरर्मेन्द्र कुमार, निशांत सिंह, निशा सिंहा, डॉ नमिता शर्मा, संजीव सिंह एवं सभी वरीय शिक्षकों भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दीं।

## सब्जी मार्केट से मोबाइल बाइक सहित दो बाइक की चोरी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित साप्ताहिक सब्जी मार्केट से रविवार को एक बाइक सहित दो मोबाइल की चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया। पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुडगड्डा निवासी सुनील कुमार अपनी हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल नंबर-जेएच09एजी 0625 स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया के समीप सड़क किनारे खड़ी कर सब्जी लेने गया। वापस लौटने पर देखा कि एक व्यक्ति बाइक लेकर स्टार्ट कर लेकर जा रहा है। बाइक के पीछे उसे पकड़ने के लिए दौड़ा, लेकिन वह व्यक्ति बाइक लेकर रेलवे स्टेशन रोड की ओर भाग गया। बाद में सुनील कुमार ने स्थानीय थाना को लिखित सूचना दी। इसी तरह रविवार को सब्जी मार्केट से ही मोबाइल चोरों ने एक डीवीसी कर्मचारी तरसेम सिंह एवं एक सीसीएल कर्मी बिशेश्वर पासवान की मोबाइल सब्जी खरीदने के दौरान शर्ट की ऊपरी जेब से चोरी कर ली। बाद में दोनों कर्मियों ने स्थानीय थाना को लिखित सूचना दी।

## घायल ज्वेलरी व्यवसायी की आसनसोल ले जाने के क्रम में मौत



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः दुमका ।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के पहरुडीह गांव निवासी 26 वर्षीय जेवर व्यवसायी संजय राणा की मौत के बाद रविवार पूरा दिन आसनसोल से उसके पार्थिव शरीर के आने की प्रतीक्षा में परिजन और ग्रामीण परेशान दिखे। गत शनिवार की शाम को अपराधियों ने छिनतई के क्रम में उन्हें गोली मार दी थी। गोली किडनी लिवर तक को डैमेज कर चुका था। उनके बहनोई रवि कुमार ने बताया कि संजय को किसी से कोई लेना देना नहीं था और ना ही किसी से कोई दुश्मनी थी। उनकी शादी कोरोना के वर्ष 2020 को मसलिया थाना क्षेत्र के ही गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव के अरुण राणा की एकलौती बेटी खुशबू के साथ हुई थी। उनका तीन वर्षीय का एक बेटा आदित्य राणा भी है। कम उम्र में ही अपने परिवार का बोझ अपने कंधे में लेकर बड़ी उम्मीद से आश्रम मोड़ चापुड़िया में एक भाड़े पर कमरा लेकर ज्वेलरी का धंधा शुरू किया था। दिन भर ज्वेलरी दुकान में रहने के बाद रात को रोज की तरह सारा सामान लेकर वह दुकान से दो किलोमीटर दूर गांव पहरुडीह जा रहा था। जैसे ही वह केवल मोहलबना गांव के नीचे मोड़ के पास पहुंचा अपराधियों ने उसके बाइक को रोक कर छिनतई के दौरान गोली मार दिया। गोली की आवाज लोगों को सुनाई नहीं दे इसके लिए कमर के पास सटाकर गोली मारा। मरने से पहले संजय बस एक ही बात कह रहा था कि मैं बहुत लड़ा पर मैं उससे सका नहीं। मुझे धोखे से गोली मार दिया। संजय राणा के पिता मनबोध राणा, छोटा भाई मुकेश राणा, पत्नी मां एवं पूरा समाज उनके साथ इस घटना को अंजाम देने वालों को सलाखों के पीछे देखने के लिए पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में मसलिया थाना प्रभारी अनिल कुमार टुडू ने बताया कि इस मामले में एसआईटी टीम गठित कर छानबीन की जा रही है।

# कसमार : मृगखोह में टूसू मेला को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** कसमार प्रखंड के प्रसिद्ध मृग खोह में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित टूसू मेला को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक संजय कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी भव्य तरीके से आयोजित करने और उसे सफल बनाने की चर्चा की गयी। मेला में इस बार राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त झूमर कलाकार हेमली कुमारी एवं बाल कलाकार अश्विनी कुमार का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मेला में आने वालों की सुविधाओं के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी तय की गयी। बैठक में मेला को सफल बनाने के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। इसके तहत सुजीत कुमार महतो अध्यक्ष, सरोज कुमार महतो उपाध्यक्ष, दिनेश्वर कुमार महतो सचिव, पंचानन महतो उपसचिव, काशीनाथ महतो कोषाध्यक्ष, शिवचरण महतो उपकोषाध्यक्ष तथा गिरिधारी महतो, निमाय महतो, अजीम महतो, मनोज महतो, हीरालाल महतो, धनंजय महतो, चंद्रकांत महतो, अजित महतो, सूरज महतो, प्रकाश महतो, रूपेश महतो, सुभाष महतो, दीनानाथ महतो कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये हैं। जबकि, निगरानी समिति में कुलदीप कुमार करमाली, संजय कुमार महतो, गणेश करमाली, प्रतिमा देवी, अमृत महतो, मनोज महतो, तीजन महतो, हेमंत महतो, जलेश्वर महतो, देवशरण महतो, धुर्वा महतो, कालीचरण महतो, चंद्र मोहन महतो, केदारनाथ महतो, दुर्गा चरण महतो, देवेंद्र महतो, दिनेश महतो, उमेश महतो और सतीश महतो शामिल किये गये हैं।

## विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बालीडीह स्थित गरगा डैम में विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति, बालीडीह की ओर से पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोकारो जिले के सभी विश्वकर्मा परिवार के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बच्चू लाल शर्मा ने की, जिन्होंने अतिथियों का स्वागत किया। समाज के सभी लोगों ने एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में संतोष विश्वकर्मा, प्रह्लाद शर्मा, रामचंद्र शर्मा, राम विनय शर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, इंद्रदेव शर्मा, मनोज शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, संजय शर्मा, रामेश्वर शर्मा व्यास, राजदेव शर्मा, अशोक शर्मा, सरोज शर्मा, मुन्ना शर्मा, प्रकाश शर्मा, रतन लाल विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा सहित समाज के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज में एकजुटता पर जोर दिया एवं आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पाथुरिया में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत



राष्ट्रीय मुख्यधारा

### टूर्नामेंट के पहले दिन तीन टीमें पहुंची सेमीफाइनल में

**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के गायछंदा पंचायत के पाथुरिया स्थित स्कूल ग्राउंड में पाथुरिया प्रीमियर लीग (पीपीएल) की ओर से रविवार को दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान टूर्नामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी शुभम बनर्जी ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें पहले मैच में गायछंदा की टीम ने कोलटांड़ को पराजित किया। खेले गए दूसरे मैच में तीरो की टीम ने नाटाटांड़ एवं तीसरे मैच में पाथुरिया की टीम ने धोवाटांड़ को पराजित किया। मैच का फाइनल खेल सोमवार को होगा।

इस दौरान खेल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि शुभम बनर्जी समेत अन्य दर्जनों लोगों ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शुभम ने बताया कि

देश मे विकासशील राजनीति और गवर्नेंस के पुरोधा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने निःस्वार्थ भाव के साथ देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था। आज मनमोहन सिंह हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

इस अवसर पर आयोजन समिति के शुभम बनर्जी, शुभाशीष मुखर्जी, सोनू चटर्जी, सोमू चटर्जी, प्रदीप, चटर्जी, राणा चटर्जी, सप्तम चटर्जी, दीपक महतो समेत अन्य खेलप्रेमी मौजूद थे।

## प्रोत्साहन राशि व मोबाइल सुविधा की मांग को लेकर मंत्री से मिली जलसहिया संघ



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** झारखंड जल सहिया कर्मचारी संघ के तत्वावधान में रविवार को कसमार प्रखंड की जलसहिया राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मध निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान जलसहियो ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद से बकाया मानदेय का भुगतान के साथ मोबाईल सुविधा राशि का भुगतान जल्द करवाने की मांग की। जलसहिया संघ की मीना देवी, वीणा देवी, कौशल्या देवी, ललीता देवी व रेणु देवी ने मंत्री को बताया कि जिले के तेनुघाट अनुमंडल में स्थित कसमार प्रखंड की सैकड़ों जलसहिया का विगत कई महीनों का प्रोत्साहन राशि व मोबाईल राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि अन्य जिलों में राशि का भुगतान हो चुकी है। सिर्फ जिले के कसमार प्रखंड के तेनुघाट प्रमंडल में विभाग की लापरवाही व मनमानी के कारण अभी तक राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण सभी के घरों में विकट स्थिति पैदा हो गई है। मामले में मंत्री ने सभी जलसहियो को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले में जल्द पहल की जाएगी। विभाग के पदाधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए राशि का भुगतान करने की पहल करेंगे। मौके पर रोहिणी देवी, डोली देवी, बसंती देवी, लतीका देवी सहित अन्य जलसहिया मौजूद थी।

# भव्य साहित्यिक समारोह के साथ मना साहित्यलोक का 33वां स्थापना दिवस

राष्ट्रीय मुख्यधारा

### तनाव कम करने में साहित्य, संगीत व कला सहायक : प्रांजल ढांडा



**बोकारो :** बोकारो की चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक का 33वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी व एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) व मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरि मोहन झा, मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पूर्व महासचिव अविनाश कुमार झा, वरिष्ठ साहित्यकार सुखनंदन सिंह सदय, बुद्धिनाथ झा, साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सचिव पी के झा चंदन ने मां सरस्वती की तस्वीर व महाकवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मिथिला महिला समिति की अंजु झा व सबिता मिश्रा ने महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि... व आंचल पाठक ने मैथिली पुत्र प्रदीप की रचना भगवती गीत जगदंब अहीं अवलंब हमर हे माय अहां बिनु आस ककर.. की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं कुछ वरिष्ठ साहित्यकारों बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक सुधापति, पं उदय कुमार झा, रणधीर चन्द्र गोस्वामी, नीलम झा, कोलकाता से आये कवि डॉ सन्तोष कुमार झा व धनबाद से आईं कवयित्री पूनम झा को सम्मानित किया गया। अतिथियों व साहित्यकारों ने अमन कुमार झा की मैथिली नाट्य पुस्तक भेंट का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि प्रांजल ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्यलोक के 33वें स्थापना दिवस समारोह में आकर उन्हें काफी प्रसन्नता का अनुभव हुआ है। साहित्य, संगीत व कला से व्यक्ति का तनाव कम होता है। समाज में सकारात्मकता के विकास में साहित्य व कला सहायक है। उन्होंने मैथिली नाटक भेंट पुस्तक के प्रकाशन पर लेखक अमन झा को बधाई दी। डीईओ जगरनाथ लोहरा ने कहा कि साहित्य मानव जीवन के लिए जरूरी है। साहित्य के विकास में साहित्यलोक का योगदान प्रशंसनीय है। बीएसएल के सीजीएम हरि मोहन झा ने कहा कि आदमी के विकास में भाषा का बहुत अधिक महत्व है। साहित्य का स्थान बहुत ऊंचा है।साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। उन्होंने नयी पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने पर बल दिया।

वरिष्ठ रंगकर्मी बटोही कुमार व कवयित्री शैलजा झा ने नाटक भेंट के कथ्य, शिल्प व संदेश के बारे में बताया और इस पुस्तक की सराहना की। शिक्षिका व साहित्यकार डॉ निरुपमा झा ने वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा के लेखकीय व्यक्तित्व पर आलेख पाठ किया। बुद्धिनाथ झा ने साहित्यलोक की स्थापना की पृष्ठभूमि सहित पिछले 32 वर्षों के सफर पर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्यलोक ने बोकारो के साहित्य को उर्वरा बनाने में महती भूमिका निभाई है। वरिष्ठ शिक्षाविद् व समीक्षक तुला नन्द मिश्र, साहित्यकार बुद्धिनाथ झा व गिरिजा नंद झा अर्धनारीश्वर द्वारा 31 दिसंबर 1992 को साहित्यलोक की स्थापना की गयी थी।

मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी व मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सहयोग से आयोजित इस समारोह में भव्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता बुद्धिनाथ झा ने की। साहित्यकार सुखनंदन सिंह सदय, विजय शंकर मल्लिक सुधापति, अमीरी नाथ झा अमर, उदय कुमार झा, रणधीर चन्द्र गोस्वामी, अमन कुमार झा, राजेन्द्र कुमार, डॉ संतोष कुमार झा, राजीव कंठ, अरुण पाठक, करुणा कलिका, नीलम झा, शैलजा झा, पूनम झा, प्रदीप कुमार दीपक आदि ने अपनी रचनाओं से सभी की सराहना पाई। मंच संचालन राजेन्द्र कुमार व डॉ संतोष कुमार झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शंभु झा ने किया। समारोह में डॉ के एन झा, शंभु नाथ झा, श्रवण कुमार झा, सुधा मल्लिक, शैलेंद्र झा, अमरनाथ झा, रमेश प्रसाद, शारदा प्रसाद, अमरजीत चौधरी, ऋषिकेश चौधरी, संतोष कुमार, विश्वनाथ गोस्वामी, अभय कुमार झा आदि उपस्थित थे।

## इंडिया वर्ल्ड फाउंडेशन की झारखंड इकाई द्वारा काव्य-गोष्ठी का आयोजन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** इंडिया वर्ल्ड फाउंडेशन की झारखंड इकाई की ओर से बोकारो में राज्य संयोजिका कनक लता राय के दिशा-निर्देशन में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य-पाठ का शुभारंभ करुणा कलिका की सरस्वती वंदना से किया हुआ।

कनक लता राय के मंच संचालन एवं डॉ परमेश्वर भारती की अध्यक्षता के साथ ही कवि एवं कवयित्रियों के काव्य-पाठ द्वारा काव्य रसधारा बही। सुधा रानी ने विस्मृतियों के दरख्त शीर्षक कविता, गीता सिंह ने अनवरत चलता ये जीवन, डॉक्टर आशा पुष्प ने शिकायत समय से, अनिता किरण ने मन बावरे, कस्तूरी सिन्हा ने ओ री गुड़िया, कल्पना केसर ने तपस्वी राम, अमृता शर्मा ने मैं गीत हूं, करुणा कलिका ने मूर्त्त रूप ना दे सका जो, कनक लता राय ने ज़ख्म एवं डॉ. परमेश्वर भारती ने देश पर गुमान शीर्षक कविता का पाठ किया। साथ ही कृपानंद सिन्हा ने गीत गाकर सबको झुमाया। कस्तूरी सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन कर काव्य-पाठ का समापन किया।

# विकसित बोकारो विषय पर संगोष्ठी हुई परिचर्चा, सांसद ने दिलाया समस्या समाधान का भरोसा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में विकसित बोकारो विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन हंस रीजेंसी के सभागार में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। बोकारो के विकास एवं समस्याओं के विषय में सांसद को एक ज्ञापन चैंबर की तरफ से संरक्षक संजय बैद ने दिया तथा सांसद श्री महतो से पूर्व में बोकारो रेलवे स्टेशन पर कार्यरत वाशिंग लाइन, जिसे तोड़ दिया गया, जिसकी वजह से ट्रेनों का विस्तार बोकारो तक नहीं हो पा रहा है, उसे चालू करवाने की मांग की गई। साथ ही, हटिया एवं पुणे एक्सप्रेस हटिया यशवंतपुर एवं हटिया लोकमान्य तिलक का विस्तार बोकारो तक करवाने एवं उनके फेरे में वृद्धि करने, चास रेलवे स्टेशन एवं बोकारो इस्पात नगर रेलवे स्टेशन को विकसित कर यहां से पैसेंजर ट्रेन चलवाने, बोकारो में बढ़ते रेलवे यातायात को देखते हुए प्लेटफार्म की संख्या बढ़वाने, यात्रिओं की सुविधा को देखते हुए बोकारो रेलवे स्टेशन को आद्रा मंडल से हटकर रांची रेलवे मंडल में लाने की मांगें भी की गईं। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि चैंबर सिर्फ व्यापारियों की समस्याओं की बात नहीं करता है, बल्कि समाज के सभी वर्गों की आवाज उठाता है। बोकारो इस्पात संयंत्र में निर्मित स्टील गाजियाबाद में सस्ता एवं बोकारो में महंगा मिलता है, जिसके कारण बोकारो में इस्पात आधारित उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहा है। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाए। बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा उत्पादित सेकेंडरी प्रोडक्ट को प्राथमिकता के आधार पर बोकारो जिले के उद्यमीयो को उपलब्ध करवाया जाए। बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना के समय 10 मिलियन तन की क्षमता के हिसाब से भूमि अधिग्रहण किया गया था, परंतु सिर्फ 4 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता के प्लांट लगा पाया है, इसकी क्षमता बढ़ाई जाए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने सांसद से अनुरोध किया कि बोकारो इस्पात प्रबंधन के द्वारा सिटी सेंटर एवं बोकारो शहरी क्षेत्र में लीज रेंट एवं प्रतिबंध ट्रेड परिवर्तन के नाम पर प्लॉटधारी एवं व्यवसाईयों को प्रताड़ित किये जाने पर रोक लगवाने की मांग की। सांसद श्री महतो ने सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि जल्द ही इस्पात मंत्री, रेलवे मंत्री से वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा। मौके पर विस्थापित समय समिति के संयोजक साधु शरण गोप, आशीष गोराई, मुकेश राय, राजेश राय, बिनोद कुमार गुप्ता, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ पारीख, सुभाष जैन, काशीनाथ सिंह, शैलेंद्र जायसवाल, अंकित चोपड़ा, सिद्धार्थ जैन, अजय केडिया ,कमलेश जायसवाल, ज्ञानचंद जायसवाल, ब्रह्मदेव गुप्ता, पुनीत जौहर, जयप्रकाश सिंह, राजेश्वर पहाड़ी, राम अयोध्या सिंह, अनूप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जयंत सेठ, अनूप अग्रवाल, गौतम जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा पलटने पर तीन लोग घायल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज/राजमहलः** तीनपहाड़ राजमहल मुख मार्ग पर कोठी बगीचा के पास शनिवार की देर शाम एक ई-रिक्शा पलटने से तीन लोग घायल हो गए। हादसे में ई रिक्शा चालक सहित दो अन्य सवारी घायल है। जानकारी के अनुसार ई रिक्शा चालक सोनू यादव 25 वर्षीय तीनपहाड़ स्टेशन से यात्री लेकर राजमहल आ रहा था। इसी क्रम में कोठी बगीचा के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। घटना में सवार कासिम बाजार के संतोष जैन 58 वर्षीय, नील कोठी के दिव्या कुमारी 26 वर्षीय घायल हो गए।



मौके पर थाना से पुलिस ने पहुंच कर घायलों को राजमहल अनुमंडल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

### झारखंड शेरशाहवादी सोसाइटी के प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन हेतु बैठक

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बरहरवाः** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार को श्रीकुंड हाई स्कूल मैदान में कामरेड इक़बाल की अध्यक्षता में झारखंड शेरशाहवादी सोसायटी के प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन हेतु एक बैठक किया गया। जिसमें निम्न व्याक्तियों को कमेटी में सर्वसम्मति से शामिल किया गया। प्रखंड कमेटी का अध्यक्ष मो० आजमाइल, उपाध्यक्ष नूर नबी, सचिव शाहीन अख्तर, उपसचिव मुस्ताफेजुर रहमान, कोषाध्यक्ष शकील अहमद एवं मिडिया प्रभारी मोक्तादा हसन वो इंतेखाब आलम को पदभार दिया गया और निम्न व्याक्तियों को प्रखंड कमेटी के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जो निम्न प्रकार है अब्दुर रहमान, मसूद आलम, सोयेब अख्तर, सनाउल्लाह, मनिरुल इस्लाम, सैफुल इस्लाम, परवेज आलम, रबिउल इस्लाम, तोफाइल इस्लाम, मिजानुर रहमान को शामिल किया गया। उद्देश्य के साथ ही आगे के कार्यक्रम पर प्रस्ताव लिया गया।



जिसमें निम्न व्याक्तियों ने बैठक में मुसा, कैफुल इस्लाम, मुखिया इस्तियाक आलम, रफिकुल इस्लाम एवं दिगर शेरशाहवादी सोसायटी के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का उद्घाटन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में कंबाइंड इलेवन वन ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया।वहीं नार्थ कॉलोनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.4 ओवर में 228 रन बना कर ऑल आउट हो गई।सौरभ कुमार ने 37,मतीउर रहमान अज़हर ने 24,आनंद मोहन ने 22 व सतीश कुमार हरिजन ने 85 रनों की पारी खेली।कंबाइंड के इलेवन वन के गेंदबाज शहादत शेख़ ने 3 व राकेश कुमार ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन वन की टीम 28.5 ओवर में 138 रन बना कर ऑल आउट हो गई। नॉर्थ कॉलोनी के गेंदबाज अंकित, अमित ने 3-3 व मतीउर रहमान ने 2 विकेट लिए।नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब ने 90 रनों से जीत दर्ज की। नार्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज सतीश कुमार हरिजन को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि सुधीर राणा ने सतीश को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।



मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया।

### जयराम महतो की दादी पोते के विधायक बनने के बाद भी बेचती हैं सब्जी, तस्वीर हो रही वायरल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः राँचीः** जेएलकेएम प्रमुख और विधायक जयराम महतो की दादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। झारखंड के सबसे युवा विधायक जयराम महतो की दादी अपने पोते के विधायक बन जाने के बावजूद पहले की तरह बाजार में सड़क किनारे सब्जी बेच रहीं हैं।



जयराम महतो की 84 वर्षीय दादी झुपरी देवी अपने पोते के विधायक बन जाने के बावजूद घर-परिवार का खर्च चलाने के लिए पहले की तरह सब्जी बेच रहीं हैं। वायरल तस्वीर धनबाद के तोपचांची हटिया की है, जहाँ झुपरी देवी सब्जी बेच रहीं हैं।

बताया जाता है कि जयराम महतो की दादी खुद अब भी खेतों में मेहनत करती हैं और अपने खेतों में उपजी सब्जियों को तोड़कर बाजार बेचने के लिए ले जाती हैं। बचपन में ही पिता के निधन के बाद माँ और दादी ने ही सब्जी बेचकर जयराम महतो को पढ़ाया और परवरिश की है। संघर्ष के बीच जीवन जीने की आदत पोते के विधायक के बनने के बाद भी नहीं बदली। जयराम महतो की माँ की जीवनशैली भी अपने बेटे के विधायक बन जाने के बावजूद नहीं बदली है।

# बेड़ो सब्जी मंडी को मिलेगा आधुनिक रूप

- बेड़ो बाजार को मॉडल हाट के रूप में विकसित किया जाएगा : बंधु तिर्की
- बेड़ो के बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**संवाददाता बेड़ोः** दशकों से बगैर सुविधा के संचालित बेड़ो बाजार टांड़ की सब्जी मंडी के दिन बदलने वाले हैं। इसको लेकर कांग्रेसी नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने रविवार को बेडaो बाजार व सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेड़ो बाजार टांड़ की भौगोलिक व वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। साथ ही शौचालय,सड़क, शेड,पेयजल, बिजली व सब्जी मंडी की स्थिति की जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ बेड़ो बाजार टांड़ स्थित सब्जी मंडी के समीप एक बैठक किया। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार को एक मॉडल बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां आवश्यक संसाधन व मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि रांची जिले के नगड़ी,मखमंदरो, ब्राम्बे,हुंटार और बेड़ो प्रमुख हाट हैं। जिसमें बेड़ो बाजार का सब्जी निर्यात के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। यहां की सब्जियां देश के महानगरों में कलकत्ता, मुंबई सहित अन्य जगहों पर भेजी जाती हैं। यह कृषि बहुल क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार टांड़ का अतिक्रमण हो रहा है। जिससे बेड़ो बाजार दिन ब दिन सिमटता चला रहा है। जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार के समग्र विकास के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों, अधिकारियों व समाजसेवियों के साथ शीघ्र ही एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें व्यापार विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया जाएगा। यहां के व्यापारियों व किसानों के लिए अब सब्जी मंडी व बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे 23 के किनारे रांची जिले की बेड़ो प्रखंड पूरे प्रदेश में सब्जियों के उत्पादन और सब्जी मंडी को लेकर जानी जाती है। वर्षो से यहां हाट एवं सब्जी मंडी लग रही है, लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। बाजार व मंडी में बनी शेड जर्जर हो गई हैं। जिसमें हाट व सब्जी मंडी चल रही है। इस मंडी में रांची,गुमला व लोहरदगा जिले के गांव के सैंकडों सब्जी उत्पादक किसान सब्जी बेचने मंडी आते हैं। मंडी में सुबह से लेकर शाम तक सब्जी का कारोबार होता है। यहां दर्जनों व्यपारी हैं। इनके द्वारा रोजाना लाखों रुपए का कारोबार किया जाता है। जहां बेड़ो के दर्जनों लोग का रोजगार जुड़ा है। मंडी से बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, कोरबा, झारखंड एवं ओड़िशा तक ट्रक व पिकअप से भेजी जाती है। इससे किसानों को अच्छी मुनाफा हो जाता है। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, पिंकू लाल खन्ना, सोमरा लोहरा, पंचू उरांव, खद्दी उरांव, निर्मल तिर्की, जयंत लाल खन्ना व शमशाद आदि मौजूद थे।





## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** जिला कांग्रेस कार्यालय साहिबगंज में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने किया।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद सभी कांग्रेसजनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से देश ने एक महान अर्थशास्त्री और संवेदनशील नेता को दिया है। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और नीतियों से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। बेहद सादगी और ईमानदारी से देश की सेवा करते हुए अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए सूचना का अधिकार, गरीबों को भूखमरी से बचाने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, गरीबों के रोजगार के लिए मनरेगा जैसे कई कानून बनाकर प्रत्येक भारतीयों के जीवन के उत्थान के लिए पूरे समर्पण से कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व, उनका आचरण और उनकी कार्यशैली हमारे लिए हमेशा अनुकरणीय रहेगी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे।




शोक सभा में अन्य कई कांग्रेसजनों ने अपनी बात रखी।

शोक सभा में मुर्शाद अली, मोहम्मद कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, नित्यानंद गुप्ता, सरफराज आलम, अनिल पाण्डे,अजमत हुसैन, महेंद्र पासवान, अली कुरैशी, बीबी नूरजहाँ, जामुन दास, सतीश पासवान, सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जिला विकास समिति की बैठक आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** जिला विकास समिति की बैठक एलसी रोड स्थित कार्यालय में समिति के अध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर साहिबगंज जिला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि शहर का एकमात्र पिकनिक स्पॉट छोटी झरना है तथा उससे सटा हुआ मूक बधीर विद्यालय के पास स्थित मैदान में फर्स्ट जनवरी के दिन हजारों लोग महिला,पुरुष एवं बच्चे पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं,जिनका संरक्षण एवं सुरक्षा अति आवश्यक है.इस दिन शांति व्यवस्था बहाल रहे इसके लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की भी पूर्ण जिम्मेदारी बनती है।बैठक में साहिबगंज जिला प्रशासन यथा उपायुक्त,आरक्षी अधीक्षक एवं नगर परिषद से छोटी झरना,पिकनिक स्पॉट,मूक बधीर विद्यालय के पास स्थित मैदान एवं आसपास के इलाके में एक भी भेपर लाइट की व्यवस्था किया जाए.छोटी झरना एवं आसपास के इलाके में तथा मूक बधीर विद्यालय के पास स्थित मैदान में काफी गंदगी फैला हुआ है,जिसकी सफाई की व्यवस्था शीघ्र किया जाए एवं जगह-जगह डस्टबिन लगाया जाए ताकि लोग यत्र तत्र कचरा न फेंकें,छोटी झरना एवं बड़ी झरना में लोगों की सुरक्षा के लिए उचित संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं पहाड़ों पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए,छोटी झरना स्थित पिकनिक स्पॉट पर ड्रोन कैमरा से निगरानी कराया जाए ताकि उपद्रवियों को तुरंत दबोचा जा सके,शराबियों पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए एवं पूरे शहर में एक दिन पूर्व से शराब की दुकानों को बंद रखा जाए।




बैठक में साहिबगंज जिला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता,सचिव विनोद कुमार यादव, उपाध्यक्ष बसंत श्रीवास्तव,संजय कुमार पंडित,रवीन्द्र प्रसाद साह, बासुकीनाथ साह,उदय कुमार साह,संतोष कुमार मोदी,सुमन कुमार झा,बृजमोहन केसरी, रोहित यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ठंड से महिला की मौत के दावे पर क्या बोले अंचल अधिकारी?

- महिला की मौत के बाद जुटे स्थानीय लोग

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार, ब्यूरो, साहिबगंज

**साहिबगंज/राजमहलः** साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र की मोकिमपुर पंचायत के चंडीपुर गांव में रविवार की सुबह एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। परिजनों ने ठंड से मौत होने का दावा किया है। उन्होंने इसकी सूचना अंचल अधिकारी एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों को फोन पर दी। इसके साथ ही लिखित आवेदन अंचल कार्यालय (राजमहल) को दिया गया है। मृतका का नाम पुनिया देवी (35 वर्षीय) है।

**मृतका के पति राम प्रसाद मंडल हैं दिव्यांग-** मृतका के पति राम प्रसाद मंडल दिव्यांग हैं। इस कारण वे कोई कार्य नहीं कर पाते हैं। ऐसे में मृतका ही मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती थी। खाना बनाने के लिए मृतका पुनिया देवी घर के अगल-बगल से लकड़ी चुनकर लायी। खाना बनाने के बाद बच्चों को खिलाकर सुला दी। उसके बाद आधी रात को ठंड से ठिठुरने लगी। सुबह होते-होते उसकी मौत हो गयी। परिजन, ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों ने ठंड से मौत होने का दावा करते हुए प्रशासन को लिखित आवेदन दिया है।



**मृतका का हुआ अंतिम संस्कार-** करीब 2 बजे अंचल अधिकारी मो यूसुफ पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। परिजनों ने कहा कि ठंड से पुनिया देवी की मौत हुई है। सीओ के माध्यम से त्रिपाल और कम्बल मृतका के आश्रितों को दिया गया। मृतका अपने पीछे दिव्यांग पति, दो पुत्र करण कुमार (12 वर्ष) और अर्जुन कुमार (9 वर्ष) एवं पुत्री प्रियंका कुमारी (7 वर्ष) छोड़ गयी है। परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है। राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के निर्देश पर झामुमो नेता अजय दास और विकास यादव ने मृतका के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया।

**मृतका के परिजनों से मिले पूर्व विधायक** – राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा मृतका के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि परिजन सहित पूरा समाज एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि ठंड से मौत होने की बात कह रहे हैं और परिवार भी अत्यंत गरीब है, लेकिन कोई कदम प्रशासन की ओर से नहीं उठाया गया है। राज्य सरकार आवास को लेकर ढिंढोरा पीट रही है। लेकिन यहां गरीबों को आवास तक नसीब नहीं है।

**क्या कहते हैं सीओ?-** राजमहल के सीओ मो युसूफ ने कहा कि ठंड से मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। यह डॉक्टर की रिपोर्ट से ही साबित हो सकता है। फिलहाल तिरपाल और कंबल उपलब्ध कराया गया है। आर्थिक मदद भी की गयी है। मृतका के आश्रित को अंबेडकर आवास जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।

## गोड़ाबाड़ी हटिया से दो चोर को सोलर पोल चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा, पुलिस ने भेजा न्यायिक हिरासत





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते रात्रि गोड़ाबाड़ी हटिया से सोलर पोल को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। जिसके आरोप में जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 211/24 दिनांक- 29/12 /24 धारा 303(2)/305(ई)/317(2) बीएनएस अंकित करते हुए कांड के प्राथमिक अभियुक्त मो० शाहिद हुसैन पिता मो० सोनी, दिलफराज आलम पिता मो० कौसर सकीम अंजुमन नगर थाना जिरवाबाड़ी जिला साहिबगंज के रहने वाले को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## धनबाद में अवैध कोयला खननः प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**धनबादः** धनबाद जिले के पंचत ओपी क्षेत्र के खैरकेयारी इलाके में अवैध कोयले का धंधा बेखौफ जारी है। सूत्रों के अनुसार, यह कारोबार बिहार के समस्तीपुर के माफियाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 600-700 टन कोयला 12 माइन्स से अवैध रूप से निकाला जा रहा है। शाम ढलते ही ट्रकों को काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ियों के जरिए स्कॉट कर बाहर निकाला जाता है।



**प्रशासन की चुप्पी और माफियाओं का हौसला-** ताज्जुब की बात यह है कि तीन दिन पहले न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में खनिजों के अवैध खनन और कारोबार पर रोक लगाने की बात कही गई थी। बैठक में डीसी सादात अनवर, एसएसपी एचपी जनार्दनन, बीसीसीएल और सीआईएसएफ के अधिकारी मौजूद थे।

**एसएसपी ने क्या कहा था?-** बैठक में एसएसपी ने वैध खनन में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि ऐसे तत्वों पर जल्द कार्रवाई होगी।

**लेकिन जमीन पर सच्चाई कुछ और है।** बैठक के बाद भी, अवैध कोयला खनन और ट्रांसपोर्टेशन धड़ल्ले से जारी है। यह सवाल उठता है कि क्या जिला और पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है या इन माफियाओं को कहीं न कहीं से राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है?

धनबाद में अवैध कोयला खनन सिर्फ कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं है, बल्कि यह प्रशासन की निष्क्रियता और माफियाओं के बढ़ते हौसले का प्रतीक है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह गोरखधंधा न केवल प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान करेगा, बल्कि क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा।

## स्कॉर्पियो द्वारा स्कूटी चालक को धक्का मारने से दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**तालझारी/साहिबगंजः** राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक सबदारा फाटक के समीप एक अज्ञात स्कार्पियो चालक ने स्कूटी चालक को धक्का मार कर फरार हो गया। राजमहल प्रखंड के जदुआ टोली निवासी जोसेफ टुडडू अपने दोस्त के साथ कल्याणचक चुड़ा कुटाने मिल आया था। चुड़ा कुटा कर वापस कल्याणचक से तालझारी के रास्ते जदुआ टोली अपने घर जा रहा था की राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक फाटक के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात स्कॉर्पियो चालक ने स्कूटी चालक जोसेफ टुड्डु 15 और उसका साथी किशुन हेम्ब्रम 16 को जोरदार टक्कर मार तीनपहाड़ की ओर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद दोनो सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो कर सड़क पर ही गिर पड़ा । स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सुचना बाबा के द्वारा राजमहल थाना प्रभारी को दी गई। सड़क पर चल रहे राहगीर ने 108 एम्बुलेंस को घटना की सुचना देते हुए सड़क सुरक्षा नेक नागरिक प्रजापति प्रकाश बाबा को दी। घटना की खबर पाते ही बाबा घटनास्थल पर पहुंच, एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी लेकर पहुंचे।जहां उनका ईलाज एन एम संगिता कुमारी एवं ड्रेसर रोहित कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और बाबा के द्वारा परिजन को घटना की सुचना दी गई।



प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लीऐ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।परिजन को हिदायत भी दिया गया की नाबालिग बच्चे से वाहन चलवाना खतरनाक है और सड़क सुरक्षा नीयमों की अवहेलना है।बाबा ने जोसेफ के मां को दो मोबाइल, स्कूटी का चाभी एवं अन्य सामान जो दुर्घटना स्थल से मिला था दे दिया गया। तालझारी, महराजपुर एवं कल्याणचक की सड़कों में दिसंबर महीने में दुर्घटना ज्यादा हुई है। दुर्घटना का मुख्य कारण नशे में गाड़ी चलाना।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने भारतमाला प्रोजेक्ट पर हुई गोलीबारी का लिया जिम्मा

**रांची, एजेंसी।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने शनिवार दोपहर को भारतमाला प्रोजेक्ट पर हुई गोलीबारी का जिम्मा लिया है. मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बर्बरीक प्रोजेक्ट में जो घटना हुआ है, वह मैंने कराया है. कंपनी वाले को मेरी ये आखिरी चेतावनी है. आपको क्या लगता है, मुझे बिना मैनेज करे आप काम करके नहीं निकल पायेंगे. मयंक सिंह ने आगे लिखा कि हमको इग्नोर किये, इसलिए आज आपके कान का पर्दा खोलने के लिए दिवाली मनाये हैं, अगली बार होली खेलेंगे वो भी खून का. बता दें कि रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र स्थित गोला-चारु पथ के बरियातू के समीप शनिवार दोपहर में आपराधिक गैंग ने पांच राउंड फायरिंग की थी. इस दौरान अपराधियों ने भारतमाला परियोजना में काम करने वाले कर्मियों को भी काम बंद करने की चेतावनी दी थी.

### ट्रक व कार में सीधी टक्कर, कार चालक गंभीर रूप से घायल

**दुमका, एजेंसी।** दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के होंडा शोरूम के पास एक ट्रक व स्विफ्ट डिजायर कार में आमने-सामने टक्कर हो गई. दुर्घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. कार हंसडीहा की ओर जा रही थी, जबकि ट्रक धान लेकर नवगछिया से दुर्गापुर जा रहा था. होंडा शोरूम के पास कार अनियंत्रित होकर सामाने से आ रहे ट्रक से जा टकराई. ट्रक चालक ने सामने कार देख अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे कार चालक विजय साह की जान बच गई, हालांकि वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसकी छाती में गहरी चोट है. वह बड़ी रणबहियार का रहने वाला है. कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों गाड़ी को रोड किनारे कर यातायात बहाल किया गया. खबर मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले गई.

### अयप्पा स्कूल के छात्र रितिक जैन को चार्टर्ड एकाउंटेंट परीक्षा में देश में 48वां स्थान

**बोकारो, एजेंसी।** अयप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो के छात्र रहे रितिक जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट (ष्ट) की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास कर ली है. उसने परीक्षा में पूरे देश में 48वां स्थान हासिल किया है. रितिक ने कक्षा एक से दसवीं तक की पढ़ाई अयप्पा पब्लिक स्कूल से की. उसने वर्ष 2017 में इस स्कूल से 10वीं की बोर्ड परीक्षा पास की थी. रितिक की इस सफलता पर स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया. प्राचार्य पी शैलजा जय कुमार ने उसे बुके व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. रितिक ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से उसे यह सफलता हासिल हुई है. प्राचार्य पी शैलजा जय कुमार ने इस उपलब्धि पर रितिक को बधाई देते उसके उवल भविष्य की कामना की. कहा कि छात्र कठिन परिश्रम व निरंतर प्रयास से कठिन लक्ष्य भी हासिल कर सकते हैं.

### 10 नाबालिग समेत 14 को ले जा रहे तीन मानव तस्कर धनबाद स्टेशन से गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** मानव तस्करी कर काम कराने के लिए दक्षिण भारत ले जाये जा रहे 10 नाबालिगों समेत 14 लोगों को क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआइबी) और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू किया है. इस मामले में तीन लोगों को पकड़ा है. नाबालिगों को रेल चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया गया है. पकड़े गये आरोपियों को जीआरपी के हवाले कर दिया गया है. रेल पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है. गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद स्टेशन से शुक्रवार को दो बाल तस्करों को गिरफ्तार किया है. छह नाबालिगों को बरामद किया गया है. इसमें मदनडीह के एक, चिरुडीह के तीन, नवादा के दो नाबालिग हैं. सभी को चाइल्ड हेल्प डेस्क को सुपुर्द किया गया है. वहीं पकड़ाये बाल तस्करों में गया निवासी संजय चौधरी और भूली निवासी निहाल खान है. दोनों सभी बच्चों को चेन्नई में काम कराने के लिए ले जा रहा थे. टीम ने शनिवार को 11 बजे प्लेटफॉर्म संख्या सात से चार नाबालिग समेत आठ लोगों को रेस्क्यू किया है. वहीं इन्हें लेकर जा रहे अवधेश मांझी को गिरफ्तार किया गया है.

# सीएम के निर्देश पर रांची के परिक्षेत्रीय जोनल पुनर्विकास की पहल शुरू



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राजधानी रांची के परिक्षेत्रीय पुनर्विकास की पहल शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रांची के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। राज्य सरकार की पेयजल उपलब्धता की प्राथमिकता को देखते हुए प्रधान सचिव ने रूक्का में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का जायजा लिया। साथ ही राजधानी में सांस्कृतिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिये निर्माणाधीन रविंद्र भवन का निरीक्षण किया।

प्रधान सचिव ने जुडको द्वारा रांची के परिक्षेत्रीय विकास से संबंधित तैयार किये गये प्रस्तावों को देखा और रांची नगर निगम क्षेत्र के समेकित पुनर्विकास के लिए चिह्नित विभिन्न सड़कों व चौक चौराहों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान सचिव कचहरी चौक, चडरी मार्ग व नियोजन कार्यालय स्थित मार्ग के विकास से संबंधित संभावनाओं को देखा। वर्तमान में उन मार्गों की वस्तुस्थिति को देखने के बाद उन्होंने कई आवश्यक निर्देश जुडको के अभियंताओं को दिया। उन्होंने अभियंताओं से कहा कि यह सभी मार्ग राजधानी की हृदयस्थली में स्थित हैं, इनकी स्थिति में संयुक्त गुणात्मक सुधार की जरूरत है।

इसलिए सड़क यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा से जुड़ी सभी पहलुओं को प्राथमिकता देते हुये प्रस्ताव को त्वरित अंतिम रूप से तैयार करें।उन्होंने निर्देश दिया कि पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत सड़कों का सतह नवीनीकरण करते हुए गुणवत्ता के साथ विकसित हो। सड़कों पर समुचित ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था हो। पैदल चलने वाले राहगीरों को आरामदायक फुटपाथ के साथ खूबसूरत स्ट्रीट लाइटिंग की सुविधा मिले। सड़कों पर डेकोरेटिव लाइट लगाई जायें। जनसुविधा के निमित्त शौचालय व ट्राफिक बूथ का निर्माण हो, सड़कों के डिवाडर का तकनीकी रूप से सुयोग्य विकास एवं उन्नयन कार्य करें। डिवाडरों पर आकर्षक पौधे लगायें।

प्रधान सचिव ने रूक्का जलागार स्थित निर्माणाधीन जल शोध संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी व जुडको के अभियंताओं को आगामी गरमी के मौसम को देखते हुए जल शोधन संयंत्र का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने रांची शहरी पेयजलापूर्ति से संबंधित पाइप लाइन के नेटवर्किंग का नक्शा भी देखा और पाइपलाइन बिछाने के कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पाइप बिछाने के दौरान कम से कम सड़क की कटाई एवं खुदाई करें। प्रधान सचिव ने जुडको के अभियंताओं को तिलता चौक से रातू पिस्का मोड़ तक पाइप बिछाने के कार्य में आ रही बाधा पर एनएचआई के साथ समन्वय बना कर काम करने का निर्देश दिया।

प्रधान सचिव ने निर्माणाधीन रविंद्र भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी को निर्देश दिया कि राशि की कमी नहीं होगी। समय पर राशि उपलब्ध होगी। इसलिए जल्द कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि राज्य की संस्कृति पर आधारित इस सांस्कृतिक रविंद्र भवन के संचालन के लिए दिल्ली के भारत मंडपम की नियमावली का अध्ययन भी किया जाये।

## हजारीबाग एसडीओ की पत्नी की मौत हादसा या हत्या, भाई ने किया हैरान करने वाला खुलासा, जांच में जुटी पुलिस

**रांची, एजेंसी।** हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। अनीता को 26 दिसंबर को जलने के बाद गंभीर स्थिति में रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।अनीता देवी के भाई राजकुमार गुप्ता ने एसडीएम अशोक कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए हजारीबाग के लोहसिंघना थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि एसडीएम अशोक कुमार का किसी गैर महिला से अवैध संबंध था। पत्नी अनीता इसका विरोध करती थी, जिस कारण अशोक उसके साथ मारपीट करते थे।

राजकुमार ने आरोप लगाया है कि विरोध करने के कारण ही अशोक कुमार, उनके भाई शिवनंदन कुमार व उसकी पत्नी रिंकू देवी और पिता दुर्योधन साव ने अनीता देवी के शरीर पर तारपीन का तेल डालकर आग लगा दी। अनीता अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रही थी। आग लगने के बाद अशोक को जब लगा कि अनीता मर गई है तब वह उसे अस्पताल लेकर गए।अनीता के भाई राजकुमार ने बताया कि एडीएम के अवैध संबंध को लेकर हमेशा विवाद होता था। कई बार समझौते का प्रयास भी हुआ, एक बार सब ठीक हो गया था। उन्होंने कहा था कि ऐसी गलती अब नही होगी, लेकिन फिर दोबारा एसडीएम के द्वारा वही रवैया अपनाया गया।

समझौते के प्रयास के दौरान अशोक कुमार ने धमकी दी थी कि मैं यहां का एसडीएम हूं। जहां जाना है जाओ, तुम सबको बर्बाद कर दूंगा। अनीता कुमारी जैसी बहुत सी लड़कियां मुझे मिल जाएंगी।शिकायत में भाई ने बताया है कि घटना को छुपाने का प्रयास किया गया। सुबह सात बजे की घटना की जानकारी करीब दो घंटे बाद नौ बजे दी गई। अशोक कुमार के छोटे भाई शिवनंदन कुमार ने फोन कर बताया कि तुम्हारी बहन जल गई है और फोन काट दिया।आनन-फानन में जब अरोग्यम अस्पताल पहुंचा तो वहां से बताया गया कि बोकारो रेफर कर दिया गया है।

# श्री सायुज्य क्रियायोग महोत्सव में उमड़ा निखिल शिष्यों का सैलाब

## जीवन को ऊर्ध्वमुखी बनाता है क्रियायोग : गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली



विजय कुमार झा





**नई दिल्ली** : दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्य धाम में देश-विदेश से आये हजारों निखिल शिष्यों का सैलाब उमड़ पड़ा। अवसर था परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी (डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली जी) की दिव्य छत्रछाया एवं पूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी के सानिध्य में आयोजित श्री सायुज्य क्रियायोग महोत्सव का। इस दो-दिवसीय महोत्सव में अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते गुरुदेव ने शिष्यों को जीवन में निरंतर क्रियाशील रहने की प्रेरणा देते हुए आनंदमय रहने का संदेश दिया। यहां प्रस्तुत हैं उनके प्रवचन के प्रमुख अंश...

उन्होंने कहा कि, क्रियायोग ही जीवन के आधार को शक्ति प्रदान करता है, जीवन बीज को ऊर्ध्वमुखी बनाता है। उसे बीज से वृक्ष बनाता है। हमें अपने जीवन में निरंतर और निरंतर क्रिया करनी है। सब चाहते हैं कि हमारे जीवन में निरंतर क्रिया होती रहे और हम चाहते हैं की क्रिया के बाद हमें श्री की प्राप्ति हो, पद की प्राप्ति हो। हम हमारी मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए निरंतर संघर्ष करते हैं, यह जो क्रिया योग है, लक्ष्य की सिद्धि के लिए। क्रिया योग का अर्थ है ध्यान योग। ध्यान लगाते हैं आनंद के लिए। हम सारी क्रियाएं इसलिए करते हैं कि हमें आनंद की प्राप्ति हो और आनंद की प्राप्ति के लिए ही गुरु शिष्य का मिलन हुआ है।

**ध्यान के लिए एकाग्रता जरूरी-** गुरुदेव ने कहा कि, आनंद का आधार ध्यान और क्रिया है। शरीर, मन और कार्य, इन तीनों का आधार ध्यान है। जब हम मन से ध्यान करते हैं, अर्थात मन से कार्य करते हैं तो एकाग्र हो जाते हैं। हमारा ध्यान और एकाग्रता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ध्यान लगाने के लिए एकाग्रता जरूरी है। इसलिए गुरु प्रार्थना करते हैं-

**ध्यान मूलं गुरुमूर्ति पूजा मूलं पदम...-** हम हैं ईश्वर की सबसे महत्वपूर्ण संरचना, हमें अपना संचालन करने के लिए बिना थके, बिना रुके निरंतर और निरंतर क्रिया करनी ही है। यही है क्रिया योग का आधार कि आप बिना क्रिया किए चल नहीं सकते हो।

संसार में ज्यादातर लोग भोगी ही होते हैं, जो केवल और केवल भोगना जानते हैं, लेकिन निखिल के शिष्य योगी भी है और भोगी भी हैं। क्योंकि, योगी का अर्थ संन्यासी नहीं होता, योगी का अर्थ होता है, जिसने विशेष रूप से किसी विशेष कार्य के लिए अपने आप को जोड़ दिया है। अपने आप को अपने संकल्प से, अपने संयम से जोड़ दें, यही योगी की परिभाषा है। जो व्यक्ति अपने आप को, अपने संयम और संकल्प से जोड़ देता है, वह योगी है और जिसने अपने आप को संकल्प और संयम से जोड़ दिया है, उसे संसार में फल की प्राप्ति अवश्य होती है।

गुरु वही है, जो शिष्य के जीवन में संकल्प, संयम और क्रिया का योग कर दे। जो संयम और संकल्प के साथ क्रिया करता है, वह क्रिया-योगी है, उसके जीवन में आनंद रहेगा।

**अपने भावों पर नियंत्रण आवश्यक-** उन्होंने कहा- आपके जीवन में जितने भी गलतियां होती हैं, वह क्रोध के कारण होती हैं। क्रोध को जीतो, जब आप अपने आप को जीत लेते हो, तो जगत पर जीत आ जाता है। हमें केवल लक्ष्मी ही नहीं चाहिए, हमें हमारी क्रिया से श्री चाहिए। हमें ऐसा फल चाहिए, जिससे हमारा कल्याण हो। कल्याण का भाव ही श्री का भाव है।

ऊर्जा का अर्थ है शक्ति, समय अर्थात महाकाल और लक्ष्मी। जब हम तीनों को समत्व भाव में रखते हैं तो हम आनंद का अनुभव करते हैं। आनंद ही ब्रह्म है। हमारे ऋषियों ने कहा है- सुखी जीवन वास्तव में आनंद का नाम है और उस आनंद की प्राप्ति के लिए हमें संतुष्ट रहना चाहिए। जब हम आनंद चिंतन अर्थात ईश्वर को साक्षी रखकर कार्य करते हैं तो मनुष्य दुख और अन्य बंधनों से छूट जाता है। वास्तव में जब हम आनंद में होते हैं तो ईश्वर की अनुभूति करते हैं। इसलिए ईश्वर का नाम है- सच्चिदानंद। पश्चिम की थ्योरी में आज सभी जगह आनंद के पीछे, खुशी के पीछे भागने की होड़ मची है। लेकिन, जिस चीज का पीछा करोगे, वह हमेशा आगे रहेगा। हमारे उपनिषद कहते हैं कि यदि जीवन में संयम है, तो आनंद आपके पीछे-पीछे चला आएगा। दौड़ने से आनंद प्राप्त नहीं होगा। यदि आपके अंदर संयम है, संकल्प है तो आनंद सदैव आपके पीछे-पीछे रहेगा।

**हमारा जीवन तंत्र से संचालित-** गुरुदेव श्रीमाली ने कहा- जीवन दो बातों के लिए मिला है- क्रिया करने के लिए और सीखने के लिए। हमारा सारा जीवन तंत्र से संचालित है। तंत्र का अर्थ है- एक निश्चित नियम, एक निश्चित परिणाम। संसार को शिव ने तंत्र दिया और शिव हैं महामृत्युंजय, महाकाल, अर्थात समय के रूप में, महाकाल के रूप में शिव हमेशा आपके साथ हैं। काल हमेशा आगे की ओर देखता है और जब आप पीछे की ओर देखते हो, इसका अर्थ है कि आप शिव के विरुद्ध हो गए। तंत्र का पहला नियम है आनंद में रहना और तंत्र का सर्वोच्च रूप है अवधूत हो जाना। चिंता करने से कुछ प्राप्त नहीं होता, प्राप्त होगा तो क्रिया योग के द्वारा।

**संसार का प्रत्येक प्राणी कर्मयोगी-** समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा- यदि आज को हमने उपयोग में नहीं लिया तो यह चला जाएगा। क्योंकि, आज आया ही है जाने के लिए। महाकाल ने हमें समय आज के लिए प्रदान किया है। सूर्य यदि सोच ले कि एक दिन आराम करूंगा तो इस संसार का क्या होगा? आप भी अपने परिवार के सूर्य हो, अपने वंश के सूर्य हो, सूर्य निरंतर क्रियाशील रहता है। यह जीवन हमें समय, शक्ति और श्री को जोड़ने के लिए ही मिला है। संसार की सबसे बड़ी विचित्र बात है कि इस संसार में प्रत्येक व्यकि कर्मयोगी है और कर्म करने के लिये क्रिया ही करनी पड़ती है। कर्म का सीधा सम्बन्ध क्रिया से है। क्रिया करने से ही कर्म प्रबल होता है और कर्म प्रबल होकर फल प्रदान करता है अर्थात् कामनापूर्ति होती है।

संसार का प्रत्येक व्यक्ति, यहां तक कि पशु-पक्षी भी कर्मयोगी, क्रियायोगी है। प्रत्येक मनुष्य यही चाहता है कि जीवन में आनन्द प्रास हो और हजारों सालों से हमारे वेद, उपनिषद्, मीमांसा, शास्त्र सब कहते है कि आनन्द प्राति का एकमात्र माध्यम क्रियायोग ही है।

**अधूरा ज्ञान सबसे अधिक खतरनाक-** उन्होंने कहा कि, अधूरा ज्ञान सबसे अधिक खतरनाक होता है। यदि किसी मूर्ख व्यक्ति को चाकू दे दिया जाये तो वह उपयोग करने की बजाय स्वयं को ही हानि पहुंचा सकता है। आज हर गली, हर मोहल्ले में क्रियायोग सिखाने वाले मिल जायेंगे और टी.वी. पर तो क्रियायोग सिखाने वालों की भरमार है। सब कोई कहते है कि बस, तुम अपने नेत्रों के भूमध्य लल्लाट के बीच ध्यान केन्द्रित करों, तुम्हें आनन्द की प्राप्ति हो जायेगी। यह ध्यान की परम अवस्था है, इससे सब आनन्द प्राप्त हो जायेंगे।

सद्?गुरु कहते है कि हम इस संसार में रहते है और हमारे शरीर में जितने रोमकूप हैं, उतनी ही आंखें है। किस-किस आंख पर अपना ध्यान एकत्र करें? प्रत्येक रोम से कामनाएं ही बाहर निकलती हैं और हमें कर्म करने के लिये प्रेरित करती है। तो इन सब नेत्रों को, कामनाओं को एकत्रित कर लक्ष्य की ओर बढ़ने का क्या मार्ग है?

कर्मयोग अर्थात् क्रियायोग, यह सहज भाव से होना चाहिये। इसीलिय गुरु सानिध्य में गये बिना यह ज्ञान नहीं हो सकता। इसीलिये शास्त्रों में बार-बार गुरु को धारण करने का निर्देश आया है। अभ्यास से पाया गया ज्ञान जन्मों में फलीभूत होता है। इसलिए हर मानव पूर्व जन्म के कर्मों का लेखा-जोखा लेकर आता है, परन्तु यदि हमें शीघ्रता से सीखना है, तब गुरु चाहिए, अन्यथा कई जन्म लग सकते हैं सीखने में। गुरु एक ऐसा व्यक्तित्व हैं, जो स्वयं से दूसरे की आत्मा में शक्ति का संचार कर देता है और जिसकी आत्मा में यह शक्ति संचारित होता है, उसे शिष्य कहते हैं।

छाया : भारत चन्द्र बघेल

## ओबीसी आरक्षण के ट्रिपल टेस्ट पर फंसा पेंच, आयोग ने बढ़ाया सर्वे का समय, अब 2025 में पूरा होगा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य के नगर निकायों में ट्रिपल टेस्ट के जरिए ओबीसी आरक्षण तय करने के उद्देश्य से डोर टू डोर सर्वे का काम चल रहा है। पहले राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने यह प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी कराने के निर्देश दिए थे। बाद में इसमें लगने वाले समय को देखते हुए इसकी समय सीमा में आयोग ने थोड़ी छूट दे दी है।

झारखंड के धनबाद, बोकारो, साहिबगंज, मानगो, जुगसलाई, पलामू समेत सभी 13 नगर परिषदों में बीएलओ को ट्रिपल टेस्ट जाति गणना के लिए प्रशिक्षण देकर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी इसे लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं। इसके लिए सुपरवाइजर समेत अन्य सरकारी कर्मियों की टीम सभी वार्डों में घर-घर जाकर मतदाताओं की जाति के बारे में जानकारी लेगी। इस क्रम में पिछड़ा वर्ग के लोगों से फार्म भी भरवाए जाएंगे, जिसके आधार पर पिछड़ा वर्ग की आबादी और संख्या तय होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है नगर निकाय चुनाव में आरक्षण देने के लिए राज्यों को चुनाव से पहले जातिगत सर्वे का ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है।

झारखंड हाईकोर्ट ने भी इसे लेकर राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं। झारखंड समेत कई राज्यों में ट्रिपल टेस्ट नहीं कराने के कारण निकाय चुनाव अटका है। हालांकि, राज्यों के पास यह विकल्प है कि वह अगर बिना ट्रिपल टेस्ट के चुनाव कराना चाहते हैं तो ओबीसी आरक्षण दिए बगैर ऐसा करा सकते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अलग-अलग निकायों के अलग-अलग वार्डों में जातियों की जनसंख्या, उनके पिछड़ेपन आदि की स्थितियां अलग-अलग हैं।

## आवासीय भवन का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वालों की खैर नहीं, रांची नगर निगम करेगा कड़ी कार्रवाई




**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम में आवासीय भवन का होल्डिंग टैक्स देकर भवन का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी. इसी कड़ी में नगर निगम की ओर से 34 भवन मालिकों को नोटिस जारी किया गया है. नोटिस में उक्त भवन मालिकों से कहा गया कि आपके द्वारा भवन का होल्डिंग टैक्स आवासीय के रूप में किया जाता है. लेकिन आपके भवन का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है. ऐसे में क्यों नहीं नगर निगम नगरपालिका अधिनियम के तहत आप पर कार्रवाई करें.

अब ऐसे भवन मालिकों से रांची नगर निगम नगरपालिका अधिनियम के तहत होल्डिंग टैक्स वसूलेगा. साथ ही निर्धारित होल्डिंग टैक्स का 150 प्रतिशत जुर्माने के रूप में वसूला जायेगा. जुर्माने की राशि नहीं देने पर संबंधित भवन मालिक के बैंक अकाउंट को फ्रीज करने के साथ भवन को भी सील किया जा सकता है.रांची नगर निगम द्वारा नये साल में पूरे शहर में यह अभियान चलाया जायेगा. इस दौरान यह देखा जायेगा कि किन-किन भवनों द्वारा आवासीय भवन का टैक्स देकर भवन का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है. इसमें यह भी देखा जायेगा कि किन आवासीय भवनों में किरायेदार, गोदाम, लॉज हॉस्टल व दुकान बनाकर इसे भाड़े में दे दिया गया है. फिर ऐसे सारे भवन मालिकों को नोटिस जारी होगा.

### जल्द खत्म हो सकता है पूजा सिंघल का सस्पेंशन, कानूनी पहलुओं पर किया जा रहा विचार

**रांची, एजेंसी।** करीब 28 माह बाद जेल की सलाखों से छूटकर आयी राज्य की वरीय आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल का निलंबन जल्द खत्म हो सकता है। इसके लिए कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल का निलंबन खत्म करने के लिए कानूनी जानकारों से राय ली जा रही है। कानूनी बिंदुओ पर राय मिलने के बाद उनका निलंबन खत्म हो जायेगा। जिसके बाद उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। बता दें कि पूजा सिंघल को इसी महीने की सात तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अभी भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं। लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार, जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा सकता है। बता दें कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था।

## कसमार के ग्रामीणों ने लिया जंगलों की सुरक्षा का संकल्प

**बोकारो, एजेंसी।** कसमार प्रखंड के भंडारडीह (करमा) में शनिवार को संयुक्त ग्राम वन प्रबंधन समिति की बैठक निरंजन महतो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में करमा के जंगल में पेड़ों की कटाई रोकने, मवेशियों से खेत व जंगल को बचाने व समिति को सक्रिय करने पर चर्चा हुई. ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से जंगल की सुरक्षा का संकल्प लिया. इसके लिए वन क्षेत्र में नियमित गश्ती करने पर सहमति बनी. निर्णय हुआ कि अगर कोई मवेशी खेत या जंगल को क्षति पहुंचाता है, मवेशी पालक से उसकी क्षतिपूर्ति ली जाएगी. बैठक में वन सुरक्षा समिति के कसमार प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, आनंद कुमार महतो, बैजनाथ महतो, सुनील कुमार महतो, हरिहर महतो आदि मौजूद थे.

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, बिना हेलमेट वालों को लगाई फटकार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** नए साल के आगवन व वर्ष 2024 की विदाई से पूर्व अपराध पर नियंत्रण को लेकर जादूगोड़ा में पुलिस ने शनिवार की रात करीब 9 बजे सघन वाहन जांच अभियान चलाया. थाना प्रभारी राजेश मंडल की अगुवाई में जादूगोड़ा मोड़ चौक पर वाहनों की जांच की गई. पुलिस की टीम वाहनों डिक्की खोलकर जांच कर रही थी. पुलिस की इस कार्रवाई से उधर से गुजरने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया. बिना हेलमेट के बाइक-स्कूटी चलाने वालों को फटकार लगाकर छोड़ दिया गया. थाना प्रभारी ने उन्हें हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाने की हिदायत दी गई.

## कांग्रेस को गहन विचार-विमर्श करना चाहिए

मुमकिन है, इसके पीछे प्रमुख कारण अडानी के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। फिर भी वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब कांग्रेस को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। इंडिया गठबंधन के अंदर कांग्रेस से अलगाव का रुझान और आगे बढ़ा है। अब नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस गठबंधन का नेता बने रहना चाहती है, तो उसे यह स्थान मेहनत से कमाना पड़ेगा। अब्दुल्ला ने ईवीएम में हेरफेर को लेकर 'रोने की प्रवृत्तिÓ से कांग्रेस को बाहर आने की सलाह भी दी और कहा कि उसे चुनाव नतीजों को स्वीकार करना सीखना चाहिए। इसके पहले गठबंधन के नेता के रूप में कांग्रेस या राहुल गांधी की हैसियत को ममता बनर्जी, शरद पवार और लालू प्रसाद यादव से प्रत्यक्ष एवं शिवसेना (उद्धव) और डीएमके से परोक्ष चुनौती मिल चुकी है। मुमकिन है कि इस प्रवृत्ति के पीछे प्रमुख कारण अडानी ग्रुप के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। इसके बावजूद वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब पार्टी को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। यह तथ्य है कि कांग्रेस गठबंधन के अघोषित नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा पाई। लोकसभा चुनाव में आश्चर्यजनक अच्छे नतीजों के बाद तो वह जननायक परिघटना का ऐसे शिकार हुई कि उसे लगा अब राहुल गांधी की लहर चल रही है। इसका असर हरियाणा और महाराष्ट्र में सीट बंटवारे के दौरान उसके हठी रुख में नजर आया। संसद में किस मुद्दे को कितनी तरजीह देनी है, इस पर गठबंधन में आम सहमति बनाने की कोशिश के बजाय खुद मुद्दे तय कर लेने का उसका रुख भी इसी परिघटना से प्रभावित लगा है। राहुल गांधी ने बिना आज की सियासी हकीकतों को समझे जातीय पहचान की राजनीति को जिस तरह अपने एजेंडे में प्रमुखता दी है, उसका उलटा असर चुनावों के साथ-साथ संभवतः अन्य दलों के साथ कांग्रेस के रिश्तों पर भी हुआ है। फिर चुनावी राजनीति में रहते हुए खुद को इसके ऊपर दिखाने की कोशिश कभी कारगर नहीं होती। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि कांग्रेस वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक समीकरणों के प्रति बेहतर समझ बनाए और उसके अनुरूप अपना रुख तय करे। वरना, नरेंद्र मोदी विरोधी विपक्षी एकता की जो संभावना बनी थी, वह बिखर जाएगी।

## अंडे अहिंसक व शाकाहारी कैसे ?

विज्ञापन जगत ने आम जनता के मन में एक बात बिठा दी है कि अंडे शाकाहारी नहीं हैं। अंडे का उपयोग बढ़ाने के लिए इसे प्रोटीन का बढ़िया स्रेत बताया जाता है। प्रोटीन की मात्रा बहुत सारी शाकाहारी चीजों में भी काफी ज्यादा है पर इस विवाद में नहीं भी पड़ा जाए तो यह तथ्यात्मक रूप से गलत है कि अंडा शाकाहारी है। इसलिए शाकाहारियों के लिए अंडे को लोकप्रिय बनाने के लिए किए जाने वाले प्रचार का उल्टा नारा लगाया जा सकता है - 'संडे हो या मंडे, कभी न खाओ अंडेÓ। कोई क्या खाए और क्या नहीं इसमें बहुत कुछ आदमी की अपनी पसंद और जीवनशैली के साथ-साथ कई अन्य बातों पर निर्भर करता है। फिर भी आप जो चीज खाते हैं या किसी कारण से नहीं खाते हैं उसके बारे में आपको आवश्यक जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 100 ग्राम अंडों में जहां 13 ग्राम प्रोटीन होगा, वहीं पनीर में 24 ग्राम, मूंगफली में 31 ग्राम, दूध से बने कई पदाथरे में तो इससे भी अधिक एवं सोयाबीन में 53 ग्राम प्रोटीन होता है। यही तथ्य कैलोरी के बारे में है। जहां 100 ग्राम अंडों में 173 कैलोरी, मछली में 93 कैलोरी व मुर्गे के गोश्त में 194 कैलोरी प्राप्त होती है, वहीं गेहूं व दालों में 300 कैलोरी, सोयाबीन में 350 कैलोरी व मूंगफली में 550 कैलोरी और मक्खन निकले दूध एवं पनीर से लगभग 350 कैलोरी प्राप्त होती है तो हम यह निर्णय ले सकते हैं कि स्वास्थ्य के लिए क्या चीज जरूरी है? यह स्पष्ट करना भी उचित रहेगा कि अधिक कोलेस्ट्रोल शरीर के लिए लाभदायक नहीं है। 100 ग्राम अंडों में कोलेस्ट्रोल की मात्रा 500 मिलीग्राम है और मुर्गी के गोश्त में 60 है तो वही कोलेस्ट्रोल सभी प्रकार के अन्न, फलों, सब्जियों आदि में शून्य है। अमेरीका के विविख्यात विशेषज्ञ डॉ. माइकेल कलेपर का कहना है कि अंडे का पीला भाग विश्व में कोलेस्ट्रोल एवं जमी चिकनाई का सबसे बड़ा स्रेत है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। उन्होंने यह भी साबित किया है कि जो व्यक्ति मांस या अंडे खाते हैं उनके शरीर में 'रिस्पटरोंÓ की संख्या में कमी हो जाती है जिससे रक्त के अन्दर कोलेस्ट्रोल की मात्रा अधिक हो जाती है। इससे हृदय रोग शुरू हो जाता है और गुर्दे के रोग एवं पथरी जैसी बीमारियों को भी बढ़ावा मिलता है। वास्तविकता यह है कि 1962 में यूनीसेफ ने एक पुस्तक प्रकाशित की तथा अंडों को लोकप्रिय बनाने के लिए अनिषेचित (इनफर्टाइल) अंडों को शाकाहारी अंडे (वेजीटेरियन) जैसा मिथ्या नाम देकर भारत के शाकाहारी समाज में भ्रम फैला दिया। 1971 में मिशिगन यूनीर्वसटिी (अमेरिका) के वैज्ञानिक डॉ. फिलिप जे. स्केन्ट ने यह सिद्ध किया किः अनिषेचित अंडे किसी भी प्रकार से शाकाहारी नहीं होते क्योंकि वे न तो पेड़ों पर उगते हैं और न किसी पौधे पर बल्कि वे सब मुर्गी के पेट में से ही उत्पन्न होते हैं। एक वैज्ञानिक प्रयोग के आधार पर यह देखा गया है कि विद्युत धारा के द्वारा अंडों को आंका जा सकता है। अनिषेचित अंडे में निषेचित अंडे की भांति ही यह विद्युत धारा होती है। यह वैज्ञानिक तथ्य है कि निर्जीव वस्तु में कभी भी विद्युत धारा का अंकन नहीं किया जा सकता। विज्ञान ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी प्राणी के जीवन का आधार मात्र लैंगिक प्रजनन क्रिया ही नहीं है बल्कि अलैंगिक प्रजनन के द्वारा भी जीवन हो सकता है जैसे अमीबा और अनेक एककोशीय प्राणी बिना निषेचन क्रिया के उत्पन्न होते रहते हैं। इसी प्रकार से 'टेस्ट ट्यूब बेबीÓ या उसके द्वारा उत्पन्न प्राणी निर्जीव नहीं गिने जा सकते। सच्चाई यह है कि अंडे दो प्रकार के होते हैं एक वे जिनसे बच्चे निकल सकते हैं तथा दूसरे वे जिनसे बच्चे नहीं निकलते। मुर्गी यदि मुर्गे के संसर्ग में न आए तो भी जवानी में अंडे दे सकती है। इन अंडों की तुलना स्त्री के रजःस्रव से की जा सकती है।

# मनमोहन का स्मारक तो सही, नरसिंह राव का कब बनेगा



जितेंद्र तिवारी

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार दोपहर दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। डॉ. मनमोहन सिंह को जिस भव्यता के साथ विदा किया गया, वे वास्तव में उसके अधिकारी थे। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल वरिष्ठ सहयोगी राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार के समय उपस्थित रहे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान सहित सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों की उपस्थिति में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ और 21 तोपों की सलामी देकर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार की उपस्थिति का यहां इसलिए उल्लेख करना अनावश्यक है क्योंकि उन्हें तो उपस्थित रहना ही चाहिए था। कौन नहीं जानता कि एक बेहद ईमानदार छवि वाले और पूर्ण सादगी से जीवन जीने वाले मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही देश में सबसे ज्यादा घपले-घोटाले सामने आए थे। यह बात सही है कि मनमोहन सिंह एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। वे कैसे प्रधानमंत्री बने, वह एक अलग कहानी है। हां, पर वे पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर (प्रधानमंत्री) नहीं थे। सही मायने में राजीव गांधी पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। उसके बाद चंद्रशेखर, एच.डी. देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और डॉ. मनमोहन सिंह को इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए। वैसे, किसी दिवंगत व्यक्तित्व की कठोर आलोचना ठीक नहीं होती। पर वस्तुतः डॉ. मनमोहन सिंह राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे। जो इतिहास है वह यह लिखा जाएगा कि डॉ. मनमोहन सिंह बड़े अर्थशास्त्री, विचारक, शिक्षक और एक समर्पित नौकरशाह थे। इसीलिए सोनिया गांधी के संवैधानिक कारणों से प्रधानमंत्री न बन पाने और उसे त्याग प्रचारित कर मनमोहन सिंह का चुनाव किया। सरकार के ऊपर नेशनल एडवाइजरी कमेटी बनाकर जैसे देश का शासन सोनिया परिवार ने पर्दे के पीछे से चलाया, वह भारत की राजनीति में कभी नहीं हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए टूजी, थ्रीजी, कोयला, एशियन गेम्स आदि घोटलों की लंबी फेहरिस्त को दोहराने की आवश्यकता नहीं। मनमोहन सिंह की साफ-सुथरी छवि को सामने रखकर कांग्रेसियों ने घपले-घोटालों का ऐसा दौर चलाया कि जनता खुद ही जतंर-मंतर पर जुटने लगी और कुछ नौसिखियों ने उन्हें भुना लिया। यह अलग बात है कि आज वे उसी भ्रष्टाचार की दलदल में डूबे दिल्ली व पंजाब की सत्ता पर काबिज हैं। उस दौर में प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर होने से पहले सरकारी फाइलें सोनिया गांधी तक जाती थीं, यह एक ओपन सीक्रेट है। इतना ही नहीं, कांग्रेस के युवराज कहे जाने वाले राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल द्वारा पारित एक प्रस्ताव को दिल्ली के प्रेस क्लब में आकर जैसे फाड़ा, वैसा अपमान आज तक देश के किसी प्रधानमंत्री का नहीं हुआ होगा। वह ऐसा मामला था जब प्रधानमंत्री के छोटे भाई ने ही बयान दिया था कि कुछ तो अपनी सरदारी का ख्याल रखिए। घपले-घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों, प्रधानमंत्री कार्यालय से ऊपर एक सत्ता केन्द्र से संचालित होने और कांग्रेस द्वारा ही अपमानित किए जाने के अनेक मामलों को लेकर मनमोहन सिंह को भारी आलोचना का सामना करना पड़ता था, पर वे शांत रहकर उसे आत्मसात कर लेते थे। कांग्रेस की कारगुजारियां छिपाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी कटु आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया था कि वे 'रेनकोट पहनकर नहाते थे।' इस सबके बावजूद भारत की मौजूदा सरकार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति जो सम्मान और संस्कार प्रकट किया है, वह सीख लेने लायक है। इसे पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रति प्रकट की जाने वाली राजनीतिक शालीनता और आदर्श व्यवस्था की तरह देखा जाना चाहिए। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के समाचार के बाद सरकार ने प्रोटोकॉल के तहत जो संभव था, वह तो किया ही। उससे भी कहीं अधिक जाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुई। ऐसा पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के समय भी नहीं हो पाया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम उनके संस्कार में सम्मिलित नहीं हो सके थे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का विषय अलग है। उनका निधन तब हुआ जब उनके द्वारा रोपे गए बीज से बना विशाल वृक्ष देश की सत्ता पर आसीन था और उनके सहचरी ही सत्ता को संचालित कर रहे थे। इतना सम्मान दिए जाने के बाद भी कांग्रेस स्मारक बनाने की आड़ में मनमोहन सिंह का एक और अपमान कराने का कारण बनी है। स्मारक का विवाद इसीलिए खड़ा किया गया है। यह जानते हुए भी कि उसकी एक प्रक्रिया है। इस सबके बीच एक पूर्व प्रधानमंत्री का नाम और चर्चा में आ गया- पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव। वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें देश की राजधानी में दो गज जमीन तक तो छोड़िए, अंतिम संस्कार का भी अवसर नहीं दिया गया और न ही सैन्य सम्मान। 2004 में जब उनका निधन हुआ तब उनकी ही पार्टी कांग्रेस की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे। जो सोनिया परिवार आज मनमोहन सिंह के लिए स्मारक की मांग कर रहा है, उसने अपने ही नेता नरसिंह राव के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे तक नहीं खोले थे। नरसिंह राव की पार्थिव देह 10 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर एंबुलेंस में आधे घंटे तक पड़ी रही पर उसे भीतर लाने की इजाजत नहीं दी गई। फिर राव के परिजनों पर यह दबाव बनाया गया कि वे यह बयान दें कि वे अपने पिताजी का अंतिम संस्कार हैदराबाद में करेंगे। यह बयान भी इस शर्त पर दिलवाया गया था कि यदि वे ऐसा करते हैं तो दिल्ली में नरसिंह राव की स्मृति में एक स्मारक बनाया जाएगा। इसके बाद प्रतीकात्मक तौर पर मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी समेत कुछ लोगों ने एंबुलेंस में पुष्पांजलि अर्पित कर उसे हवाई अड्डे के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसा क्यों किया गया, उसका एक कारण है, पर इसी में



छिपा कांग्रेसी संस्कार है। यही कांग्रेसी संस्कार पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के लिए भी प्रकट किया गया। जीवन भर कांग्रेसी रहे प्रणब दा के निधन पर कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा शोक प्रस्ताव न किए जाने को उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ही सामने लेकर आयीं हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा और संस्कारों को साथ लेकर चली और बढ़ी है, उसमें राजनीतिक विरोध को अस्पृश्यता के स्तर तक नहीं स्वीकार किया जाता। यही कारण है कि मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार और सम्मान में कोई कोर कसर नहीं रखी। यह पहला मौका था जब किसी राष्ट्रपति ने निगमबोध घाट पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हों। प्रोटोकॉल में यह आवश्यक नहीं था। राष्ट्रपति चाहती तो उनके आवास पर जाकर पुष्पांजलि कर सकती थीं। पर राजनीतिक विरोध और पक्ष-विपक्ष को नजरंदाज कर मोदी सरकार ने एक बड़ा संदेश दिया है। जहां तक स्मारक बनाने वाले स्थल पर ही अंतिम संस्कार का सवाल है तो यह जानना जरूरी है कि अब राजघाट के आसपास का स्थान इसके लिए एक नियम के अनुसार ही आवंटित किया जा सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के बाद भी पार्टी की ओर से तत्काल अटल स्मारक न्यास गठित किया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया और जहां आज 'अटल सदैव' स्मारक है, उसके लिए भाजपा ने एक प्रक्रिया का पालन कर जमीन का भुगतान किया है। कांग्रेस भी जब अपने किसी नेता के नाम पर स्मारक बनाकर सरकार से जमीन के लिए आवेदन करेगी, उसे मिल जाएगी। पर कांग्रेस को पहले यह तो बताना ही होगा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव का स्मारक कब बनवाएगी? सन् 2004 से लेकर 2014 तक सत्ता में रहने के बावजूद राव की आत्मा से किया गया वादा कांग्रेस नहीं निभा सकी। क्या वह मनमोहन सिंह से पहले नरसिंह राव का स्मारक बनाने का प्रस्ताव लाएगी? कांग्रेस ऐसा करे तभी नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, डॉ. आम्बेडकर, लाल बहादुर शास्त्री से लेकर सीताराम केसरी, नरसिंह राव और प्रणब मुखर्जी तक को अपमानित किए जाने के पाप से मुक्त हो पाएगी।(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार के संपादक हैं।)

# नेहरू को छोटा करने की नहीं, उनके काम से होड़ करने की जरूरत

भूपेन्द्र गुप्ता


देश में आज विकास को लेकर नए-नए नरेटिव गढने के अलावा इतिहास के पन्नों को कलंकित करने का चलन चल पड़ा है ।संगठित रूप से आजादी के बाद की सरकारों के कामकाज और योगदान को नीचा दिखाने की आक्रामक कोशिशें हो रही हैं। नई पीढ़ी में शोध के अभाव को देखकर उसे बरगलाने की चेष्टा की जा रही है।देश को उसके सही स्वरूप में पहचान कर देश के विकास की यात्रा की समझ और विकास की कल्पना को चोट पहुंचाई जा रही है ।जिससे वास्तविक इतिहास को जानने से ही रोका जा सके । देश के नेताओं को सुविधानुसार मिस कोट किया जा रहा है।ढमध्य प्रदेश में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के दौरान ऐसी ही बातें रखी गई जिससे महसूस हो कि जवाहरलाल नेहरू के समय से ही विकास की योजनाओं की उपेक्षा की गई । यहां तक कहा गया कि देश में बड़े-बड़े बांध बनाने और जल संरक्षण को समझने का काम देश में अन्य लोगों ने किया है।जल संसाधनों के संदर्भ में प्रधानमंत्री जी ने घुमाकर यह भी बताया कि जलशक्ति को मजबूत करने के दूसरे नेताओं के प्रयासों को जवाहरलाल नेहरू के नाम पर चिपका दिया गया ।क्या इस तरह का नेरेटिव बनाया जाना उचित है ।क्या यह सत्य है या महज नेहरू जी को नीचा दिखाने और संसद में बाबासाहब का उपहास करने से पैदा हुए संकट से निकलने के लिये भाजपा की रणनीति है। इसे समझने के लिए बेहतर होगा कि हम देश में जल संरचनाओं के इतिहास को जानें और समझें। सभी जानते हैं कि डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की मृत्यु 1956 में हो गई थी और वह नेहरू जी के मंत्रिमंडल में कानून मंत्री थे उनकी पूरी शक्ति संविधान की ड्राफ्टिंग, संविधान सभा के सभी सदस्यों के योगदान का संकलन कर संविधान को उसका स्वरूप देना था। न कि बांध बनवाना। तब भाजपा 2024 में बनने वाले दुहान बांध के बहाने युग पुरुषों को लड़वाने का नया काम क्यों शुरू कर रही है। भारत में नदियों को बांधने का इतिहास बहुत पुराना है।देश का सबसे पुराना बांध तमिलनाडु की कावेरी नदी पर बनाया गया था ।जिसे कल्लणै बांध कहते हैं।इसे 150 ईस्वी से 100 ईस्वी के बीच में चोल राजा करिकल ने बनवाया था। इसका अर्थ है कि नदियों को बांधने और जल संरचनाओं को बचाने तथा संरक्षित करने के लिए भारत में बांध बनाने की तकनीकी और संकल्प शक्ति हजारों साल पहले ही आ चुकी थी । आजादी के पहले भी मैसूर के राजा कृष्णा वाडियार ने कृष्ण राजा सागर बांध का 1911 में निर्माण शुरू किया था जिसे 1932 में मैसूर की जनता को समर्पित किया गया। इसके बाद ही आजादी के बाद बने बांधों का सिलसिला शुरू होता है ।आजादी के प्रथम वर्ष में भारत का कुल बजट मात्र 184 करोड़ रुपए था और पूरे देश में भुखमरी की स्थिति थी ।1943 में ही बंगाल के दुर्भिक्ष में 30 लाख लोग भूख से अपनी जान गँवा चुके थे। भुखमरी के इन हालातों में देश को आजादी मिली थी । यह स्पष्ट था कि खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाये बिना हम अपने लोगों का पेट नहीं भर सकते। उसके लिए सिंचाई चाहिए, नदियों पर बांध चाहिए किंतु हमारे पास धन भी नहीं था। ऐसे हालातों में भी 1947 में ही जवाहरलाल नेहरू ने उड़ीसा की महानदी पर हीराकुंड बांध की शुरुआत की, जिसे 1957 में देश को समर्पित किया गया ।इस बांध से 47 लाख एकड़ फीट जल संग्रहण और 347 मेगावाट बिजली का उत्पादन हुआ ।इसके तत्काल बाद 1948 में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तमिलनाडु में भवानी सागर बांध का शिलान्यास किया जो 1955 में पूरा हुआ। यह एक अर्दन डेम था जिसके माध्यम से 16 मेगावाट बिजली भी पैदा की जानी थी ।इसी तरह पंजाब में सतलज नदी पर 1948 में ही



भाखड़ा नंगल बांध की नींव डाली गई ।यह उस समय तक का सबसे बड़ा बांध था जिसमें 75 लाख एकड़ फीट जल संग्रहण होना था और 1325 मेगावाट बिजली का उत्पादन होना था ।जब 1963 में यह बांध देश को समर्पित किया गया तो इसके माध्यम से हरित क्रांति का आगाज हुआ।मैक्सिकन लाल गेहूं पर निर्भर भारत की जनता देशी खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी। कर्नाटक की तुंगभद्र नदी पर 1949 में कंपोजिट स्पिल वे डेम का शिलान्यास जवाहरलाल नेहरू ने किया जो 1953 में पूर्ण हुआ ।इससे 127 मेगावाट बिजली का निर्माण होता था । उत्तरप्रदेश में 1953 में रिहंद बांध की शुरुआत की गई जो 1962 में देश को समर्पित किया गया इससे 300 मेगावाट बिजली का निर्माण शुरू हुआ ।तेलंगाना में 1955 में कृष्णा नदी पर नागार्जुन सागर बांध की शुरुआत हुई जिसे 1967 में देश को समर्पित किया गया इस बांध से न केवल 93.72 लाख एकड़ फुट पानी सिंचाई के लिए मिला बल्कि 816 मेगावाट बिजली का भी उत्पादन हुआ । इसी तरह महाराष्ट्र की कोयना नदी पर 1956 में जवाहरलाल नेहरू ने कोयना बांध की शुरुआत की जिसे 1964 में देश को समर्पित किया गया। इस बांध से 24 लाख एकड़ फीट जल संग्रहण और 1960 मेगावाट बिजली का उत्पादन हुआ। आज के झारखंड में 1957 में मैथोन बांध की शुरुआत की गई यह बांध 60 हजार किलोवाट बिजली का उत्पादन भी करता है ।

मध्य प्रदेश की नर्मदा नदी पर 1956 में ही तवा बांध जो एक स्पिलवे बांध है, का निर्माण शुरू हुआ जो 1974 में देश को समर्पित किया गया ।आज देश में जिस सरदार सरोवर बांध की बार-बार चर्चा होती है उस सरदार सरोवर बांध की आधारशिला भी जवाहरलाल नेहरू ने 1961 में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रख दी थी जिसके माध्यम से आज मध्य प्रदेश महाराष्ट्र को बिजली और गुजरात को पानी मिल रहा है। तीनों प्रदेश इससे बनने वाली बिजली से रोशन हो रहे हैं। प्रथम प्रधानमंत्री मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दो-दो युद्धों का सामना करने के बावजूद अपने 17 साल के कार्यकाल में उड़ीसा की महानदी,तमिलनाडु की भवानी,कर्नाटक की तुंगभद्रा,उत्तरप्रदेश की रिहन्द,पंजाब की सतलज,मध्यप्रदेश की नर्मदा,महाराष्ट्र की कोयना,झारखंड की बारकार,तेलंगाना की कृष्णा नदियों को बांध दिया था।वे एक मिशनरी की तरह जुनूनी की तरह इस काम में लगे क्या यह आसान काम था?नौ राज्यों की नौ नदियों को बांधकर 17 साल में देश को समर्पित करना भगीरथी कल्प था।नेहरू ने यह काम तब कर दिखाया जब न पोकलेन थी न जेसीबी थी न इतनी उन्नत तकनीकि थी नेहरू के पुरुषार्थ को छोटा करने का कोई भी प्रयत्न देश के पुरुषार्थ को छोटा करने का प्रयत्न है।

## शब्द पहेली - 8357



**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर,-3,3


**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टौंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

**शब्द पहेली -8356 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | दा | न | व | ■ | अ | व | रो | ध |
| मा | न | ■ | ल | गा | म | ■ | ज | ड़ |
| न | ■ | रा | य | ■ | र | वा | ■ | क |
| स | ला | ह | का | र | ■ | द | ह | न |
| ■ | य | ■ | र | ■ | प | ■ | ल | ■ |
| म | न | का | ■ | आ | तं | क | वा | द |
| द | ■ | म | य | ■ | ग | म | ■ | स्त |
| हो | श | ■ | शो | र | बा | ■ | ना | क |
| श | ह | जा | दा | ■ | जी | व | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore





**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम हल होगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे । इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है । आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे । ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा। ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**सिंह राशि** : आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जायेगा ।

**कन्या राशि** : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ हास-परिहास और मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल-परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूराकरने की सोच रखें। बच्चे की गलती से निराशा हो सकती है। आवेश में आने की बजाय सहजता से मामला सुलझाने की कोशिश करें।

**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।

**धनु राशि**: आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। पारिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। अगर किसी वजह से स्ट्रेस बना हुआ है तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे । आज आपको कई जानकारियां मिलेंगी।

**कुंभ राशि**: आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक संबंधों में गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आज किसी समारोह के होने कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे ।

**मीन राशि**: आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा।


'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रितपंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।

संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।

फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com

❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ० यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## राज्य में अरंडी के तेल की भी प्रोसेसिंग और मार्केटिंग होगी



**पटना, एजेंसी।** राज्य में रेंड़ी यानी अरंडी के तेल की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग होगी। इसके लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में पांच प्रजाति के बीजों की खेती शुरू की गई है। विवि के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में 50 से अधिक किसान इसकी खेती करेंगे। उनको प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस तेल का इस्तेमाल बवासीर के इलाज में प्राकृतिक औषधि के रूप में किया जाता है। इस तेल का बाल लंबे, घने और काले करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावे खांसी, बवासीर और घाव भरने के लिए किया जाता है। अनुसंधान निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रेंड़ी के तेल का इस्तेमाल जैव ईंधन, सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिक्स और स्नेहक जैसे उद्योगों में किया जाता है। रेंड़ी के तेल का उद्योग लगाने वाली कंपनियों को स्टार्टअप को 25 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाता है। खेती से लेकर उद्योग स्थापित करने के लिए विवि की ओर से मदद की जाएगी। उद्योग में मार्केट लिंकेज से लेकर फंड और बैंक से जोड़ने का विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से किया जाएगा। बीएयू के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने कहा कि रेंड़ी की खेती के लिए जलवायु अनुकूल है। राज्य में नौ तिलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए विवि में शोध चल रहा है। अभी रेंड़ी की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## रोहतास में आपसी रंजिश में फर्नीचर व्यवसायी की हत्या

### बनारस में इलाज के दौरान गई जान, दुकान से बुलाकर बदमाशों ने मारी थी गोली

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत दावथ थाना क्षेत्र के योगधरा गांव में एक युवक की गांव मे ही आपसी रंजिश में गोली मार कर हत्या कर दी गई। युवक की इलाज के दौरान बनारस में मौत हो गई है। बताया गया कि मृतक अरुण पासवान की फर्नीचर की दुकान थी, जहां से बुला कर गोली मारा गया था। परिजनों आनन-फानन में घायल को लेकर बिक्रमगंज करुणा अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के बाद बनारस रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बनारस में मौत हो गई, रात में शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया।

**आपसी रंजिश में हुई हत्या :** घटना के बारे में बताया जाता है कि गांव के ही नागेंद्र पसवान के बेटे अरूण पासवान साथ कुछ लोग की रंजिश थी, जिसमें उन्हें शुक्रवार को देर रात गोली मार कर जख्मी कर दिया द्य घटना के खबर मिलते ही ग्रामीण और पीड़ित के चाहने वाले अस्पताल पर पहुंच स्थिति की जानकारी ले रहे है। पुलिस भी अस्पताल पहुंच परिजनों और ग्रामीणों से घटना की जानकारी इकठ्ठा करने मे जुट गई है।

## चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा :सीवान में बदमाश की हुई पिटाई, दूसरा आरोपी फरार

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के मैरवा थाना क्षेत्र के नरहिया गांव के मंदिर का मोटर चोरी करने वाले चोर को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।। मौके से दूसरा चोर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों नेपकड़े चोर को डायल-112 पुलिस टीम के हवाले कर दिया। टीम ने चोर को मैरवा थाना के हवाले कर दिया। पुलिस गिरफ्तार चोर से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार चोर मैरवा नगर के मिसकरहि मुहल्ले का बताया जाता है। ग्रामीणों ने चोर पर तीन साइकिल चुराने का आरोप लगाया। हालांकि मंदिर का मोटर चोरी करने के मामले में किसी ग्रामीणों ने थाना में आवेदन नहीं दिया है। मैरवा थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि चोरी की घटना के बाद चोर को पकड़ा गया है। ग्रामीणों ने चोरी के मामले में अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया है। चोर से पूछताछ जारी है।

# आज से चलेगी शीतलहर

# 3-4 डिग्री गिरेगा पारा



**पटना, एजेंसी।** बर्फबारी और बारिश से देश ठिठुरने लगा है। सोमवार से पटना समेत बिहार के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर चलेगी।नए साल में प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। अगले तीन दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 1 जनवरी 2025 से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसके बाद एक और ताजा पश्चिमी विक्षोभ 3 जनवरी 2025 से पश्चिमी हिमालय को प्रभावित कर सकता है। इसकी वजह से 1 जनवरी से तापमान में गिरावट दर्ज होने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान भी 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

बिहार के किसी भी जिले में आज बारिश होने की संभावना नहीं है। सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, आज पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में बादल छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा दरभंगा, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, कटिहार और भागलपुर जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा।

### इस वजह से बदला बिहार का मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तर पश्चिमी भारत पर पड़ेगा। साथ ही पूर्वी बांग्लादेश और उत्तरी पंजाब के पास एक चक्रवाती परिसंचरण भी बना हुआ है। पूर्वी और पश्चिमी हवाओं के निचले वायुमंडल में मिलने से बिहार के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

### कैसा रहेगा मौसम

30 दिसंबर: सोमवार को झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ में बारिश होने का अनुमान है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के कुछ हिस्सों में पाला पड़ेगा। राजस्थान के कुछ इलाकों में पारा शून्य से नीचे जा सकता है।

**31 दिसंबर:** ताजा बर्फबारी नहीं होगी, लेकिन अभी गिरी बर्फ ही कम तापमान के चलते नहीं पिघलेगी और अगले चार-पांच दिन तक बनी रहेगी। बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़, मप्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात में तापमान गिरेगा।

### राज्य में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी

बिहार में आपदा प्रबंधन विभाग ने शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने बिना काम के घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर्स (0612-2294204/05, 1070) भी जारी किया है।



## चोरी की 10 बाइक बरामद, गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** गया जिले के अति नक्सल प्रभावित बाराचट्टी थाना क्षेत्र में वाहन चोर गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चोरी की 10 बाइक बरामद करते हुए पुलिस ने गिरोह के 4 सदस्यों को अरेस्ट किया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। जानकारी एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने दी है। एसपी सिटी ने बताया कि 27 दिसंबर को बाराचट्टी थाना प्रभारी को सूचना मिली कि डंगरा मोड़ स्थित एक बाइक रिपेयरिंग दुकान में चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री हो रही है। कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दुकान पर छापा मारा। मौके से 2 बाइक के साथ दिलचंद उर्फ राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दिलचंद ने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम और उनके ठिकाने के बारे में जानकारी दी। अपराधियों से पूछताछ में मिली जानकारी व निशानदेही पर पुलिस ने काहुदाग और निमियाताड़ गांव में छापेमारी की। यहां से कुल 10 चोरी की बाइक बरामद हुईं। पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्य दीपक कुमार, प्रदीप मांझी और रूपन मांझी को भी अरेस्ट कर लिया।

### बाराचट्टी थाना में केस दर्ज किया गया है

बरामद बाइक में प्लसर, अपाचे, सुपर स्प्लेंडर, होंडा साइन और स्प्लेंडर प्लस शामिल है। उन्होंने बताया कि बलथर निवासी दिलचंद उर्फ राजेश कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप मांझी और रूपन मांझी निमियाताड़ के रहने वाले हैं। एसपी सिटी ने बताया कि इस मामले में बाराचट्टी थाना में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

## अंकित हत्याकांड में नाबालिग की गिरफ्तारी

### पार्टी के बहाने बुलाकर की थी हत्या, 6 दिन पहले भी दो किशोरों को पुलिस ने पकड़ा था

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना के रतन दुलारपुर बधार में 8वीं कक्षा के छात्र अंकित कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक और नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व 22 दिसंबर को पुलिस ने कांड का खुलासा करते हुए दो नाबालिग दोस्तों को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार दोनों की निशानदेही पर तीसरे नाबालिग आरोपित की गिरफ्तारी हुई है। नाबालिग को केस में अप्राथमिक आरोपित बनाया गया है जो मृतक के गांव का निवासी है। शुरुआती पूछताछ में पूर्व में हुई मारपीट की घटना के प्रतिशोध में घटना को अंजाम दिए जाने की बात सामने आ रही है।

### आठ को नामजद किया गया था

मृतक अंकित गजराजगंज ओपी के अख्तियारपुर-बड़कागांव निवासी गणेश यादव का पुत्र था। मृतक के पिता गणेश यादव के बयान पर मुफस्सिल थाना में हुई प्राथमिकी में



अख्तियारपुर-बड़कागांव गांव निवासी सोनू यादव उर्फ श्रवण यादव समेत आठ को नामजद आरोपित किया गया था। मालूम हो कि 11 दिसंबर की दोपहर छात्र अंकित के मोबाइल पर फोन कर पार्टी मनाने के लिए बुलाया गया था। 14 दिसंबर की अपराह्न करीब दो बजे छात्र का शव रतन दुलारपुर बधार से बरामद किया गया था। धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई थी। मृतक के पिता ने दो माह पूर्व खेलने के दौरान हुए झगड़े का कारण बताया था।

## नए साल पर औरंगाबाद के उमंगा पहाड़ पर उमड़ती भीड़: 52 देवी देवताओं का है शक्ति पीठ

### दर्शन करने और पिक्निक मनाने पहुंचते लोग

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के मदनपुर थाना क्षेत्र के उमंगा पहाड़ पर नए साल में काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐतिहासिक धार्मिक स्थल उंमगा पर्वत की प्राकृतिक बनावट का मजा लेते हैं। यहां आकर, लोग एक तरफ मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हैं। दूसरी तरफ घूमने और पिकनिक मनाने के उद्देश्य से भी यहां दर्शनार्थी पहुंचते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी बालमुकुंद पाठक, दिलीप पाठक, विष्णु पाठक और अन्य लोग बताते हैं कि यह 52 मंदिरों का समावेश है। कहा जाता है कि उमंगा पहाड़ पर 52 मंदिर 52 बिगहा में है, जो इतिहास समावेश किए हुए हैं। मुख्य रूप से यहां के पर्वत पर सूर्य मंदिर, माता उमगेश्वरी का मंदिर ,गणेश मंदिर, सहस्त्र शिवलिंगी मंदिर, काल भैरव मंदिर और गौरी शंकर मंदिर का लोग यहां पर दर्शन करते हैं। क्योंकि 52 मंदिरों का समावेश कहा जाता है। इसमें से मुगलों के शासनकाल में सभी को नष्ट कर दिया था। इसका अवशेष आज भी



लोग लोगों को देखने को मिलता है। यहां का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र होता है।

### बसंत पंचमी पर लगता है तीन दिनों का मेला

बसंत पंचमी में लगने वाला तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेला होता है। ये मेला तीन दिनों का लगता है, जहां से दूर-दूर से लोग लाखों की संख्या में आते हैं। मंदिर के निचले छोर से लेकर गौरीशंकर मंदिर तक तीन दिनों तक जमावड़ा बना रहता है। हालांकि, इसके विकास और संरक्षण के लिए सरकार और अधिकारियों ने कई तरह के वादे किए, लेकिन आज भी यहां मूलभूत सुविधाओं का आभाव है। पुजारी दिलीप पाठक ने बताया कि यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में पूजा अर्चना करने लोग आते हैं। यहां की प्राकृतिक बनावट लोगों को आकर्षित करती है। यहां पर पुजारियों के रहने के लिए रूम, आगंतुकों के लिए शौचालय, सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी असुविधा होती है। कई बार प्रशासन और सरकार से असुविधा को लेकर मांग की गई है, लेकिन अभी तक समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है।



## समस्तीपुर जंक्शन से मुक्त कराए गए सात बच्चे

### बाल मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे थे पंजाब, पुलिस को देखकर दलाल फरार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जंक्शन से जीआरपी और प्रयास संस्था के सहयोग से मधेपुरा और सहरसा से बाल मजदूरी के लिए ले पंजाब ले जाए जा रहे 7 बच्चों को मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए बच्चों में तीन बच्चे मधेपुरा के रहने वाले हैं जबकि चार बच्चे सहरसा के रहने वाले हैं।

बताया गया है कि सभी बच्चों को पंजाब में आलू खोदने के लिए ले जाया जा रहा था। रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों को शनिवार शाम मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें बाल कल्याण समिति को सौंपा जाएगा। बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार बच्चों को उनके परिजनों के हवाले किया जाएगा। ?

### शक होने पर पूछताछ की गई

सामाजिक संगठन प्रयास के काउंसलर सोनेलाल ठाकुर ने कहा कि समस्तीपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शनिवार शाम छोटे-छोटे बच्चों को बैग आदि लिए देखकर प्रयास और जीआरपी के पदाधिकारी बच्चों के पास पहुंचे और उनके अभिभावक के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान बच्चों ने सही जानकारी नहीं दी। कुछ बच्चों ने कहा कि सभी एक ठेकेदार के माध्यम से पंजाब में कमाने के लिए जा रहे हैं । सभी बच्चों की उम्र 10 से 14 वर्ष के बीच है। इसके बाद सभी बच्चों को रेस्क्यू कर जीआरपी थाना लाया गया। जहां मामला दर्ज किए जाने के बाद सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। ? बताया गया है कि बच्चों को पंजाब ले जा रहा दलाल भी स्टेशन पर ही था, पुलिस को देखकर फरार हो गया। ?

जीआरपी थाना अध्यक्ष बी आलोक ने बताया कि सभी बच्चों को रेस्क्यू कर आगे की प्रक्रिया के लिए बाल कल्याण समिति को सौंपा जाएगा। बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया जाएगा।

## सरकारी स्कूलों में प्रत्येक सप्ताह ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ की समीक्षा होगी

**पटना, एजेंसी।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बना है क्लब राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करने के लिए स्कूल स्तर पर ईको और यूथ क्लब तैयार किया जाता है। ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं या नहीं इसकी समीक्षा प्रत्येक सप्ताह की जाएगी। ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के लिए एलिमेंट्री स्कूलों को 15 हजार रुपए, प्राइमरी स्कूल को 5 हजार रुपए और सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद



की ओर से ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के गठन के लिए 30 दिसंबर तक का समय दिया गया है। यूथ और ईको क्लब का नाम बदला : अब यूथ और ईको क्लब का नाम बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से बदल कर ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ कर दिया गया है। प्रत्येक स्कूल को अब ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत ही राशि आवंटित की जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने को लेकर भी स्कूलों को सूची भेजी गई है। अलग-अलग प्रखंड के बीपीएम की ओर से प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत आयोजित गतिविधियों से संबंधित 10 से 12 फोटोग्राफ और एक से दो मिनट का वीडियो जिला शिक्षा कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा।

ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत जनवरी से मार्च तक यह गतिविधियां होंगी : ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत स्कूलों में जनवरी 2025 से मार्च माह तक आयोजित होने वाली शैक्षणिक गतिविधियों की सूची सभी स्कूलों को भेज दी गई है। इसमें जनवरी माह का विषय स्वास्थ जीवनशैली अपनाएं, फरवरी माह का विषय हरियाली और जैव विविधता और मार्च का विषय जल सरंक्षण रखा गया है। प्रत्येक विषय पर सात-सात शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए जल जीवन हरियाली मिशन और इसके उद्देश्य से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ में 11 थीम निर्धारित की गयी है। निर्धारित थीम के आधार पर सभी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी। इनमें जल संरक्षण और पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण और हरियाली विस्तार, स्थानीय समुदायों का सशक्तीकरण, प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण, सौर ऊर्जा का संवर्धन, मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण, कचरा प्रबंधन, सतत कृषि प्रथाओं का प्रोत्साहन, जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन और सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता थीम को शामिल किया गया है।

## जेल में लगेंगे इंटरकॉम, कैदी और परिजन आसानी से सुन सकेंगे एक-दूसरे की बात



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर मंडल कारा ने अब बंदी के मुलाकाती के लिए बेहतर व्यवस्था की है। इसे जनवरी से चालू कर दिया जाएगा। जेल प्रशासन अब इंटरकॉम की सुविधा देगा। इंटरकॉम फैसिलिटी की सुविधा का लाभ एक बार में 10 कैदी ले सकेंगे। इसके माध्यम से एक बार में 8 पुरुष और 2 महिला कैदी अपने परिजनों से बात कर सकेंगे। कैदी और उनके परिजन 15 मिनट तक इंटरकॉम से बात कर सकेंगे। अभी कैदी और उसके परिजनों को फिजिकली मुलाकात होती है। एक बार में अधिक मुलाकाती होने के कारण काफी शोरगुल होता है। इस वजह से न तो कैदी की बात उसके परिजन सुन पाते थे और न ही परिजनों के द्वारा कही जाने वाली बात कैदी ठीक से सुन पाते हैं। जेल प्रशासन ने नयी व्यवस्था की जानकारी डीएम और विभाग को दी है। इसके लिए जेल प्रशासन के द्वारा तैयारी लगभग कर ली गई है। जो जनवरी माह से चालू हो जाएगी। इसमें खास यह होगी की कैदी अपने परिजनों से आमने-सामने होकर फोन सुविधा से बात करेंगे। इससे कैदी और उसके परिजनों को यह फायदा होगा कि दोनों एक दूसरे के बात को अच्छी तरह सुन पाएंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024



संक्षिप्त समाचार

# एक जगह ऐसी भी जहां होता है कब्रों को ऊपर क्रिकेट मैच

**कानपुर** । एक कब्रिस्तान ऐसा भी है, जहाँ मरने के बाद भी सुकून नहीं है। ये सुकून छीन रहे है कब्रों के ऊपर क्रिकेट खेलते बच्चे और नवजवान। इस सबको देख कर फिर भी अनदेखा करते ज़िम्मेदारान इसके असली ज़िम्मेदार भी है।हम बात कर रहे है विसाती तकिया कब्रिस्तान की। छोटा गेट जो चुन्नी गंज की तरफ से है, वह सुबह से लेकर शाम तक क्रिकेट का दौर चला करता है। किसी के कब्र पर स्टम्प गडा हुआ है तो किसी के कब्र पर खड़े होकर बैटिंग हो रही है। कई कब्रों से दौड़ते हुए आकर गेंद फेकी जा रही है और कई कब्रों पर खड़े होकर फील्डिंग होती है।अपनी पारी का इंतज़ार करने वाले लड़के तो कब्र को ही अपनी सीट बना कर बैठे रहते है। स्थानीय नागरिको का कहना है कि क्रिकेट तो क्रिकेट कुछ लोग शाम होते ही जाने कहाँ से आ जाते हैं और यहीं कब्रिस्तान में ही बैठकर सिगरेट, बीड़ी,पीते हैं। अब सबसे बड़ा सवाल कब्रस्तान की देख रेख करने वाले जिम्मेदारो पर बनता है कि उनको ये सब दिखाई क्यों नही देता है। आखिर मिटटी सबको एक बराबर करती है यह बात वह लोग कैसे भूल जाते है।

# पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा आगामी नववर्ष के दृष्टिगत पश्चिम जोन के मुख्य रास्तों/चौराहों पर की गयी चेकिंग



**कानपुर**। पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन व अपर पुलिस आयुक्त महोदय (L/O) के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा आगामी नववर्ष के दृष्टिगत आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने व क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से मुख्य रास्तों/चौराहों पर पैदल गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व नशे मे वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर चेकिंग करते हुए आवश्यक कार्यवाही की गयी व ड्यूटी पर लगे अधि0/कर्म0 को आगामी नववर्ष के दृष्टिगत सतर्कता बरतने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

# प्रधानमंत्री के मन की बात का 117 वां एपिसोड को सुना




प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "मन की बात" का 117 वां एपिसोड आज वार्ड नंबर 32 देव नगर के बूथ नंबर 275 पर सुना गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर दिवाकर मिश्रा मन की बात के क्षेत्रीय प्रमुख अनूप अवस्थी मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे तेजस त्रिपाठी गोपाल अवस्थी बबली दीक्षित वीर जैन सहित कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित थे। मन की बात सुनने के उपरांत सभी उपस्थित लोगों ने मोदी जी द्वारा महाकुंभ की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने का निश्चय किया।

## 51 वरिष्ठ नागरिको का किया गया सम्मान



**कानपुर**। वार्ड 77 श्रीराम वाटिका बी ब्लॉक बडा पार्क विश्व बैंक कालोनी बर्रा में स्व अलट बिहारी बाजपेई जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में 51 वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा सांसद रमेश अवस्थी, विधायक महेश त्रिवेदी, बीजेपी जिला अध्यक्ष शिव राम सिंह व बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने 51 वरिष्ठ नागरिको को शॉल व सम्मान पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के आयोजक धर्मेन्द दीक्षित, राम जयसवाल, राजेन्द्र तिवारी, शिवशंकर (मोहित सक्सेना) का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। इन लोगों की वजह से यहां हर साल बुर्जुगो का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## नशीले पाउडर के साथ युवक गिरफ्तार, हैदराबाद पुलिस ने भेजा जेल




**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा 81 ग्राम नशीले पाउडर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवाजी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा कोटखेरवा गांव की ओर जाने वाले मार्ग से शनिवार रात्रि करीब एक बजे वाहन चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त उपेन्द्र सिह उर्फ जीतू पुत्र राजीव सिंह उर्फ मुन्ना उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कपरहा थाना हैदराबाद जनपद खीरी को 81 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा गया। हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर हैदराबाद स्थानीय थाने सहित अन्य थानों में करीब एक दर्जन से अधिक अपराधिक मुकदमे पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जय प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, महेश कुमार व आकाश यादव थाना हैदराबाद शामिल रहे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर में पेंशन, खेत, जमीन कब्जे कि शिकायत लेकर पहुंचे दिव्यांग

संवाददाता



**कानपुर**। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर में 313 दिव्यांग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। सबसे अधिक 238 पेंशन न मिलने, 6 जमीन व खेत पर कब्जे, 2 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर बसूली कि शिकायत , 14 दिव्यांगों ने रोजगार के लिए ऋण न मिलने कि शिकायत दर्ज कराई।शिविर में दिव्यांग पेंशन के 7 , कृत्रिम अंग के 4 , रेलवे रियायत के 18 , रेलवे यूनिक कार्ड के 15 , रोजगार के लिए ऋण के 9 आवेदन भरे गये। आज शिविर में मन्धना के प्यारे लाल ने पड़ोसी के उत्पीड़न से मुक्त करवाने, नारामऊ के अजीत कुरील ने भाई द्वारा जमीन व खेत पर कब्जा करने, घाटमपुर के गौरव कुमार, प्रियंका ने दिव्यांग प्रमाण पत्र के नाम पर वसूली करने, शास्त्री नगर के जौहर अली, काकादेव की ऊषा ने पेंशन खाते में न आने कि शिकायत की ।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों कि समस्याओं का समाधान कराने के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस आयुक्त व बैंकों के नोडल अधिकारी से सम्पर्क कर समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। दिव्यांग प्रमाण पत्र के नाम पर वसूली करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग होगी। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन अपनी जीभ किसी भी समस्या के लिए शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया गेट नम्बर चार के अन्दर किसी भी दिन सुबह 9 से 11 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।आज के समस्या समाधान शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह , वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, राहुल विश्वकर्मा, गौरव कुमार, मीरा कुशवाहा, गोमती वर्मा आदि शामिल थे।

» दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर वसूली कि प्राप्त हुई शिकायत
» थानों में नहीं दर्ज हो रही दिव्यांग उत्पीड़न की रिपोर्ट
» एन पी सी आई व के वाई सी न होंने के चलते रूक गयी है हजारों दिव्यांगों की पेंशन

# कानपुर में जारी बंद मंदिरों को खुलवाने का अभियान, मेयर पहुंची डिप्टी का पड़ाव

सुनील बाजपेई

**कानपुर**। सांप्रदायिक दृष्टिकोण से बहुत संवेदनशील कानपुर में सालों से बंद पड़े मंदिरों को खुलवाने का अभियान लगातार जारी है, जिस क्रम में यहां की भाजपाई मेयर प्रमिला पांडे आज रविवार को रायपुरवा का थाना क्षेत्र के डिप्टी पड़ाव पहुंचकर सालों से बंद पड़े मंदिर को खुलवाया। इस दौरान उनके साथ 2 कंपनी पीएसी और 5 थानों की फोर्स साथ रही।

इसके लिए मेयर करीब 100 मीटर तंग गलियों से होते हुए मंदिर के बाहर तक पहुंचीं। वहां देखा कि मंदिर के आसपास कब्जा किया गया था। इसके बाद मंदिर के अंदर गईं और पूजा अर्चना की। यहां मंदिर को बचाने के लिए हिंदू परिवार ने ही चारों तरफ घर बनाकर मंदिर को कवर कर लिया। यहां महापौर अंदर दाखिल हुई तो मंदिर पूरी तरह सुरक्षित मिला। पूरा परिवार मिलकर मंदिर को सुरक्षित रखे हुए है। आसपास मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है। मंदिर के अंदर सभी देवी-देवता सुरक्षित मिले और हिंदू परिवार मंदिर का रोजाना पूजन-अर्चन करता है। महापौर ने कहा कि अवैध निर्माण किया गया है। इसे तोड़ा जाएगा।

वहीं दूसरी ओर पूछने पर मंदिर की देखरेख करने वाले आदर्श तिवारी ने बताया-मंदिर करीब 100 साल पुराना है। ये पूरा मुस्लिम एरिया है। मंदिर की रक्षा करने के लिए आसपास दुकान और मकान बनाया है। याद रहे कि मेयर का यह तीसरा अभियान है। इससे पहले 19 दिसंबर, 23 दिसंबर को भी मंदिरों से कब्जा हटवाया था।

## पनकी दरबार तक पारिवारिक संगीतमय पदयात्रा निकाली गई

संवाददाता



**कानपुर**। श्री बजरंग भक्त परिवार मण्डल न्यास (रजि०) द्वारा पनकी हनुमान जी बाबा के दरबार तक की पारिवारिक संगीतमय पदयात्रा महंत श्री कृष्ण दास व श्री जितेन्द्र दास जी के पावन सानिध्य में बादशाही नाका हनुमान मन्दिर से निकाली गयी। यात्रा में हनुमान जी की भव्य प्रतिमा फूलों से सजे रथ पर विराजमान कराकर पूजन अर्चन कर व आरती उतार कर श्रद्धालु भक्तजन श्री राम नाम का गुणगान करते हुये बाबा की पताका लिये हुये साथ में चल रहे थे।मण्डल के एकादशम् वार्षिक उत्सव के रूप में आयोजित हुयी इस पदयात्रा का स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा एवं आरती उतार कर एवं भक्तों को स्वल्पाहार वितरित कर भव्य स्वागत किया गया।

बादशाहीनाका हनुमान मन्दिर से श्री लखन ओमर (छावनी परिषद) कानपुर नगर द्वारा झंडी दिखाकर यात्रा प्रारम्भ हुयी यह पद यात्रा मूलगंज, लाटूश रोड, डिप्टी पड़ाव, चन्द्रिका देवी, जरीब चौकी, दर्शनपुरवा, फजलगंज, विजयनगर होते हुए पनकी हनुमान जी बाबा के दरबार पहुँची।मण्डल द्वारा बाबा के दरबार को भव्य रूप से सजाया गया था। बाबा की आरती कर छप्पन भोग अर्पित किया गया। दरबार में श्री बजरंग सोनी एण्ड पार्टी द्वारा बाबा का संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। मन्दिर स्थल पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया, प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ हुआ यह भण्डारा देर रात्रि तक अनवरत चलता रहा। पदयात्रा में मण्डल की महिला मण्डल की सदस्याएं यात्रा में सम्मिलित महिलाओं का नेतृत्व करते हुये साथ चल रही थी। मण्डल द्वारा कार्यक्रम के विशेष सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पद यात्रा का संचालन पंकज अग्रवाल, मनीष दर्पण, विवेक शुक्ला,अमित गुप्ता, ज्ञानेन्द्र कुमार विश्नोई,मुकेश बागला, उत्कर्ष नरेश मिश्रा कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सलिल विश्नोई (MLC) अभिताभ बाजपेयी (विधायक) सौरभ अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,अर्पित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## महापौर बोलीं- अवैध कब्जे अपने से छोड़ दिया तो ठीक नहीं तो हमें गिराना पड़ेगा

संवाददाता

**कानपुर**। बंद मंदिरों को खुलवाने का बीजेपी मेयर प्रमिला पांडेय का अभियान जारी है। रविवार सुबह मेयर डिप्टी पड़ाव स्थित बंद मंदिरों को खुलवाने पहुंची। 2 कंपनी PAC और 5 थानों की फोर्स इस दौरान उनके साथ रही। मेयर करीब 100 मीटर तंग गलियों से होते हुए मंदिर के बाहर तक पहुंचीं। वहां देखा कि मंदिर के आसपास कब्जा किया गया था। इसके बाद मंदिर के अंदर गईं और पूजा अर्चना की। यहां मंदिर को बचाने के लिए हिंदू परिवार ने ही चारों तरफ घर बनाकर मंदिर को कवर कर लिया।मेयर ने कहा कि बंद मंदिरों को खोला जाएगा और इनमें पूजन भी किया जाएगा। बता दें मेयर का यह तीसरा अभियान है। इससे पहले 19 दिसंबर, 23 दिसंबर को भी मंदिरों से कब्जा हटवाया था।

भारी पुलिस फोर्स के साथ महापौर अंदर दाखिल हुई तो मंदिर पूरी तरह सुरक्षित मिला। पूरा परिवार मिलकर मंदिर को सुरक्षित रखे हुए है। आसपास मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है। मंदिर के अंदर सभी देवी-देवता सुरक्षित मिले और हिंदू परिवार मंदिर का रोजाना पूजन-अर्चन करता है। महापौर ने कहा कि अवैध निर्माण किया गया है। इसे तोड़ा जाएगा।

मंदिर की देखरेख करने वाले आदर्श तिवारी ने बताया-मंदिर करीब 100 साल पुराना है। ये पूरा मुस्लिम एरिया है। मंदिर की रक्षा करने के लिए आसपास दुकान और मकान बनाया है। ये नहीं बनाते तो मंदिर भी न बचता। मंदिर का गुंबद भी पूरी तरह सुरक्षित है। मंदिर का स्थान पूरी तरह बचाकर रखा गया है। मंदिर के चारों तरफ अवैध अतिक्रमण किया गया है। लोगों का कहना है कि मंदिर आने-जाने के लिए पहले बड़ा रास्ता हुआ करता था। लेकिन अब मंदिर के आगे मात्र 5 फीट चौड़ा संकरा रास्ता ही बचा है। आगे बड़ी मार्केट का निर्माण कर दिया गया है।डिप्टी पड़ाव स्थित मंदिर पर पहुंची मेयर ने कहा- यहां पर भी पूरा कब्जा है। जब सभी मंदिरों को तुड़वाकर ठीक कराएंगे तो उसमें ये मंदिर भी शामिल है। फोटो करवाकर अधिकारियों को बता दिया। जो अवैध हैं वो हटेंगे। अगर अपने से छोड़ दिया तो ठीक है नहीं तो हमें गिराना पड़ेगा।मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा-मंदिर को लेकर रोज एक घंटे अभियान चलेगा। मेरा ये कहना है किसी भी धर्म का कोई मंदिर हो, अगर वो छोड़ गए तो उसे वैसा ही रहने दें ताकि आने वाली पीढ़ी को आगे न जूझना पड़े।फोर्स के साथ पहुंचे एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा- भविष्य में मंदिर अतिक्रमण का शिकार न हों। इसका ध्यान रखा जाएगा।मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में महापौर ने सर्वे कराकर 124 मंदिरों को चिह्नित किया है। इनमें वो मंदिर शामिल हैं, जिन पर अन्य धर्मों के लोगों ने कब्जा कर लिया है। महापौर लगातार बंद मंदिरों में पहुंच रही हैं और साफ-सफाई करा उन्हें खुलवा रही हैं।

# जीआरपी ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

संवाददाता



**कानपुर**। सेन्ट्रल स्टेशन की जीआरपी टीम ने अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है । दिनांक 27 दिसंबर 2024 को शाम 7:30 बजे, प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास पार्सल कूड़ाघर के पास से संजय दास (उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम लक्ष्मी नारायणपुर, थाना लालगंज, जिला वैशाली, बिहार) को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के पास से 32 क्वार्टर (180ML) माउंटेन ओक व्हिस्की बरामद की गई है , जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10,000 है। अभियुक्त द्वारा शराब को अवैध रूप से ले जाया जा रहा था।पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उससे पूछताछ के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह अवैध शराब की तस्करी में कब से लिप्त है और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है।रेलवे पुलिस ने इस अभियान को सराहनीय बताते हुए कहा है कि आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा, ताकि रेलवे परिसर को अवैध गतिविधियों से मुक्त किया जा सके।

## मध्यदेशीय कांदू वैश्य सभा का चुनाव संपन्न



**कानपुर**।मध्यदेशीय कांदू वैश्य सभा के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष चुनाव अधिकारी सुदामा राम जी गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता माल रोड महामंत्री संजय गुप्ता शिवाला कोषाध्यक्ष जुगल किशोर गुप्ता आवास विकास तीन उपरोक्त पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।इसी के साथ सभा का ध्वजारोहण चित्र अनावरण एवं उपस्थित सदस्यों ने बाबा के चरणों में पुष्प अर्पित करके उत्साह पर दिखाकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर राजेंद्र गुप्ता पूर्व अध्यक्ष विश्वामित्र शिवकुमार गुप्ता रामेश्वर मद्धेशिया भारत जी गुप्ता अंकित गुप्ता नीलम बबीता गुप्ता मीना गुप्ता प्रियंका गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## विधिक सहायता कैंप के माध्यम से वृद्ध, महिला, दिव्यांग, विधवा, और असहाय लोगों को निशुल्क विधिक जानकारी दी गई




संवाददाता

**कानपुर**, विधिक प्रकोष्ठ, आम आदमी पार्टी कानपुर नगर, के तत्वाधान में निःशुल्क विधिक सहायता कैंप के माध्यम से वृद्ध, महिला, दिव्यांग, विधवा, और असहाय लोगों को निशुल्क विधिक जानकारी दी गई एवं साइबर ठगों के द्वारा आम आदमी को "डिजिटल अरेस्ट" करके उनकी मेहनत की कमाई को लूटने से बचाने के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन आज सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक स्थान गोविंद नगर 13 ब्लॉक सब्जी मंडी गोविंदनगर में किया गया जिसमें सैकड़ो व्यक्तियों द्वारा उक्त कार्यक्रम में आकर विधिक जानकारी ली गई एवं "डिजिटल अरेस्ट" के बारे में मुख्य जानकारी प्राप्त की और भविष्य में किसी प्रकार से अनजान मोबाइल नंबर के द्वारा में दिखाकर अथवा प्रलोभन देकर साइबर ठगों की बातों में न फंसने की कसम खाई तथा 1930 शिकायत करनी है, उक्त निशुल्क विधिक सहायता एवं "डिजिटल अरेस्ट" जागरूकता अभियान को सफल बनाने में आम आदमी पार्टी के कानपुर नगर प्रभारी अशुतोष सेंगर नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला के मार्गदर्शन में विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर कुमार शर्मा, एडवोकेट अश्वनी कुमार, कृष्ण कुमार सिंह चकित, देवेश शुक्ला, राजेंद्र मोबाइल, सतीश चंद्र ,आशीष कुमार जैन, सुधीर कुमार सिंह, मनिंदर सिंह, अरुण अरोरा, आदि ने उक्त आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया,

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

### राजनीति से हटकर जनभावनाओं से प्रेरित होते है एपिसोड-प्रकाश पाल

संवाददाता



**कानपुर**।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड को भाजपा दक्षिण के सभी बूथों पर रविवार को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना गया।क्षेत्रीय एवं जिलाध्यक्ष ने बूथ 7 पर उक्त एपिसोड को एलईडी टीवी पर देखा व सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम मे सबसे पहले देशवासियों को नववर्ष की बधाई दी और कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने हमे जो संविधान सौंपा है वो समय की कसौटी पर खरा उतरा है।26 जनवरी 2025 को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं ।यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा राज कपूर ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। रफी साहब की आवाज में वो जादू था जो हर दिल को छू जाता था।

एपिसोड के पश्चात भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मोदी द्वारा मन की बात एपिसोड मे लगातार उन मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की जाती है जिनका देश हर दिन सामना करता है।राजनीति से अलग हटकर ये कार्यक्रम जनभावनाओं से प्रेरित होते है।भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि पीएम मोदी एपिसोड के जरिए भारत के करोड़ों लोगों से जुडते है।प्रमुख रूप से पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष बालचंद्र मिश्र,पार्षद नवीन पंडित, सुनील नारंग, प्रकाश वीर आर्य, गुरविंदर सिंह गप्पी, सरदार राजिंदर सिंह जिंदी, राजीव अवस्थी, अरुण कुमार बाजपेयी,सरदार हरप्रीत सिंह, राजेश श्रीवास्तव, रोहित शुक्ला, दिव्यांशु बाजपेयी आदि रहे !

# अतिजरूरतमंद 11 दिव्यांगजन को बाल्टी,कम्बल,राशन सामग्री प्रदान कर अल्प सहायता की गई



संवाददाता

**कानपुर**।शिवराजपुर निवासी वीरेंद्र यादव द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आज इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त संयोजकत्व में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा शिवराजपुर में चिन्हित अतिजरूरतमंद 11 दिव्यांगजन को बाल्टी,कम्बल,राशन सामग्री(आटा,दाल,चावल,हल्दी,धनिया,नमक,बिस्कुट,रस्क) इत्यादि प्रदान कर अल्प सहायता की गई।सभी दिव्यांगजनों द्वारा डॉ अनुराग को बहुत आशीर्वाद प्रदान करने के साथ आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन की संरक्षिका श्रीमती पद्मिनी श्रीवास्तव,शिवराजपुर पर्यटन विभाग से उत्तम त्रिपाठी, निरंजन गुप्ता,गौरीशंकर कश्यप,पंकज द्विवेदी,बसन्त,अंकुल यादव सहित आजीवन सदस्य ऐश्वर्या श्रीवास्तव एडवोकेट व चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश, अब तक 177 की मौत, लैंडिंग के दौरान पहिए नहीं खुले

**सियोल।** साउथ कोरिया में मुआन एयरपोर्ट पर जेजू एयर का विमान क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक विमान में 175 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर समेत 181 लोग थे। 177 शव बरामद किए जा चुके हैं। रेस्क्यू टीम ने 2 लोगों को जिंदा बचा लिया गया। बाकी 2 यात्रियों के भी मारे जाने की आशंका जताई गई है। मरने वालों में 82 पुरुष और 84 महिलाएं हैं। 11 शवों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। हादसा भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 5:37 बजे (लोकल टाइम सुबह 9:07 बजे) हुआ। बैंकॉक से आ रहा प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था, लेकिन लैंडिंग गियर में खराबी की वजह से विमान के पहिए नहीं खुले। इमरजेंसी में विमान की बेली लैंडिंग कराई गई। इसमें प्लेन की बॉडी सीधे रनवे से टकराती है। इस दौरान विमान रनवे पर फिसलता हुआ एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया। उसमें धमाके के साथ आग लग गई। इधर रॉयटर्स ने खबर दी है कि हादसे के पहले मुआन एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) से प्लेन से पक्षी टकराने का अलर्ट भेजा गया था। प्लेन के लैंडिंग गियर में खराबी की एक वजह यह भी हो सकती है।



### अफगानिस्तान बॉर्डर पर तालिबान-पाक सेना में झड़प, 3 तालिबानी लड़ाके ढेर

**काबुल।** तालिबान ने शुक्रवार को अफगान सीमा के पास कुर्रम इलाके में पाकिस्तानी सैनिकों पर हमला कर दिया। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक इसमें 1 पाक सैनिक की मौत हो गई है वहीं, कम से कम 9 घायल हैं। पाकिस्तान की तरफ से की गई जवाबी कार्रवाई में 3 तालिबानी लड़ाके भी मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ओर से कुर्रम बॉर्डर के पास फायरिंग अभी भी जारी है। इसके अलावा पाक-अफगानिस्तान के बीच पक्तिका बॉर्डर पर भी झड़प जारी है। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार तड़के 4 बजे दक्षिणी सीमा पर अफगानिस्तान और पाकिस्तान सैनिकों के बीच झड़प हुई है। इसके बाद वहां खोस्त में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। हालांकि हमले में कितने लोगों की जान गई है इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 24 दिसंबर को पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान बॉर्डर के पास पक्तिका में एयरस्ट्राइक किया था। जिसमें 46 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान ने इस हमले में पाकिस्तानी तालिबान संगठन (TTP) के संदिग्ध ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था।



### मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं से कांग्रेस नाराज, आरोप- परिवार के लिए सिर्फ 3 कुर्सियां रखीं

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक विवाद के बाद कांग्रेस ने अब उनके उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में सरकार की तरफ से अव्यवस्था और अनादर देखकर हैरानी हुई। खेड़ा ने नौ पॉइंट में अंतिम संस्कार से जुड़ी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के परिवार के लिए 3 ही कुर्सियां रखी गईं। परिवार के बाकी लोगों को कुर्सियां मांगनी पड़ीं। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी पर ये आरोप भी लगाया कि जब डॉ. सिंह की पत्नी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया और गन सैल्यूट दिया गया तो पीएम मोदी और मंत्री खड़े नहीं हुए। खेड़ा ने कहा कि डॉ. सिंह सम्मान और गरिमा के हकदार थे। इस अव्यवस्था से ये साफ होता है कि एक महान नेता के प्रति केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों में कितनी कमी है। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है। भाजपा IT सेल प्रमुख अमित मालवीय ने रविवार को आरोप लगाया कि डॉ. मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन में कांग्रेस का कोई भी नेता नहीं पहुंचा।



### हिमाचल में बर्फीला तूफान, अटल टनल बंद, श्रीनगर एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स रद्द, ट्रेनें भी बाधित

**नई दिल्ली।** बर्फबारी, ओलावृष्टि और बारिश से पूरा देश ठिठुर गया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों पर साल का सबसे भारी हिमपात हुआ। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 8 इंच, गांदरबल में 7 इंच, सोनमर्ग में 8 इंच बर्फ गिरी। वहीं, पहलगाम में 18 इंच बर्फ गिरी। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद हो गया है। यहां करीब 1200 से ज्यादा गाड़ियां फंसी हुई हैं। खराब मौसम के कारण रविवार को लगातार दूसरे दिन श्रीनगर एयरपोर्ट बंद है। रेलवे यातायात भी बाधित हुआ है। उधर, हिमाचल प्रदेश में शनिवार रात बर्फीला तूफान चला। 24 घंटे में रोहतांग के नॉर्थ और साउथ पोल पर 3 फीट से ज्यादा बर्फ जम चुकी है। अटल टनल पर आवाजाही बंद कर दी गई है। दूसरी ओर, राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश हुई। दिल्ली में शनिवार सुबह तक एक दिन में 41.2 मिमी बारिश हुई। यह दिसंबर में 101 साल में एक दिन में होने वाली सर्वाधिक बारिश है। मध्य प्रदेश के भी कई जिलों में तेज बारिश और ओले गिरे। भोपाल में शनिवार को हुई 17mm (पौन इंच) बारिश ने नया रिकॉर्ड बनाया। यह 5 साल बाद दिसंबर में एक दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश है।



### वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन का 5वां दिन, भूख हड़ताल भी जारी

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकूटा पहाड़ियों में रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ बंद रविवार को 5वें दिन भी जारी है। 18 प्रदर्शनकारियों को कटरा पुलिस ने 3 दिन पहले गिरफ्तार किया था, जिनकी रिहाई की मांग के लिए 5 अन्य प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (JCCI) ने श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है और प्रशासन से बातचीत के जरिए मुद्दे को सुलझाने की बात कही है। इस बीच, डिप्टी CM सुरिंदर चौधरी ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए कहा- रोपवे प्रोजेक्ट का फैसला गलत है। यदि कटरा के लोग रोपवे परियोजना नहीं चाहते हैं, तो श्राइन बोर्ड और एलजी को उनकी बात सुननी चाहिए और समस्याएं हल करनी चाहिए, क्योंकि इससे 40 हजार लोगों का रोजगार छिन जाएगा। दरअसल, वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं के मंदिर जाने के लिए कटरा में ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण करवा रहा है। अभी तक वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को खच्चर और पालकीवाले ही मंदिर दर्शन कराने ले जाते हैं। ये उनके कमाई का जरिया है। इसलिए वे रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं।

# बंगाल में बिक रही बांग्लादेशी सिम, इन्हें ट्रैक करना मुश्किल

**एजेंसी, बहरमपुर (प. बंगाल)**



♦ इंटरनेशनल की जगह लोकल कॉल पर बातचीत, सीमा में पांच किमी अंदर तक ये सिम एक्टिव

जगहः बांग्लादेश सीमा पर बसा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले का गांव श्रीरामपुर। समयः दोपहर 2 बजकर 36 मिनट। इस समय यहां साप्ताहिक हाट लगा हुआ है। यहीं हमारी मुलाकात स्थानीय मोहम्मद अशफाक से हुई। उनके हाथ में कीपैड फोन था, जिससे वो बार-बार बांग्लादेश कॉल कर रहे थे। मैंने कॉल रेट के बारे में पूछा तो बोले- यह इंटरनेशनल नहीं, लोकल कॉल है, क्योंकि फोन में बांग्लादेश की सिम है। इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करता हूं, इसके लिए लोकल सिम चाहिए। मैंने पूछा- सिम कहां से मिली, तो बोले- यहीं। आपको चाहिए क्या? मैंने कहा- नहीं। इसके बाद मैं वहां से निकल आया।बांग्लादेश से सटे बंगाल बॉर्डर पर यही सिम सीमा सुरक्षा बल (BSF) का सिरदर्द बनी हुई हैं। अगस्त में बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से श्रीरामपुर में बाहरी सिम की खरीद-बिक्री होने लगी है। बांग्लादेश के ज्यादातर टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स के नेटवर्क भारतीय सीमा में पांच किमी भीतर तक आते हैं। यानी तस्कर दो देशों के बीच लोकल कॉल पर बात कर रहे हैं। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीते दिनों कुछ तस्कर जब भागकर बांग्लादेश की सीमा में जा रहे थे, तब उनका एक फोन गिर गया था। इसमें बांग्लादेशी सिम थी। तब हमें भारतीय इलाके में विदेशी सिमों के एक्टिव होने की जानकारी मिली। इन्हें ट्रैक करने की तकनीक फिलहाल हमारे पास नहीं है। BSF के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के DIG एनके पांडे ने बताया कि बांग्लादेशी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे तस्करों को ट्रैक करना सबसे बड़ी समस्या बन गई है। वहीं, बीएसएफ की बहरमपुर रेंज के डीआईजी अनिल कुमार सिन्हा के मुताबिक हमने निगरानी बढ़ाने के लिए नदिया से जवानों की एक कंपनी जंगीपुर भेजी है।

# बेंगलुरु में टेक्निकल एक्सपर्ट के 1.3 करोड़ ठगे

**एजेंसी, बेंगलुरु**



आरोपियों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग करवाई, फंसाने के लिए मुनाफे के स्क्रीनशॉट शेयर किए

बेंगलुरु में एक टेक्निकल एक्सपर्ट 1.3 करोड़ रुपए की ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर टेक्निकल एक्सपर्ट को पहले ट्रेडिंग की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी। छोटी रकम का मुनाफा देकर उसे भरोसे में लिया। बाद में उससे बड़ी रकम लेकर गायब हो गए। आरोपियों ने यह सब एक टेलीग्राम ग्रुप के जरिए किया। बाद में इसे डिलीट कर दिया। पुलिस ने टेक्निकल एक्सपर्ट की शिकायत पर IT एक्ट के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने फर्जी नंबरों के साथ ग्रुप बनाया, इन्वेस्टमेंट में मुनाफे के झूठे सबूत दिखाए यह घोटाला तब शुरू हुआ जब इस शख्स को एक टेलीग्राम ग्रुप के बारे में बताया गया। इस ग्रुप को सुरेंद्र कुमार दुबे नाम के एक व्यक्ति नेबनाया था। सुरेंद्र खुद को ट्रेडिंग लीडर बताता था। ग्रुप में लगभग 60 मेंबर थे। इन लोगों ने ग्रुप को वैलिड दिखाने के लिए अपने मुनाफे के स्क्रीनशॉट शेयर किए थे। बाद में ये लोग सुरेंद्र के लिए काम करने वाले जालसाज निकले।

इन लोगों के झांसे में आकर टेक्निकल एक्सपर्ट ग्रुप पर दी गई लिंक के जरिए डीमैट अकाउंट खोला। फिर 10 हजार का इन्वेस्टमेंट किया।यह अमाउंट 7 दिन में दोगुना हो गया। इसके बाद टेक्निकल एक्सपर्ट ने इन्वेस्टमेंट बढ़ा दिया। प्लेटफॉर्म की जांच करने के लिए उन्होंने 85,036 रुपए निकालने का प्रयास किया और पैसे मिले भी। हालांकि, जब टेक्निकल एक्सपर्ट ने 20 लाख निकालने चाहे तो उनका खाता ब्लॉक कर दिया गया। कुछ ही समय बाद, जालसाजों ने टेलीग्राम ग्रुप ही डिलीट कर दिया और उनका पता नहीं चल पाया।

# मद्रास हाईकोर्ट ने कहा- पुलिस सावधानी बरते, ऐसी बातें हॉस्टल में लड़के छुपकर पढ़ते

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग स्टूडेंट के रेप केस में शनिवार को मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस एस एम सुब्रमण्यम और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायण की वेकेशन बेंच ने 2 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि पुलिस की FIR में लिखा है कि पीड़ित ने ऐसे कपड़े पहने थे जिससे अपराध हो सके।

इसके अलावा अन्य जो बातें लिखी हैं कि उसमें पीड़ित के सम्मान के अधिकार और निजता के अधिकार का उल्लंघन किया गया है। पुलिस को थोड़ा संवेदनशील होने की जरूरत है। पीड़ित एक छात्रा है और उसकी उम्र केवल 19 साल है। क्या FIR दर्ज करने में पीड़ित की सहायता करना SHO का कर्तव्य नहीं है। FIR में ऐसी बातें लिखी हैं जैसी लड़के हॉस्टल में छुपकर पढ़ते हैं।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा कि क्या महिला अपने पसंद के कपड़े नहीं पहन सकती। या वह अकेले कहीं नहीं जा सकती। एक महिला को सामाजिक कलंक से ऊपर उठना चाहिए।

**सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट के आदेशः** हाईकोर्ट ने FIR लीक होने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बेंच ने कहा इससे पीड़ित को शर्मिंदा होना पड़ा। उसे और अधिक मानसिक पीड़ा हुई है। बेंच ने राज्य सरकार को इसके बदले पीड़ित को 25 लाख रुपए मुआवजा देने का भी आदेश दिया। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि रेप केस की जांच के लिए SIT गठित की जाए। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में तीन महिला IPS अधिकारी स्नेहा प्रिया, अयमान जमाल और एस बृंदा एसआईटी शामिल हों। हमें उम्मीद है कि एसआईटी टीम इस मामले को गंभीरता से लेगी और चार्जशीट दाखिल करेगी।

# भाजपा फर्जी वोटिंग करानी चाहती हैः केजरीवाल

# मेरी विधानसभा में 5000 नाम कटवाकर, 7500 नए नाम जुड़वाने की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




AAP के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा- दिल्ली में भाजपा ने ऑपरेशन कमल शुरू कर दिया है। वे इस बार फर्जी वोटिंग के सहारे जीतने का प्लान बना रहे हैं। पूर्व CM ने कहा- पिछले 15 दिनों में वोटर्स के आंकड़ों में गड़बड़ी देखने को मिली है। इस दौरान 5000 नाम कटवाने और 7500 नए नाम जुड़वाने को लेकर चुनाव आयोग को एप्लिकेशन दी गई है। केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। उधर आप सांसद संजय सिंह का दावा है कि बीजेपी ने उनकी पत्नी अनीता सिंह का भी वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की एप्लिकेशन दी है। जबकि वे नई दिल्ली विधानसभा की वोटर हैं।

**केजरीवाल के आरोपः** नई दिल्ली विधानसभा में पिछले 15 दिनों में इन्होंने (बीजेपी ने) पांच हजार वोटर्स का नाम कटवाने की एप्लिकेशन डाली है। वहीं 7500 नए वोटर्स का नाम जुड़वाने की एप्लिकेशन भी दी है। मेरी विधानसभा में कुल वोटर्स एक लाख छह हजार हैं। इसमें से 5% वोटर्स का नाम डिलीट करवा रहे हैं। 7.5% वोटर्स के नाम जुड़वा रहे हैं। ऐसे में अब चुनाव ही क्यों करा रहे हैं। चुनाव के नाम पर इस देश में खेल हो रहा है। अगर 12% वोट इधर से उधर कर देंगे तो बचेगा क्या। अगर आंकड़ों में गड़बड़ी है तो चुनाव आयोग पर बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह लग जाता है।

# तीसरी बेटी होने पर पति ने पत्नी को जिंदा जलाया

**एजेंसी, परभणी**



♦ आग की लपटों में घिरी सड़क पर दौड़ी, लोगों ने कंबल-पानी फेंका पर बचा नहीं सके

महाराष्ट्र के परभणी में 26 दिसंबर की रात करीब 8 बजे एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया। आग की लपटों में घिरी महिला सड़क पर दौड़ती दिखी तो कुछ लोगों ने पानी-चादर से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन महिला को बचा नहीं सके। शनिवार को घटना का CCTV फुटेज सामने आया है। कुंडलिक काले अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ परभणी के फ्लाई ओवर इलाके में रहता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी कुंडलिक काले कुछ दिन पहले तीसरी बार पिता बना था। उसकी दो बेटियां पहले से थीं, इस बार भी बेटी होने के कारण वह पत्नी से नाराज था। कुंडलिक के खिलाफ उसकी पत्नी की बहन ने पुलिस थाने में हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी कुंडलिक को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक महिला की बहन का बयान दर्ज किया गया है।

# सुखबीर बादल का इस्तीफा नए साल में स्वीकार होगा, 14 दिसंबर को कार्यकाल समाप्त हुआ

**एजेंसी, अमृतसर**



सदस्यता अभियान की तैयारियां शुरू

अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल का इस्तीफा जनवरी के पहले सप्ताह में स्वीकार किया जा सकता है। इसके साथ ही पार्टी नए साल में सदस्यता अभियान शुरू करने की योजना बना रही है। कल ही सुखबीर बादल के सेक्टर-9 स्थित आवास पर अकाली दल की कोर कमेटी, कार्यकारिणी, जिला अध्यक्षों और हलका इंचार्जों के साथ बैठक हुई थी। कार्यकारिणी ने जमीनी स्तर पर नेताओं से विचार-विमर्श के बाद इस्तीफे को लेकर फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार सुखबीर बादल ने पार्टी के जमीनी हालात और मौजूदा राजनीतिक हालात पर नेताओं से चर्चा की और उनकी राय ली। ज्यादातर नेताओं ने सुखबीर का समर्थन किया और उनके साथ खड़े होने का भरोसा जताया।

**इस्तीफे पर लंबी चर्चाः** सुखबीर बादल पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश के तहत कार्यकारिणी को इस्तीफा स्वीकार कर अकाल तख्त सचिवालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, अकाली नेताओं ने धार्मिक सेवाओं का हवाला देते हुए कार्यकारिणी की बैठक के लिए समय मांगा था, जिसे मंजूर कर लिया गया। बैठक में सुखबीर बादल के इस्तीफे पर लंबी चर्चा हुई। बैठक के दौरान साफ तौर पर संकेत दिए गए कि नए साल में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा और ऐसे कार्यकर्ताओं और व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाएगा जो जमीनी स्तर पर भरोसेमंद हैं और पार्टी नेतृत्व के प्रति वफादार हैं।

**श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश का होगा पालनः** कार्यसमिति ने फैसला किया है कि जनवरी के पहले सप्ताह में सुखबीर बादल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि श्री अकाल तख्त साहिब ने इस्तीफा स्वीकार करने का आदेश दिया है। अगर इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया तो इससे जनता और पंथक हलकों में यह संदेश जाएगा कि अकाली नेतृत्व श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का पालन नहीं कर रहा है। दूसरी ओर, सुखबीर बादल का अध्यक्ष पद का कार्यकाल 14 दिसंबर को समाप्त हो चुका है।

# डल्लेवाल बोले- SC चाहता किसानों पर गोलियां चले

**एजेंसी, पंजाब**



पंजाब बंद के आह्वान को मिल रहा समर्थन, किसान बोले- आज शाम ही कर लें काम

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन आज 34वें दिन में प्रवेश कर गया है। एक तरफ किसानों ने पंजाब बंद की तैयारी शुरू कर दी है। आज हरियाणा के हिसार के गांव बास में महापंचायत बुलाई गई है। इसके साथ ही किसानों को पंजाब बंद को लेकर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों का समर्थन मिलना शुरू हो गया है। शनिवार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने किसानों के समर्थन में 30 दिसंबर को अपने सभी कार्यालय बंद रखने की घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं, एसजीपीसी ने 30 दिसंबर को रखी गई बैठक को भी रद्द कर 31 दिसंबर को अंतरिम कमेटी की बैठक बुलाने का फैसला किया है।

वहीं, पंजाब रोड़वेज बस यूनियनों ने भी किसानों का समर्थन करने की बात कही है। वे 30 दिसंबर को सुबह 7 से शाम तक बसें नहीं चलाएंगे। जिसके बाद किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने संदेश दिया है कि किसी को भी अगर सोमवार काम है तो वे उसे आज निपटा ले। अन्यथा कल उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन इमरजेंसी सेवाओं को घबराने की जरूरत नहीं है। वे सुचारु रूप से जारी रहेंगी।

**31 दिसंबर को डीजीपी व सचिव को दाखिल करना है हलफनामाः** इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट लगातार पंजाब सरकार को फटकार लगा रहा है। 31 दिसंबर को पंजाब के डीजीपी और सचिव को हलफनामा दाखिल करने के आदेश दिए गए हैं। डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी सवाल उठाए हैं। डल्लेवाल ने कहा कि एक तरफ माननीय सुप्रीम कोर्ट उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जता रहा है और दूसरी तरफ उन्हें किसी भी तरह से जबरन अस्पताल में भर्ती कराने का आदेश देने की कोशिश की जा रही है, यह कैसी हमदर्दी है? उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार को कोई निर्देश नहीं दे रहा है और जानबूझकर इस मुद्दे को राज्य सरकार तक सीमित रखने की कोशिश की जा रही है, जबकि हमारी मांगें केंद्र सरकार से हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर संसद और सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की सिफारिशों को भी लागू नहीं कर रही है।

**डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट की प्रतिक्रिया पर उठाया सवालः** डल्लेवाल ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को कहीं से न्याय नहीं मिलता तो उसकी आखिरी उम्मीद सुप्रीम कोर्ट से होती है। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखकर लग रहा है, कि जैसे वे भी चाहते हैं कि सरकार किसानों पर गोलियां चलाए। उन्होंने कहा कि वे अपनी इच्छा से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उन पर किसी का दबाव नहीं है। केंद्र सरकार के इशारे पर जानबूझकर यह भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे किसी के दबाव में हैं। वे किसानों को उनके हक दिलाने के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने चर्च में लगाए धार्मिक नारे

**एजेंसी, शिलॉन्ग**



मेघालय में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसके दो साथियों के खिलाफ चर्च में जय श्री राम का नारा लगाने के आरोप में FIR दर्ज की गई है। इन्फ्लुएंसर का नाम आकाश सागर है। उसने नारे लगाने का वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया था, जहां उनके 1.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। घटना 26 दिसंबर की है। वीडियो में आकाश मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले में स्थित मावलिन्नॉन्ग के चर्च ऑफ एपिफनी में अपने साथियों के साथ दिखाई दे रहा है। इस दौरान वह चर्च के वेदी (altar) में माइक पर धार्मिक नारा लगा रहा है और उसके 2 साथी बेंच पर बैठकर ये सुन रहे हैं। इनके अलावा एक व्यक्ति वीडियो बना रहा है। हालांकि, घटना के समय चर्च में कोई नजर नहीं आ रहा है। ये वही चर्च ऑफ एपिफनी है, जहां सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने धार्मिक नारे लगाए। ये वही चर्च ऑफ एपिफनी है, जहां सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने धार्मिक नारे लगाए। एक्टिविस्ट बोले- ईसाई धर्म और चर्च की पवित्रता का अपमान मामले को लेकर शिलॉन्ग की एक्टिविस्ट एंजेला रंगद ने लैटुमखरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने इस घटना को जानबूझकर और सोची-समझी साजिश बताया। एक्टिविस्ट ने आरोप लगाया कि इस हरकत का उद्देश्य ईसाई धर्म और चर्च की पवित्रता का अपमान करना और धार्मिक सौहार्द वाले इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था।

# मेलबर्न टेस्ट : चौथे दिन का खेल खत्म, 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की बढ़त

एजेंसी, मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं। नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए अब तक 55 रन की साझेदारी कर ली है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। इससे पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 20 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। कोंस्टास ने 8 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए। फिर सिराज ने स्टीव स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को चलता कर दिया। हेड केवल 1 रन बना सके, जबकि मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया का 91 के स्कोर पर छठा विकेट गिरा। बुमराह ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी दो रन बना सके। हालांकि दूसरे छोर से मार्नस लाबुशेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का 23वां अर्धशतक पूरा किया। लाबुशेन को सिराज ने अपने जाल फंसाया और उन्हें एल्बीडब्ल्यू कर पलेवियन भेजा। लाबुशेन ने 139 गेंद में 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का आठवां विकेट 156 के स्कोर पर गिरा। मिचेल स्टार्क 5 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को 173 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 90 गेंद में चार चौके की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन लियोन ने स्कॉट बोलैंड के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 300 के पार पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में अब तक 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने अब तक चार विकेट और मो. सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला है। भारतीय टीम की पहली पारी 369 रन पर समाप्त हुई।



टीम ने आज नौ विकेट पर 358 रन से आगे खेलना शुरू किया। नीतीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज केवल 11 रन जोड़ सके। नीतीश आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 189 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 114 रन की शानदारी पारी खेली। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 82 रन, कप्तान रोहित शर्मा 3 रन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन, ऋषभ पंत 28 रन, रवींद्र जडेजा 17 रन और वॉशिंगटन सुंदर 50 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट लिए।

## बुमराह सबसे तेजी से 200 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रुप से दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने


**एजेंसी, मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन अपने 200 विकेट पूरे करने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने अपने 44वें टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए। ट्रेविस हेड का विकेट उनका टेस्ट में 200वां विकेट था। बुमराह ने 8484 गेंदों पर अपने 200 विकेट पूरे किए। इस प्रकार बुमराह बुमराह सबसे तेजी से 200 विकेट लेने वाले संयुक्त रुप से दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले स्पिनर रवींद्र जडेजा ने भी 44वें टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। भारतीयों में केवल आर अश्विन ही बुमराह से तेज 200 विकेट लेने में सफल रहे हैं। अश्विन ने 38वें टेस्ट में ये उपलब्धि हासिल की थी। बुमराह ने इस दौरान अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 200 टेस्ट विकेट लेने के लिए 9896 गेंदें फेंकी थीं। कुल मिलाकर देखा जाये तो ओवरऑल जसप्रीत बुमराह इस मामले में चौथे नंबर पर हैं। बुमराह ने 200 टेस्ट विकेट लेने के लिए 8484 गेंदें ली हैं। वहीं पाकिस्तान के वकार यूनुस, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन और कगिसो रबाडा इस मामले में उनसे आगे है।बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में ट्रेविस हेड को नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर अपने 200 विकेट लिए। 200 या उससे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने के मामले में बुमराह औसत के मामले में सबसे आगे हैं। इस मामले में बुमराह ने वेस्टइंडीज के मैल्कम मार्शल, जोएल गार्नर और कर्टली एम्ब्रोस जैसे दिग्गजो को भी पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने अब तक 44 टेस्ट मैचों में 19.38की औसत से 202 विकेट लिए हैं। वहीं मैच की बात करें भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 474 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में 369 रनों पर ही आउट हो गयी।

## करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रायोजक तलाशे महासंघ : बोपन्ना

एजेंसी, मुंबई

अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने करण सिंह को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। बोपन्ना ने कहा है कि करण जैसी खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सभी प्रकार से सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है।

उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है।'' बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।



## विराट और कोंस्टास मैच के बाद एकसाथ दिखेंगे : स्टुअर्ट क्लार्क

एजेंसी, मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट क्लार्क ने कहा है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले ही दिन भारत के विराट कोहली और मेजबान टीम के युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास के बीच हुई टक्कर को अधिक तूल नहीं देना चाहिये। क्लार्क ने कहा कि कोंस्टास भी विराट की तरह ही एक प्रतिस्पर्धी क्रिकेटर नजर आते हैं और वह कंधा टकराने जैसी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। साथ ही कहा कि मैच के बाद ये दोनो ही एकसाथ हंसते हुए नजर आयेंगे। मेलबर्न में चौथे टेस्ट के दौरान कोहली पर कोंस्टास से जबरन टकराने




को आरोप लगा था। इसके लिए उनपर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना भी लगा। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों ने भी उनपर निशाना साधा। क्लार्क ने कहा कि दो बेहद प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों की आपस में अच्छी बनती है। उन्होंने कहा कि कोंस्टास भी प्रतिस्पर्धी है। वह अच्छा खेलना चाहता है। उस तरीके से देखा जाये यह मामला पुरानी बात हो जाएगा और मुझे हैरानी नहीं होगी अगर कोहली भी उसे अपनी से सलाह देते हुए दिखे। क्लार्क ने कहा कि सैम आक्रामक खिलाड़ी है और वह पारी शानदार थी। मैं देखना चाहता हूं कि वह दूसरी पारी में कैसे खेलता है। वह आक्रामक खेलता है या पारंपरिक ।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने पहले सीजन के लिए 12 टीमों की घोषणा की

एजेंसी, गुरुग्राम

ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने आधिकारिक तौर पर 12 फ्रेंचाइजी टीमों और लीग के लोगो का अनावरण किया है, जिससे इसके पहले सीजन के लिए उत्सुकता और बढ़ गई है। यह लीग, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं पर समान रूप से जोर दिया जा रहा है, अपने अभिनव प्रारूप और समावेशी दृष्टिकोण के साथ खेल में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। टीमों के नाम रणनीतिक रूप से उनकी क्षेत्रीय पहचान को दर्शाने के लिए रखे गए हैं। इनमें महिला टीमें मराठी फाल्कन्स, भोजपुरी लेपर्ड्स, तेलुगु चीता, तमिल लायनेस, पंजाबी टाइग्रेस और हरियाणवी ईगल्स हैं। पुरुषों की टीमें मराठी वल्चर्स,




भोजपुरी लेपर्ड्स, तेलुगु पैंथर्स, तमिल लायंस, पंजाबी टाइगर्स और हरियाणवी शार्क्स शामिल हैं। जीआई-पीकेएल ने अपनी टैगलाइन #कबड्डी की नई जंग भी जारी की, जो पुरुषों और महिलाओं को एक बैनर के तहत लाकर और समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करके खेल को फिर से परिभाषित करने के लीग के मिशन का प्रतीक है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास एक पुरुष और एक महिला टीम होगी। इस महीने की शुरुआत में, ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) ने इंडियन प्रीमियर कबड्डी लीग (आईपीकेएल) के साथ अपने विलय की घोषणा की, जिससे जीआई-पीकेएल का गठन हुआ। टीम की घोषणाओं के बारे में होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआइपीएसए) की अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश ने एक बयान में कहा, ''जीआई-पीकेएल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाता है। साथ ही कबड्डी को वैश्विक दर्शकों तक ले जाता है। एक बैनर के तहत पुरुष और महिला दोनों टीमों को पेश करके, हमारा उद्देश्य खेल में समानता, सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देना है।''

हमेशा से ही होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन कबड्डी के वैश्विक विकास को लेकर प्रतिबद्ध रहा है। 2023 में जीपीकेएल ने दुनिया भर में महिला कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इससे पहले, होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने सभी महाद्वीपों में खेल का विस्तार करने के लिए यूनाइटेड किंगडम स्थित विश्व कबड्डी निकाय के साथ भी 10 वर्ष के लिए करार किया था।

## आईपीएल से मिली थी नितीश कुमार रेड्डी को पहचान

एजेंसी, मुंबई

भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर नितीश कुमार रेड्डी आज जहां ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाकर चर्चाओं में हैं और टीम का भविष्य माने जा रहे हैं। नितीश ऐसे ही यहां तक नहीं पहुंचे। इससे पहले उन्होंने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सबका ध्यान खींचा था। उसके बाद ही उन्हें भारतीय टी20 टीम में भी जगह मिली थी। उन्होंने आईपीएल 2024 सत्र में 303 रन बनाए थे। नितीश की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। उन्होंने साल 2017-18 में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में आंध्र प्रदेश की ओर से तिहरा शतक लगाया था। उन्होंने 14 साल की उम्र में 345 गेंद खेलते हुए 441 रन बनाये थे। उन्होंने उस टूर्नामेंट में कुल 1237 रन 176.41 के जबरदस्त औसत से रन बनाए थे जो अभी तक एक रिकार्ड है। उन्हें बीसीसीआई की ओर से अंडर-16 क्रिकेटर ऑफ द सीजन अवार्ड भी मिला था। नितीश को बड़ी पहचान आईपीएल से ही मिली जहां उन्होंने 143 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।




## दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज खिताब जीतकर कोनेरू हम्पी ने रचा इतिहास

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की। उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। ऐसा करने वाली वे पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं।

2019 में मॉस्को में जीत के बाद यह इस प्रारूप में उनकी दूसरी खिताबी जीत है। चीन की जू वेनजुन के बाद हम्पी महिला वर्ग में एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5



अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक जीत थी। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल शतरंज विश्व चैंपियनशिप में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे।

## लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में हुई शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली

फरवरी 2025 में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित लीजेंड 90 लीग में नवीनतम फ्रेंचाइजी के रूप में दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। अनावरण के साथ ही टीम ने अपना लोगो भी लॉन्च किया है। कवच और ढाल से सजा दिल्ली रॉयल्स का आधिकारिक लोगो ताकत, दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और वीरता का सटीक चित्रण करता है।

दिल्ली रॉयल्स फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण उत्तर भारत के सबसे बड़े राजमार्ग ब्रांड मन्नत ग्रुप द्वारा किया गया है। मन्नत ग्रुप ने लीजेंड्स क्रिकेट लीग में दिल्ली रॉयल्स का अधिग्रहण करके खेल उद्योग में पहली बार कदम रखा है। अपने




लग्जरी हाइवे रेस्तरां, रिसॉर्ट्स और क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) के लिए जाना जाने वाला मन्नत अपने 11 आउटलेट्स पर प्रतिदिन 60,000 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। मन्नत ग्रुप जिस तरह से अपने व्यवसाय में अग्रणी है, ठीक उतना ही बड़ा नजरिया उसका खेलों को बढ़ावा देने को लेकर भी है। फ्रेंचाइजी के लॉन्च पर मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मंदीप मलिक ने कहा कि दिल्ली रॉयल्स राष्ट्रीय राजधानी के गौरव का प्रतीक है। हम एक ऐसी टीम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दृढ़ संकल्प के साथ अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित कर सकें। लीजेंड 90 लीग क्रिकेट के दिग्गजों को मैदान पर एक साथ लाने का एक शानदार मंच है और हम इसका हिस्सा बनकर बहुत रोमांचित हैं। मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादयान ने कहा कि मन्नत ग्रुप में हम युवाओं को प्रेरित कर उनके करियर को आगे बढ़ाने वाले अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं। ठीक उसी तरह दिल्ली रॉयल्स भी हमारे लिए सिर्फ टीम नहीं, बल्कि हमारा परिवार ही है। लीजेंड 90 लीग अपने अनूठे 90 गेंद प्रारूप के साथ प्रशंसकों के क्रिकेट अनुभव को परिभाषित करने को तैयार है। इसी महीने पूर्व भारतीय क्रिकेटर और स्पिनर हरभजन सिंह ने लीग के अनावरण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई थी। वह लीजेंड 90 लीग के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

## 2025 में कौन होगा आरसीबी का कप्तान?

एजेंसी, मुम्बई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट कोहली के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। दिग्गज स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है




कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा।

# रबी फसलों में एकीकृत पोषण प्रबंधन

रबी फसलों की भरपूर उपज पाने के लिए संतुलित खाद व उर्वरक का उपयोग अति आवश्यक है। इसके उपयोग से खेत की उपजाऊ शक्ति बनी रहती है तथा पौधों का विकास स्वस्थ एवं संतुलित होता है। संतुलित खाद का अर्थ है-



किसी स्थान विशेष की मिट्टी, फसल और वातावरण के आधार पर मुख्य पोषक तत्वों जैसे नत्रजन, स्फुर व पोटाश की उचित मात्रा का सही अनुपात में सही समय पर दिया जाना, जिससे अधिक से अधिक उत्पादन लिया जा सके। संतुलित खाद फसल में सही पोषक तत्व की उपलब्धता को सुनिश्चित करती है। एक तत्व की कमी दूसरे तत्व की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है। लगातार खेती करने एवं बार–बार विपुल उत्पादन वाली फसल लेने से भूमि में जैविक कार्बन की कमी आ जाती है। इस कमी को पूरा करने के लिए तथा जमीन की उर्वराशक्ति व स्वास्थ्य को बनाये रखने हेतु रसायनिक उर्वरकों के साथ जीवांश खादों जैसे गोबर खाद, कम्पोस्ट, मुर्गी की खाद एवं केचुएं की खाद आदि का प्रयोग करना ही एकीकृत पोषण प्रबंधन कहलाता है। जीवांश खाद के साथ जैव उर्वरकों का भी फसलों में प्रयोग लाभप्रद सिद्ध हुआ है। फसलें जैसे गेहूं, सरसों, लहसुन, प्याज में एजेटोवेक्टर व पी.एस.बी. की 5–5 ग्राम मात्रा प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। दलहनी फसलें जैसे चना, मटर, मसूर, मैथी आदि में राइजोबियम व पी.एस.बी कल्चर की 5–5 ग्राम मात्रा प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। इन जैव उर्वरकों को सड़ी हुई गोबर खाद में मिलाकर 5–10 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से भूमि उपचार भी कर सकते हैं। जैव उर्वरकों के प्रयोग के समय मिट्टी में पर्याप्त नहीं होनी चाहिए।



## विभिन्न फसलों में उर्वरक प्रबंधन

### गेहूं

यूरिया की कुल मात्रा को सिंचाई उपलब्धता अनुसार दो या तीन भागों में विभक्त कर दें। यूरिया की संपूर्ण मात्रा पुष्पन के पूर्व दें। डी.ए.पी. या एन.पी.के. 10:26:26 अथवा सिंगल सुपर फास्फेट व म्यूरेट ऑफ पोटाश की सम्पूर्ण मात्रा बोनी के समय दें। 1–2 सिंचाई की स्थिति में उर्वरकों की सम्पूर्ण मात्रा बोनी की समय दे सकते हैं।

### चना/मटर/मसूर



इन दलहनी फसलों में उर्वरकों की संपूर्ण मात्रा बोवनी के समय दें।

### सरसों

उर्वरक की मात्रा के अतिरिक्त 20 किलोग्राम सल्फर (गंधक) प्रति हेक्टेयर की दर से प्रदान करें। सरसों में यूरिया की कुल मात्रा को सिंचाई उपलब्धता के आधार पर 2–3 भागों में विभक्त कर देना श्रेयस्कर रहता है। डीएपी अथवा एनपीके 12:32:16 अथवा सिंगल सुपर फास्फेट व म्यूरेट ऑफ पोटाश की संपूर्ण मात्रा बोनी के समय दें।

### मैथी

उर्वरक मात्रा में से यूरिया की आधी मात्रा डीएपी, सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके 12:32:16 की पूर्ण मात्रा बोनी के `समय देनी चाहिए। यूरिया की एक चौथाई मात्रा बोनी से 30 दिन बाद व शेष एक चौथाई मात्रा फल आने पर कतारों के पास डालकर देते हैं।



### लहसुन/प्याज

इन मसाला फसलों में सल्फर 20 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से बोनी के समय प्रदान करें। यूरिया की कुल मात्रा को सिंचाई उपलब्धता अनुसार दो या तीन भागों में विभक्त कर दें। यूरिया की प्रथम मात्रा बोनी के समय, दूसरी बोनी के 25 दिन बाद एवं अंतिम 50 दिन बाद दें। बोनी के 60 दिन बाद किसी भी प्रकार के नत्रजन उर्वरक का प्रयोग नहीं करें। डीएपी अथवा एनपीके 12:32:16 अथवा सिंगल फास्फेट व म्यूरेट ऑफ पोटाश की संपूर्ण मात्रा बोनी के समय दें।



### टमाटर

यूरिया की कुल मात्रा को सिंचाई उपलब्धता अनुसार दो या तीन भागों में विभक्त कर दें। यूरिया की प्रथम मात्रा रोपण के समय, दूसरी रोपण के 25 दिन बाद एवं अंतिम 50 दिन बाद दें। डीएपी अथवा एनपीके 12:32:16 अथवा सिंगल सुपर फास्फेट व म्यूरेट आफ पोटाश की संपूर्ण मात्रा बोनी के समय दें। टमाटर में बोरेक्स पावडर 1 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर या 230 ग्राम प्रति बीघा की दर से प्रयुक्त करने पर फल फटने की समस्या कम आती है।



# आवश्यक है रबी फसलों की कीटों से सुरक्षा



प्रदेश में रबी में खाद्यान्न फसलों में मुख्य रूप से गेहूं, दलहनों में चना, मटर, मसूर तथा तिलहन फसलों में अलसी, सरसों, राई, तोरिया एवं कुसुम–करडी की फसलें लगायी जाती हं। इन फसलों पर प्रमुखतः भूमिगत, बेधक, पत्ती एवं फली भक्षक तथा रस चूसक कीटों का आक्रमण होता है, ये कीट विभिन्न परिस्थितियों में 10 से 15 प्रतिशत तक उपज कम कर देते हैं। इन कीटों का यथा समय उचित नियंत्रण कर फसलों के उत्पादन में सार्थक वृद्धि अर्जित की जा सकती है।

## भूमिगत कीट

भूमिगत कीटों में दीमक एवं कटुआ इल्ली का आक्रमण रबी की कई फसलों पर हो सकता है, परंतु दीमक का प्रकोप प्रमुखतः हल्की भूमि अथवा असिंचित गेहूं की फसल में तथा कटुआ इल्ली का प्रकोप चने की फसल पर होता है। दीमक हल्के भूरे रंग की होती है और पौधों की जड़ों को काटकर क्षतिग्रस्त कर देती हैं। इससे प्रभावित पौधे सूख जाते हैं और उन्हें खींचने पर वे आसानी से उखड़ जाते हैं।

काली – भूरी एवं मुलायम कटुआ इल्ली दिन के समय मिट्टी के ढेलों के नीचे छिपी रहती है और रात्रि में पौधों को भूमि की सतह के समीप से काट देती है। इस कीट के आक्रमण की सुनिश्चितता सुबह के समय खेत का भ्रमण कर





कटी हुई शाखाएं एवं पत्तियों को देखकर की जा सकती है। फल लगने के पश्चात् खेतों में लगातार कर्षण क्रियायें एवं सिंचाई व्यवस्था बनायी रखी जा सके तो इन भूमिगत कीटों द्वारा क्षति की कम संभावना होती है। ऐसा ही देखा गया है कि दीमक का प्रकोप कच्ची गोबर की खाद के उपयोग से कई खेतों में पहुंचा है। उन खेतों में जहां सामान्यतः दीमक का प्रकोप होता है। बुवाई के पूर्व बीज को उपचारित कर लेना बेहतर होता है।

यह कार्य क्लोरोपायरीफास तरल दवा की 4 मि.ली. प्रति कि.ग्रा. बीज दर के मान से किया जा सकता है। क्लोरोपायरीफास चूर्ण 25 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के पूर्व भूमि में मिलाकर भी इसकी रोकथाम की जा सकती है। खड़ी फसल में दीमक का प्रकोप होने पर क्लोरोपायरीफास

तरल दवा 1.25 लीटर प्रति हेक्टेयर को सिंचाई के पानी के साथ उपयोग करें। कटुआ इल्ली के लिये क्लोरो–पायरीफास चूर्ण भूमि में मिलायें अथवा फसल पर इसका भुरकाव करें। खेत में शाम के समय जगह–जगह घास के ढेर रखना तथा सुबह उनमें एकत्रित कटुआ इल्लियों के साथ उन्हें नष्ट करना तथा इल्लियों का एक खेत से दूसरे खेत जाना गहरी खाईयां बनाकर भी रोका जा सकता है।





# आया मौसम गाजर, मूली, शलजम का

गाजर, मूली और शलजम की खेती खरीफ फसल की कटाई के बाद बोई जाने वाली जड़ वाली सब्जियां हैं जिनको सामान्यतः सब्जी पकाकर, अचार बनाकर एवं कच्चा सलाद के रूप में उपयोग किया जाता है। इनकी उन्नत खेती कर कम समय में उत्तम गुणवत्ता वाली उपज प्राप्त कर अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### भूमि की तैयारी

खरीफ़ की फसल कटाई के बाद दो-तीन गहरी जुताई कर भुरभुरा बनावें तथा पाटा चला कर समतल कर लें नमी की कमी हो तो पलेवा कर नमी युक्त बनावें।

**बुवाई समय** – देशी जातियों का उपयुक्त समय अगस्त से सितम्बर तथा यूरोपियन (विलायती) किस्मों की बुबाई के लिए अक्टूबर से नवम्बर माह होता है।

**बीज की मात्रा एवं बुवाई विधि** –बीज प्रति हेक्टर गाजर का 5-6 किलोग्राम, मूली का 7-8 किलोग्राम तथा शलजम का 5-6 किलोग्राम की आवश्यकता होती है। बीज को मेढ़ बनाकर मेढों की ऊपरी शिखर पर 2-3 सेमी की गहराई पर करना चाहिए। तथा मेढ़ों की दूरी 30-45 सेंटीमीटर तथा पौधे से पौधे की दूरी 6-8 सेंटीमीटर पर्याप्त होती है।

### सिंचाई

मौसम एवं मिट्टी की किस्म के अनुसार 20 दिन के अंतर पर सिंचाई करें। बुवाई समय पर्याप्त नमी हो परन्तु उचित अंकुरण एवं बढवार के लिए प्रथम सिंचाई देरी से करें।

### निराई गुड़ाई

बुवाई के 15 दिन तथा 30 दिन पर गुड़ाई करें जिससे खरपतवार नष्ट होगें तथा वायुसंचार अच्छा होने से जड़ों की बढवार अच्छी होगी।

### उन्नत किस्में

शलजम, मूली एवं गाजर की कुछ किस्में देशी होती हैं तथा कुछ यूरोपियन (विलायती)होती हैं।

### खुदाई

खुदाई मुलायम अवस्था में करें तथा खुदाई के 4-5 दिन पहले सिंचाई बंद कर दें। जिससे जड़े खुदाई में आसानी होती है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024





# जुनैद-खुशी की लवयापा 7 फरवरी को होगी रिलीज

**आमिर खान के बेटे जुनैद खान और खुशी कपूर एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए तैयार हैं। इस साल की शुरुआत में सितंबर में आधिकारिक घोषणा की गई थी। और आज, निर्माताओं ने अद्वैत चंदन की निर्देशित फिल्म का नाम लवयापा घोषित किया है जो 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। सोशल मीडिया पर इस घोषणा के बाद फैंस का उत्साह काफी बढ़ गया है।**

### जुनैद-खुशी के फिल्म का टाइटल रिवील

खुशी कपूर ने आज यानी 26 दिसंबर तो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जुनैद खान के साथ अपनी अगली फिल्म का टाइटल रिवील किया है। अद्वैत चंदन की निर्देशित इस फिल्म का नाम लवयापा है। मेकर्स ने टाइटल की घोषणा करते हुए उसके कैप्शन में लिखा, सिचवेशन शिप? रिलेशनशिप? लव का सियापा? या लवयापा। 7 फरवरी को आपसे सिनेमाघरों में होगी मुलाकात।

### सोशल मीडिया पर मिली यह प्रतिक्रिया

घोषणा के तुरंत बाद, कई इंटरनेट यूजर्स ने फिल्म के बारे में अपनी उत्सुकता जाहर करते हुए कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा, वाह, जुनैद की एक और फिल्म आने वाली है। देखने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे यूजर ने लिखा, यह काफी अच्छा लग रहा है। फिल्म का टाइटल भी काफी अलग है। जबकि एक और यूजर ने लिखा, जुनैद वाकई एक अच्छे अभिनेता हैं। अभिनय उन्होंने अपने पिता से विरासत में ली है। एक बार फिर उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हूं।

### हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी फिल्म

मालूम हो कि इस साल की शुरुआत में सितंबर में निर्माताओं ने फिल्म के बारे में आधिकारिक घोषणा की थी । उस समय, निर्माताओं ने एक विशेष पोस्ट साझा की थी, जिसमें एनिमेटेड पुरुष और महिला नायक थे। एक तरफ जहां लड़की को अपने फोन पर सेल्फी क्लिक करते हुए देखा गया था। आगे बताया गया था कि फिल्म प्यार, पसंद के बीच की हर चीज के बारे में है। यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी।



# अर्जुन कपूर के मैं सिंगल हूं बयान पर मलाइका ने तोड़ी चुप्पी

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर कई साल रिलेशनशिप में रहे। दोनों के प्यार के चर्चे मीडिय की सुर्खियां बने। दोनों की बॉन्डिंग और प्यार देख फैंस इनकी शादी के कयास लगा ही रहे थे कि खबरें ब्रेकअप की आ गईं। दोनों की राहें अब जुदा हैं। फिल्म सिंघम 3 के प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर अपना रिलेशनशिप स्टेटस स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, मैं अब सिंगल हूं। एक्टर की इस टिप्पणी पर हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने प्रतिक्रिया दी है।

### बोलीं- ये उनकी समझ है

मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के खुद को सिंगल बताने के कमेंट पर रिएक्ट किया है। अभिनेत्री ने कहा कि वे अपनी निजी जिंदगी के कुछ पहलुओं को निजी रखना पसंद करती हैं। मलाइका ने ई-टाइम्स के साथ बातचीत में यह कहा। मलाइका ने कहा, मैं अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करने के लिए कभी भी पब्लिक प्लेटफॉर्म नहीं चुनूंगी। अर्जुन ने जो भी कहा, वह उनकी समझ है। उनका विशेषाधिकार है।


### जिंदगी में आगे बढ़ने की दी सीख

मलाइका अरोड़ा ने अपनी जिंदगी की पिछली चुनौतियों का भी जिक्र किया। हालांकि, आने वाले वक्त के लिए वे सकारात्मक रुख अपनाए दिखीं। मलाइका ने कहा कि यह सभी के लिए आगे बढ़ने और नए साल को अपनाने का समय है। जिंदगी में उनके लिए नए सिरे से शुरुआत के संकेत हैं।

### मलाइका ने शुरू किया नया रेस्तरां

अर्जुन कपूर नवंबर में रिलीज हुई फिल्म सिंघम 3 में नेगेटिव रोल में नजर आए। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान वे दिल्ली के एक इवेंट में शामिल हुए। उन्हें देखकर लोगों ने मलाइका का नाम लेना शुरू कर दिया। इस पर अर्जुन कपूर ने कहा था, नहीं अब मैं सिंगल हूं, रिलैक्स करो। यूं तो दोनों के ब्रेकअप की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। लेकिन, अर्जुन कपूर के इस बयान के बाद दोनों का ब्रेकअप कंफर्म हो गया था। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में मुंबई के बांद्रा में अपना नया रेस्तरां शुरू किया है।

# रवीना टंडन की बेटी राशा ने सोलो फोटो से किया इंकार? जल्द रिलीज होगी डेब्यू फिल्म



बाकी स्टार किड्स की तरह रवीना टंडन की बेटी राशा भी बॉलीवुड में कदम रखने वाली है। वह अकसर ही अपनी मां रवीना टंडन के साथ सोशल इवेंट्स पर नजर आती हैं। हाल ही में मां-बेटी को साथ देखा गया। जहां राशा, पैपराजी को सोलो फोटो ना देने की बात कहती हैं। जब पैपराजी ने राशा थडानी से सोलो फोटो के लिए पोज करने को कहा तो, यंग एक्ट्रेस ने कहा कि मम्मी साथ में है तो वह सोलो फोटो कैसे दे सकती है। ऐसे में रवीना टंडन ने राशा को सोलो फोटो देने को कहा। खुद रवीना टंडन कार में बैठ गई। इसके बाद राशा ने सोलो फोटो के लिए पोज दिए। वह जल्द से सोलो फोटो खिंचवाकर मम्मी के साथ कार में बैठ गई।

### फिल्म 'आजाद' है डेब्यू फिल्म

जल्द ही राशा थडानी की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'आजाद' रिलीज होगी। फिल्म में वह एक अमीर लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। इसमें वह अमन देवगन की हीरोइन बनी हैं। साथ ही फिल्म में अजय देवगन भी एक अहम रोल निभाते हुए दिखेंगे। इस फिल्म को अभिषेक कपूर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म का बैकग्राउंड आजादी से पहले का नजर आता है। 'आजाद' एक एक्शन, एडवेंजर ड्रामा फिल्म है।


### फिल्म का प्रमोशन भी कर रही हैं

इन दिनों राशा थडानी और अमन देवगन को फिल्म 'आजाद' का प्रमोशन करते हुए भी देखा जा रहा है। पिछले दिनों दोनों एक्टर बनारस में नजर आए थे।

# बेटी दुआ को छोड़ शूटिंग पर लौटेंगी दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण ने कल्कि 2898 एडी में प्रभास के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी, जो फिल्म सुपरहिट रही। कल्कि 2 का एलान हो चुका है, दूसरे भाग में दीपिका की भूमिका भी होगी। फिल्म की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होगी। हाल ही में दीपिका ने रणवीर के साथ पहले बच्चे के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया, जिसके बाद से वह ब्रेक पर है। हाल ही में दुआ पादुकोण सिंह को मीडिया से मिलवाने के लिए दोनों ने एक समारोह आयोजित किया, जिसमें उन्होंने कल्कि 2 के बारे में बात की। इस दौरान दीपिका ने खुलासा किया कि वे बेटी दुआ को खुद पाल-पोष के बड़ा करना चाहती हैं, कोई नैनी नहीं रखना चाहतीं। ऐसे में उन्होंने कहा कि कल्कि 2 की शूटिंग के लिए वह इंतजार कर सकती हैं, लेकिन दुआ उनकी प्राथमिकता हैं।




# रणवीर सिंह-आर माधवन की एक्शन फिल्म धुरंधर पर सामने आया अपडेट

निर्देशक आदित्य धर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे हैं। फिल्म एक्शन से भरपूर है। अब इससे जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इसका टाइटल लीक हो गया है। दरअसल, इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। इसकी जानकारी एक्टर राकेश बेदी ने साझा की। इसके साथ उन्होंने केक कटिंग की फोटो भी पोस्ट की, जिसमें फिल्म का टाइटल लिखा है।

### क्या है आगामी फिल्म का नाम?

आदित्य धर की एक्शन से भरपूर इस फिल्म का नाम है धुरंधर। केक पर यही नाम लिखा है। साथ ही शूटिंग पूरी होने की जानकारी भी साथ है। केक पर रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल की तस्वीरें भी है। अमृतसर में इस फिल्म की शूटिंग करीब एक महीने तक चली।

### अगले साल परदे पर आएगी फिल्म

एक्टर राकेश बेदी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कस्टम केक की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, फिल्म धुरंधर का अमृतसर का महीनेभर का शेड्यूल पूरा हो गया है। इस फिल्म को आदित्य धर प्रोड्यूसर कर रहे हैं और निर्देशन भी वही कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह है।

### हाल ही में किए स्वर्ण मंदिर के दर्शन

हाल ही में अमृतसर शूट के दौरान फिल्म की स्टारकास्ट स्वर्ण मंदिर के दर्शन करने भी पहुंची थी। इस दौरान फिल्म के निर्देशक आदित्य धर, यामी गौतम अपने बेटे वेदाविद के साथ नजर आए। साथ में संजय दत्त और रणवीर सिंह भी स्वर्ण मंदिर माथा टेकने पहुंचे। इस फिल्म में यामी गौतम के भी अहम रोल में होने की खबर है।

# ब्रेस्ट कैंसर से जंग के बीच हिना खान करेंगी टीवी पर नई पारी की शुरुआत? गृहलक्ष्मी में आएंगी नजर

टीवी अभिनेत्री हिना खान, जो वर्तमान में स्तन कैंसर से लड़ रही हैं, गृहलक्ष्मी के साथ पर्दे पर एक वापसी कर रही हैं। कैंसर से चल रही लड़ाई के बावजूद, हिना ने आगे बढ़ने का फैसला किया है।

गृहलक्ष्मी लचीलापन, अस्तित्व और व्यक्तिगत परिवर्तन की एक आकर्षक कहानी बताती है। यह ड्रामा एपिक ऑन पर स्ट्रीम होगा। इस सीरियल में शक्ति और अस्तित्व के इर्द-गिर्द की मनोरंजक कहानी दिखाई जाएगी। हिना के अलावा चंकी पांडे, राहुल देव और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी नजर आएंगे। शो के निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है।

एक भावपूर्ण पोस्ट में, ये रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री ने लिखा, मेरे निदान के बाद मेरा पहला कार्य असाइनमेंट। बात पर अमल करना चुनौतीपूर्ण है, खासकर जब जीवन की सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, बुरे दिनों में खुद को आराम दें। यह ठीक है... आप इसके लायक हैं। हालांकि, अच्छे दिनों में अपना जीवन जीना न भूलें, चाहे वे कितने भी कम क्यों न हों। ये दिन अभी भी महत्वपूर्ण हैं। बदलाव को स्वीकार करें, अंतर को अपनाएं और इसे सामान्य बनाएं।

कैंसर से जंग जारी

28 जून को हिना खान ने पुष्टि की कि उन्हें स्टेज तीन ब्रेस्ट कैंसर है। अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने एक नोट शेयर किया, जिसमें लिखा था, सभी को नमस्कार, हाल ही में आई अफवाह को संबोधित करते हुए, मैं सभी हिनाहोलिक्स और उन सभी लोगों के साथ कुछ महत्वपूर्ण समाचार साझा करना चाहती हूं, जो मुझसे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज तीन ब्रेस्ट कैंसर है। इस चुनौतीपूर्ण निदान के बावजूद, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मैं इस बीमारी पर काबू पाने के लिए मजबूत, दृढ़निश्चयी और पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उभरने के लिए हर जरूरी काम करने के लिए तैयार हूं।





# मैं नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी लगा रहा हूं, अपना बेस्ट दूंगा

फालतू, रंगरेज, मित्रों और अन्य फिल्मों से अपनी पहचान बनाने वाले जैकी भगनानी ने कहा है कि जमीन से जुड़े रहने और आशावादी बने रहने के लिए वो लोगों में अच्छाई देखना पसंद करते हैं।

कलयुग अंधकार का युग है

एक्टर ने पौराणिक कथाओं का हवाला देते हुए दुनिया में हो रही घटनाओं की तुलना कलयुग से की। उन्होंने दर्शकों को याद दिलाया कि कलयुग अंधकार का युग है, जब दुनिया में दर्द, दुख, झगड़े और पाखंड हावी होते हैं।

यह आप पर है कि आप ग्लास को आधा खाली या आधा भरा देखना चाहते हैं

उन्होंने कहा, जीवन के हर क्षेत्र में अच्छाई और बुराई एक साथ मौजूद है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप ग्लास को आधा खाली या आधा भरा हुआ देखना चाहते हैं, क्योंकि दोनों ही वास्तविकताएं हैं। अगर आप स्कीइंग कर रहे हैं और लगातार पेड़ों को देख रहे हैं तो आप उनसे टकरा जाएंगे। लेकिन अगर आप आगे के रास्ते पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप इसे आसानी से नेविगेट कर लेंगे।

### परिवार को असफलताओं के बाद उठते देखा है

जैकी के लिए इस वक्त जीवन का अधिकतम लाभ उठाना और बैरियर के बारे में न सोचना जीवन की चुनौतियों पर काबू पाने की कुंजी है। अपनी पर्सनल जर्नी पर बातें करते हुए, उन्होंने अपने परिवार को उनमें लचीलापन और आशावाद पैदा करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैंने अपने परिवार को असफलताओं के बाद उठते और जीतते देखा है। मैं लोगों में अच्छाई देखना चुनता हूं क्योंकि यह मुझे जमीन से जुड़ा रखता है। हर किसी की अपनी यात्रा होती है। मैं जागना चाहता हूं, दुनिया की सुंदरता देखना चाहता हूं। मैं इसी तरह अपना जीवन जीना चाहता हूं।

मैं नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी लगा रहा हूं

जब उनसे उनकी भविष्य की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो जैकी ने कहा, मैं नए प्रोजेक्ट्स की झड़ी लगा रहा हूं और नए साल में मैं इंडस्ट्री को अपना बेस्ट देना चाहूंगा, जिसने मुझे कई पॉजिटिव सबक सिखाए हैं।

### सोशल मीडिया धारणा को हकीकत में बदल देती है

इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया के दौर पर बात की थी। उन्होंने कहा कि समय के साथ सोशल मीडिया धारणा को हकीकत में बदल देती है।

# सूर्या की अगली फिल्म का नाम होगा रेट्रो

सूर्या और निर्देशक कार्तिक सुब्बराज की अगली फिल्म का नाम सामने आ गया है। इस फिल्म का नाम रेट्रो रखा गया है। इसमें सूर्या के साथ पूजा हेगड़े भी लीड रोल में दिखाई देगी। ये एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी रिलीज कर दिया है। यह टीजर सूर्या और पूजा के किरदार को बनारस के घाट के किनारे बैठे हुए दिखाता है। पूजा हल्के गुलाबी रंग की साड़ी में हैं, जबकि सूर्या इसमें काले कुर्ते में नजर आ रहे हैं। पूजा उनके हाथ में एक पवित्र धागा बांधती हैं। सूर्या उनकी आंखों में देखकर तमिल में कहते हैं... मैं अपने गुस्से पर काबू पाऊंगा। मैं अपने पिता के साथ काम करना छोड़ दूंगा। मेरे जीवन का उद्देश्य तुम्हारे शब्दों में प्रेम है। शुद्ध प्रेम। अब्ब बताओ क्या हमें शादी कर लेनी चाहिए? सूर्या को आखिरी बार फिल्म कंगुवा में देखा गया था।

